

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 16 फरवरी 2024 ■ माघ शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-318 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पीएम मोदी 20 को करेंगे आईआईटी का उद्घाटन



**दुर्ग,16 फरवरी।** लंबे इंतजार के बाद अब छत्तीसगढ़ में बने पहले आईआईटी का शुभारंभ होने वाला है. इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे. इसके लिए तारीख भी फाइनल हो गई है. इस संबंध में मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के सचिव ने पत्र भी भेज दिया है. पत्र के मुताबिक 20 फरवरी को पीएम मोदी आईआईटी का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे. लोकार्पण समारोह में सीएम विष्णु देव साय आईआईटी परिसर में मौजूद रहेंगे. आईआईटी भिलाई का कैंपस 358 एकड़ में बनाया गया है. पहले फेस में 878 करोड़ की लागत से कैंपस को तैयार किया गया है. जो कि अत्यधुनिक और इकोफ्रेंडली है. कैम्पस में क्लासरूम, हॉस्टल, लैब, सभागार, लाइब्रेरी, स्टाफ होस्टल, समेत सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं. वहीं इस सत्र से क्लास भी शुरू हो चुकी है. आईआईटी भिलाई में छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों के 700 स्टूडेंट्स वर्तमान में पढ़ रहे हैं.

### अमित शाह का 22 को छग प्रवास

**रायपुर,16 फरवरी।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा अपनी तैयारियों में जुट गई है। इसी कड़ी में भाजपा दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक के साथ लोकसभा चुनाव अभियान की तैयारियां शुरू करेगी। वहीं छत्तीसगढ़ में भी लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत होने वाली है। बता दें कि 22 फरवरी को अमित शाह छत्तीसगढ़ आ रहे है। इस दौरान वे क्लस्टर स्तरीय सभा और बैठक करेंगे। जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 फ़रवरी की सुबह जगदलपुर पहुंचेंगे। अपनी यात्रा के दौरान वे कोंडागांव में बस्तर क्लस्टर के सभी जिला पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। जिसके वाल गृह मंत्री जांजगीर चांपा में जनसभा को संबोधित करेंगे। और शाम को बिलासपुर में प्रबुद्ध जनों की संगोष्ठी को संबोधित करेंगे।

### 19 फरवरी को विधानसभा की कार्यवाही रहेगी स्थगित

**रायपुर, 16 फरवरी।** विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने आज सदन में घोषणा की कि 19 फरवरी को सत्र की कार्यवाही स्थगित रहेगी। विधानसभा में आज संसदीय मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में 17 व 18 फरवरी को आयोजित किया गया है। जिसमें मंत्री, विधायक, संगठन एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारियों को बुलाया गया है। इसलिए 19 फरवरी को सदन की कार्रवाई स्थगित की जाए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि संसदीय मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष कमरे में बैठकर इसका निराकरण कर सकते थे। सदन में इस पर चर्चा करना प्रासंगिक नहीं है। सदन में अजय चंद्राकर, धर्मजीत सिंह सहित अन्य भाजपा विधायकों ने भूपेश बघेल के कथन का विरोध किया।

### सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी का मुद्दा उठा

**रायपुर,16 फरवरी।** कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने आज प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में डाक्टर और मेडिकल स्टॉफ की कमी का मामला जोर शोर से उठाया। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र संजारी बालोद के जिला अस्पताल, मातृ शिशु अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिशु रोग,एनेस्थीसिया , स्त्री रोग विशेषज्ञ की कमी की जानकारी देते हुए रिक्त पदों पर भर्ती कब तक होगी यह जानना चाहा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वीकार किया कि प्रदेश में डॉक्टरों की कमी है लेकिन उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि अप्रैल महीने में कुछ पीजी डॉक्टरों की नियुक्ति हो रही है जिन्हें बालोद जिले में पदस्थापना दी जाएगी।

### सरगुजिहा-गोंडी में भी पढ़ाई की तैयारी

# एमए छत्तीसगढ़ी वालों को मिलेगी सरकारी नौकरी

मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 16 फरवरी।** शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज सदन में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की है। सदस्यों द्वारा शिक्षकों की कमी के संबंध में उठाए गए प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि एक वर्ष के भीतर व्याख्याताओं, प्रधान पाठकों, सहायक शिक्षकों की भर्ती कर दी जाएगी। छत्तीसगढ़ की राजभाषा छत्तीसगढ़ी भाषा में एमए छात्रों को नौकरी प्रदान की जाएगी। जर्जर एवं भवनविहीन शालाओं का भी निर्माण सीएसआर, डीएम फंड से कराया जाएगा। अध्यक्ष रमन सिंह ने बृजमोहन अग्रवाल को कहा कि आप सक्षम मंत्री हैं इसलिए इन समस्याओं का तत्काल निराकरण कराएं। विधानसभा में आज कुंवर सिंह निषाद के प्रश्न छत्तीसगढ़ राज्यभाषा पाठ्यक्रम का समावेश, लखेश्वर बघेल के मध्यान्ह भोजन एवं रिकेश सेन की अनुपस्थिति में शिक्षा विभाग में शिक्षकों की कमी के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए शिक्षा मंत्री ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। सरगुजा की उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा बलरामपुर जिले में जर्जर एवं भवनविहीन एवं अहाताविहीन शालाओं का मामला भी उठाए जाने पर उन्होंने राज्य शासन के विभिन्न मदों से इसे पूरा करने का आश्वासन दिया।

मध्यान्ह भोजन के लिए फंड की नहीं होगी कमी



**राष्ट्रीय शिक्षा नीति होगी छग में लागू**

छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री ने बड़ा ऐलान किया है। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है, कि अगले शिक्षा सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होगी। कॉलेज छात्राओं को ट्रैवल अलाउंस मिलेगा। बता दें कि कॉलेज छात्राओं को सालाना 6000 रुपए ट्रैवल अलाउंस मिलेगा। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सदन में जानकारी दी, कि छत्तीसगढ़ में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती होगी। मंत्री ने कहा कि अगले शिक्षा सत्र से पहले शिक्षकों की भर्ती की जाएगी।

विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा बस्तर के शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन को लेकर फंड की कमी के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह राशि केंद्र सरकार से आती है। इसलिए हमने निर्देश दिया है कि जिस किसी भी फंड में राशि होगी उससे मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जाएगा। रसोइयों के मानदेय एवं संस्थाओं को भी कुकिंग कॉस्ट का भुगतान भी शीघ्र कर दिया जाएगा।

### रामाराम व चित्रकोट महोत्सव के लिए दिए जाएंगे 15-15 लाख

**रायपुर,16 फरवरी।** विधानसभा में शुक्रवार को शासकीय मद से बस्तर में मेला-मड़ई के आयोजन का मुद्दा उठा. मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि बस्तर का दशहरा पूरे विश्व में अनूठा है. इसके लिए 35 लाख दी जाती है, लेकिन आने वाले समय में 50 लाख की राशि दी जाएगी. इसके अलावा रामाराम महोत्सव और चित्रकोट महोत्सव के लिए 15 लाख दिए जाएंगे. भाजपा विधायक किरण सिंहदेव ने सदन में सवाल किया कि बस्तर में कितने मेला मड़ई का आयोजन किया जाता है. इस पर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि भाजपा की पिछली सरकार में ही मेला मड़ई के लिए राशि देने की व्यवस्था की थी. चित्रकोट महोत्सव, रामाराम महोत्सव और दशहरा महोत्सव के लिए राशि उपलब्ध कराई जाती है.

इस पर किरण सिंहदेव ने मिल रही राशि को अपर्याप्त बताते हुए सवाल किया कि क्या सरकार अधिक राशि देगी. इस पर बृजमोहन अग्रवाल ने दशहरा महोत्सव के साथ रामाराम महोत्सव और चित्रकोट महोत्सव के लिए दी जाने वाली राशि में बढ़ोतरी की जानकारी देते हुए गोंचा पर्व के लिए भी 3 के स्थान पर 5 लाख की राशि देने की घोषणा की.

# बहुदलीय प्रणाली को बचाने कांग्रेस की न्यायपालिका से अपील

## कांग्रेस का खाता फ्रीज करने से नेता भड़के,फिर हुआ अनफ्रीज

**नई दिल्ली,16 फरवरी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को न्यायपालिका से भारत के लोकतंत्र की रक्षा के लिए देश में बहुदलीय प्रणाली को बचाने की अपील की। आयकर विभाग द्वारा सबसे पुरानी पार्टी के बैंक खातों को कथित तौर पर फ्रीज करने के बाद कांग्रेस प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। खड़गे ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर, मोदी सरकार ने लोक सभा चुनाव के ठीक पहले देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस - के एकाउंट फ्रीज कर दिए है। ये लोकतंत्र पर गहरा आघात है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगे कहा कि भाजपा ने जो असंवैधानिक धन इकट्ठा किया है, उसका इस्तेमाल वे चुनाव में करेंगे, लेकिन हमने क्राउडफंडिंग के जरिए जो पैसा इकट्ठा किया है, उसे सील कर दिया जाएगा। इसीलिए हमने कहा है कि भविष्य में कोई चुनाव नहीं होंगे ! उन्होंने लिखा कि हम न्यायपालिका से अपील करते हैं, कि इस देश में बहुदलीय प्रणाली को बचाएं और भारत के लोकतंत्र को सुरक्षित करें। हम सडकों पर उतरेंगे और इस अन्याय व तानाशाही के खि़लाफ़ पुरज़ोर तरह से लड़ेंगे। कांग्रेस पार्टी ने आयकर विभाग विभाग पर पार्टी के बैंक खाते फ्रीज करने का आरोप लगाया था। इसके बाद विवेक तन्खा का कहना कि इस पाबंदी को हटा ली गई है। राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि डरो मत मोदी जी, कांग्रेस धन की ताकत का नहीं, जन की ताकत का नाम है। हम तानाशाही के सामने न कभी झुके हैं, न झुकेंगे। भारत के लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर कांग्रेस कार्यकर्ता जी जान से लड़ेगा। इससे पहले कांग्रेस नेता अजय माकन ने खुलासा किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले पार्टी के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। उनके अनुसार, गुरुवार को सूचना मिली थी कि बैंक पार्टी द्वारा जारी चेक का भुगतान करने से इनकार कर रहे हैं। आगे की जांच करने पर पता चला कि यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते जब्त कर लिए गए हैं। इनकम टैक्स ने यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपये की वसूली मांगी। हमारे खातों में क्राउडफंडिंग का पैसा फ्रीज कर दिया गया है। चुनाव से ठीक 2 हफ्ते पहले जब विपक्ष के खाते फ्रीज कर दिए जाते हैं, तो यह लोकतंत्र को फ्रीज करने के बराबर है। अजय माकन ने



बताया कि हिंदुस्तान में लोकतंत्र पूरी तरह से खत्म हो चुका है। देश की मुख्य विपक्षी पार्टी के सारे अकाउंट्स फ्रीज कर दिए गए हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अकाउंट पर तालाबंदी कर दी गई है। ये कांग्रेस पार्टी के अकाउंट्स फ्रीज नहीं हुए, हमारे देश का लोकतंत्र फ्रीज हो गया है। उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास खर्च करने, बिजली बिल भरने, अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं। हर चीज पर असर पड़ेगा, सिर्फ न्याय यात्रा ही नहीं बल्कि सभी राजनीतिक गतिविधियों पर असर पड़ेगा।

# केमिकल फैक्ट्री में आग, 11की मौत,4 घायल

**नई दिल्ली,16 फरवरी।** दिल्ली में नरेला के भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र में एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई. इस घटना में 11 लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. मृतकों को पोस्टमॉर्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया है. वहीं चारों घायलों को राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. मृतक व्यक्तियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है. दिल्ली फायर सर्विसेज के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग गुरुवार शाम करीब 5ः25 बजे लगी थी. घटना की जानकारी के बाद मौके पर 6 फायर टेंडर भेजे गए. हमने 4 घंटे में आग पर काबू पा लिया था, लेकिन तब तक 11 लोगों की जान जा चुकी थी. मृतकों में सभी मजदूर हैं. ह्ष्छ्रक्र की टीम भी मौके पर मौजूद है। सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है. हमें 2 और लोगों के फंसे होने की आशंका है. फिलहाल, आग लगने की वजह का अभी तक पता नहीं चल सका है.आग लगने से 7 लोगों की मौत हो गई थी, जिसका आंकड़ा अब बढ़कर 11 हो गया है, वहीं 4 घायल भी हुए हैं। मृतकों को



बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया है और 4 घायलों को राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया है। मृतक व्यक्तियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाए जाने के बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान अभी तक 11 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। बाकी अंदर फंसे लोगों की तलाश जारी है। यहां गोदाम में आग लगते ही आस पास के रिहायशी इलाके में अफरातफरी मच गई। आस पास के लोग तुरंत वहां से भागकर अपनी जान बचाई।कुछ ही देर में आग ने भयावह रूप ले लिया और आस पास के पांच दुकानों और गाड़ियों को अपने चपेट में ले लिया। आग की चपेट आने से आसपास की पांच दुकानें जल गई हैं, चार से पांच घरों में भी भी आग फैल गई। घरों में मौजूद लोग समय रहते बाहर निकल गए। घरों में रहने वाले करीब तीन से चार लोग झुलस गए हैं। घायलों का इलाज नरेला के राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में चल रहा है। शवों को बाबू जगजीवन राम अस्पताल के शवगृह में भेज दिया गया है। आग के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। अभी भी सर्च आपरेशन जारी है। दमकल अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम 5.25 बजे पुलिस व दमकल विभाग को एच ब्लॉक दयाल मार्किट अलीपुर स्थित केमिकल गोदाम में आग लगने की जानकारी मिली। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की 22 गाड़ियों की मदद से दमकल कर्मियों ने तीन घंटे में आग पर काबू पा लिया। सर्च ऑपरेशन के दौरान तीन लोगों के शव यहां से निकाले गए हैं। बाकी अन्य की तलाश जारी है।

# बस्तर में पदस्थ पुलिसकर्मियों की सुविधाओं के लिए कार्ययोजना बनाकर करेंगे काम:गृहमंत्री

रायपुर,16 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस्तर में लंबे समय से काम कर रहे पुलिसकर्मियों को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि ऐसे पुलिसकर्मियों के लिए एक कार्ययोजना और प्रक्रिया बनाकर काम करेंगे.

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सुदूर वनांचल के गांवों तक सभी योजनाएं पहुंचनी चाहिए, इसलिए सरकार ने बस्तर के कोने-कोने तक विकास की गंगा पहुंचाने का फैसला लिया है. जहां-जहां भी कैम्प खुलेंगे वहां विभिन्न योजनाओं का फायदा दिया जाएगा. 11 कैम्प पूर्णतः स्थापित हो चुका है, उसके आसपास योजना का फायदा मिलेगा. विकास के लिए हर स्तर पर चर्चा और वार्ता के लिए विष्णुदेव सरकार तैयार है. विकास के लिए जो भी बाधा होगी, उसे हटाएंगे. गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर के सुदूर अंचल में व्यक्ति बीमार होता है, तो बेहतर इलाज की अपेक्षा होती है. साथ ही साथ शिक्षा गांव तक पहुंचे. हर गांव में यह चाहते कि रात में लाइट जलनी चाहिए. जो सुविधाएं शहर में होती है, वह सुदूर वनांचल बस्तर के गांव में पहुंचनी चाहिए. यह बस्तर के लोग चाहते हैं. मैं लोगों से मिलकर आया हूं. इसलिए क्यों उनकी विकास को रोका जाए, बस्तर के गांव में पहुंचने वाले विकास को क्यों रोका जाए.



विजय शर्मा ने कहा कि विष्णु देव सरकार ने निर्णय लिया है, बस्तर के कोने-कोने तक विकास पहुंचेगी. इसलिए योजना लाई गई है. इस योजना में जहां भी कैंप लगेगा, वहां योजना को इंप्लीमेंट किया जाएगा. सभी के लिए फ्री राशन की आवश्यकता करना, पीएम आवास देना, जल की व्यवस्था करना, सड़क बनाना, फ्री में सिलेंडर देना, जो-जो काम है, सभी गांव में किया जाएगा. सरकार बनने के बाद 11 कैंप स्थापित हो गए हैं. नक्सलियों के एक्टिव होने और केंद्र से एक्स्ट्रा फोर्स मांगने पर कहा गृह मंत्री ने कहा कि अमित शाह का आना हुआ था, उन्होंने कार्ययोजना बना रखी है. चर्चा जो चाहे करें, वार्ता जो चाहे करें. बस्तर की विकास की चिंता जिसको भी है, हम बातचीत के लिए तैयार हैं. जो अधिकार है, वनांचल के लोगों को संरक्षित करते हुए होगा. लेकिन विकास होगा. विकास की गंगा बहेगी, और जो भी अवरोध होगा जो भी बाधक होंगे उन सारी बढ़ाओ को हटाएंगे.

# मच्छर भगाने वाले क्वाइल से घर में आग,वर्गीस दंपती की मौत

भिलाई,16 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

जामुल थाना क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र से लगे फौजी नगर में आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। मच्छर भगाने वाली क्वाइल के कारण लगी आग पूरे घर में फैल गई और चारों ओर धुआं-धुआं हो गया। खिड़कियां बंद रहने और वेंटिलेटर नहीं होने से घर के कमरे में सो रहे बुजुर्ग पति- पत्नी की दम घुटने से मौत हो गई। घर के कमरे से धुआं निकलते देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया और अंदर गए तो देखा कि पति-पत्नी बेहोश पड़े थे। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है छावनी सीएसपी आशीष बंछोर ने बताया कि फौजी नगर निवासी चेरियन वर्गीस ( 68 वर्ष ) व जॉली वर्गीस ( 65 वर्ष ) के घर पर शुक्रवार की अलसुबह अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब अग्निशमन व पुलिस की टीम घर के भीतर पहुंची तो बुजुर्ग दंपति बेहोश पड़े थे। दोनों को स्पर्श हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



पुलिस के अनुसार बुजुर्ग दंपत्ति घर पर अकेले रहते थे। इनके तीन बच्चे हैं सभी बाहर रहते हैं। एक बेटा रायपुर में काम करता है और एक बेटा बेंगलुरु में और बेटी नोएड़ा में रहती है। पुलिस ने आशंका जताई है कि घर में आग मच्छर भगाने वाले क्वाइल के कारण लगी है। क्वाइल से पहले कागज जला और उसके बाद अलमारी जल गई और धीरे धीरे आग पूरे घर में फैलती चली गई। बुजुर्ग दंपति आग से तो नहीं झुलसे लेकिन धुंआ भर जाने से दम घुटने के कारण इनकी मौत हो गई। पुलिस ने फिलहाल इनके बेटे को सूचना दे दी है। वहीं आगे की जांच की जा रही है।

# सुशासन और राम राज्य लाने का काम जारी : साय

रायपुर,16 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज वनबंधु परिषद रायपुर चेप्टर और महिला के एकल अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए. कार्यक्रम राजधानी के महेश्वरी भवन में हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में वनबंधु पहुंचे हैं. कार्यक्रम में वार्षिकोउत्सव, दानदाता और सेवावर्ती कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा. इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछली सकरार ने 5 साल में प्रदेश में जो भ्रष्टाचार किया उसे रोकने का काम हमारी सरकार ने किया है. एक सुशासन और राम राज्य लाने का काम हम कर रहे हैं.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम साय ने कहा कि एकल अभियान के लोगों ने शिक्षा को गांव-गांव तक पहुंचाया है. विधानसभा चुनाव 2023 के पहले एकल अभियान की ओर से मतदाता जागरण का काम पूरे प्रदेश में किया गया है. एक-एक घर में लोगों से मिलकर बताया की किस तरह से राष्ट्र का निर्माण हो सकता है. आप लोगों ने मतदाता जागरूकता के प्रति लोगों को जागरूक किया है. भाजपा को 54 सीट मिला है. 46 प्रतिशत से ज्यादा सीट प्रतिशत रहा है. इसमें एकल परिवार का भी बड़ा सहयोग है.

भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या धाम जो हमारे भाचा राम के हैं, 500 सालों के संघर्ष के बाद सौभाग्य से हमको मिला है. हम माता कौशल्या की धरती वाले हैं. जब भगवान राम प्रतिष्ठित हुए तो हमने खुशियां मनाई. सबके सहयोग से यहां से 11 ट्रक सुगंधित चावल भेजा गया है. यहां से 100 से ज्यादा डॉक्टर गए हैं. हमारे 5 संस्थान चलाने वाले राशन भी भेजे गए हैं और भगवान राम के भक्तों को भोजन करवा रहे हैं. अलग-अलग तरीके से खुशियां मना रहे हैं. सबको हरी झड़ी दिखाकर हमको अवसर मिला है. पहली ट्रेन दुर्ग से गई और दूसरी ट्रेन रायपुर से गई है. एक गांव के छोटे से छोटे कार्यकर्ता को सीएम का दायित्व मिला है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी दुनिया में सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है. उन्होंने वादा किया था यह सरकार बनने के बाद राम राज आएगा. आज मोदी की गारंटी जो पार्टी का संकल्प पत्र है, हमारी सरकार उनकी गारेंटी पूरी करने लग गई है. साय ने कहा कि आचार संहिता लगने के पहले किसानों के खाते में एकमुश्त राशि भेज देंगे. मार्च महीने से महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में 12 हजार रुपये की दर से हर महीना एक हजार रुपये पैसा जाना शुरू हो जाएगा. बीमा योजना शुरू होगा, 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का काम करेंगे, 5 साल में प्रदेश में भ्रष्ट सरकार के भ्रष्टाचार को रोकने का काम हमारी सरकार ने किया है. उन्होंने कहा, आज कितने लोग जेल के अंदर हैं, उनको बेल भी नहीं मिल रही है. एक सुशासन और राम राज्य लाने का काम हम कर रहे हैं.

अच्छा गांव योजना को लेकर सीएम विष्णुदेव ने कहा, आपका अच्छा गांव योजना कल हमने विधानसभा में शुरू की है. बस्तर के 5 जिलों के लिए यह योजना शुरू की गई है. 14 पुलिस कैंप खुले हैं. जितने भी गांव उस कैंप के अंदर आएगी वहां लोगों को सुविधा मिलेगी. 14 हजार घरों में बिजली नहीं पहुंचा है, वहां बिजली पहुंचाने का काम हमारी सरकार करेगी.

# सुकमा-बीजापुर नक्सलियों का जाफना : कवासी

रायपुर,16 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट अनुदान माँगो पर चर्चा करते हुए घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा के कोंटा विधानसभा से विधायक कवासी लखमा



ने सुकमा बीजापुर को नक्सलियों का जाफना करार देते हुए सदन में सरकार से कहा है कि, सीआरपीएफ वहाँ रह कर सड़कों को खड़े होकर बनवाए,सड़क बनते ही नक्सली अपने आप कमजोर हो जाएँगे। विधायक कवासी लखमा ने यह भी स्पष्ट तौर पर कहा है कि, विषय ग्रामीणों के नुक़सान का होता है तो हम खड़े होते हैं, हम नक्सलियों का सपोर्ट नहीं करते। सदन में विधायक कवासी लखमा ने सुकमा पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए यह भी कहा है कि, बीते दस तारीख़ को सामाजिक कार्यक्रम भूमकाल में उनकी और अन्य अतिथियों की जान बाल बाल बची है क्योंकि उस सामाजिक कार्यक्रम में नक्सली मौजूद थे और नाच रहे थे।

कोंटा विधायक कवासी लखमा ने सदन में कहा है कि वहाँ सीआरपीएफ कैंप तो खुल ही रहे हैं सड़क भी बने तो नक्सली कमजोर हो जाएँगे। कवासी ने सदन में कहा -÷नक्सलियो से बग़ैर सड़क के लड़ नहीं सकते। नक्सलियों को वहाँ की भौगोलिक स्थिति के बारे में पहले से पता है। सड़क बनने से नक्सलाईट अपने आप कमजोर हो जाएँगे। वहाँ जितनी भी सड़क बनती है पुलिस बनाती है।सीआरपीएफ नहीं रहेगी तो सड़क ही नहीं बनेगी। सीआरपीएफ रहे, कैंप के साथ सड़क बनाइए तो नक्सली को कहीं से भी जाकर पकड़ लेंगे।

कोंटा विधायक कवासी लखमा ने कहा है कि, जैसे श्रीलंका में जाफना है वैसे ही बीजापुर और सुकमा हिंदुस्तान का जाफना है। कवासी लखमा ने कहा- श्रीलंका में आतंकवादियों का जिला जाफना है।हमारे हिंदुस्तान में नक्सलाईटों का ज़िला यदि कोई है तो वह सुकमा और बीजापुर है। यह हमारे हिंदुस्तान का जाफना है। कोंटा विधायक कवासी लखमा ने कहा है कि विवाद तब होता है जबकि गाँव वालों का नुक़सान होता है। नक्सलियों का कोई सपोर्ट नहीं। कवासी ने कहा-अगर गाँव वालों का नुक़सान होता है, तो हम लोगों को मजबूर होकर खड़ा होना पड़ता है और थाना घेराव करना पड़ता है। यदि वह आदिवासी सुरक्षित रहेंगे, गाँव वाले सुरक्षित रहेंगे तो किसी को कोई दिक़्क़त नहीं है।हमारा कोई मन नहीं कि, नक्सलियों का सपोर्ट हो।

कोंटा विधायक कवासी लखमा ने सुकमा पुलिस पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। कवासी लखमा ने बीते दस तारीख़ को भूमकाल कार्यक्रम का सदन में उल्लेख करते हुए कहा कि, उनके साथ कई और महत्वपूर्ण राजनीतिक व्यक्ति वहाँ थे, और वहाँ नक्सली नाच रहे थे। कवासी लखमा ने कहा - मैं अभी 10 तारीख़ को भूमकाल में गया था। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष जगदलपुर विधायक,मंत्री केदार कश्यप, दंतेवाड़ा विधायक, मनीष कुंजाम भी गए थे। इन लोगों के जाने के बाद मैंने कहा मैं बाद में आउंगा, मैं वहाँ ढोल में नाचूँगा कहकर रुक गया।वहीं भीड़ में आकर नक्सलाईट नाच रहे थे।कहीं न कहीं पुलिस कमजोर है। उस दिन हम लोग बचे हैं, ऐसी लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# अब नहीं चलेगा ये सब, चलिए भरिए 5 लाख जुर्माना

## कोर्टरूम में वकील पर भड़के सीजेआई

**नई दिल्ली,16 फरवरी।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ आज फिर एक वकील पर भड़क उठे और सुनवाई के दौरान ना सिर्फ वकील द्वारा दायर जनहित याचिका खारिज कर दी बल्कि उस पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाने की भी बात कह दी। इतना ही नहीं, सीजेआई ने कोर्टरूम में ही कह दिया कि आप किसी प्राइवेट पार्टी के इशारे पर ये सब कर रहे हैं।



सीजेआई ने याचिकाकर्ता वकील पर भड़कते हुए कहा कि जनहित याचिका का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप निर्यात प्रोत्साहन क्षेत्र में प्रक्रिया आदि की पुस्तिका को चुनौती दे रहे हैं और यह सब किसी प्राइवेट पार्टी के इशारे पर किया जा रहा है। सीजेआई ने कहा कि अब ये सब नहीं चलेगा और हम आप पर पांच लाख रुपये का नोटिस भेज रहे हैं।

बार एंड बेंच के मुताबिक, इस पर जब बचाव में वकील ने तर्क देना चाहा तो सीजेआई ने कहा कि आप बहस करने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन हम आपको पांच लाख रुपये का नोटिस देंगे,क्योंकि आपने ये सब एक निजी कंपनी के कहने पर किया है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि आप निर्यात प्रोत्साहन क्षेत्र की प्रक्रिया पुस्तिका के अध्याय 25 को चुनौती दे रहे हैं। इसके बाद वकील ने सीजेआई से अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसके बाद पीठ ने याचिका खारिज कर दी। फिलहाल उस वकील और केस के बारे में विस्तृतत जानकारी नहीं मिल सकी है, जिस पर सीजेआई भड़के थे।

## एक नजर

### सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई, 16 फरवरी।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र एक स्टील कारोबारी के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपए की चोरी कर भाग गए। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि परसदा रोड कुम्हारी निवासी अजय कुमार लोहे की टेनिंग का काम करता है वह अपनी पत्नी ममता व पिता त्रिलोकीनाथ ओझा के साथ रहता है। 7-8 माह से प्रार्थी के पिता व पत्नी अपने गृह ग्राम-मुजफ्फारपुर ( बिहार ) में है प्रार्थी 12 फरवरी की दोपहर 2 बजे अपने मकान में ताला लगाकर ग्राम- सरोरा गया था रात होने पर वहीं रुक गया 13 फरवरी की रात 9 बजे घर लौटा तो देखा कि सामने दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी। अंदर गया तो सारा समान बिखरा पड़ा था। आलमारी भी खुली थी चोर आलमारी में रखे 1 तोला वजनी सोने का चेन, 6 ग्राम सोने की झुमका, तीन ग्राम की सोने की माथ बेंदी, 10 ग्राम की सोने की चेन और चांदी की दो जोड़ी पायल सहित अन्य सामान की चोरी कर ले गये ।

### गांजा सहित दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 16 फरवरी।** भिलाई गांजा बेचने की फिराक में घूम रहे दो युवकों को कुम्हारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से 1 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है पुलिस ने मामले में धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति चंदनिया तालाब ग्राम कुगदा कुम्हारी के पास एक नीला कलर बेग के अंदर मादक पदार्थ ( गांजा ) को अवैध रूप से रखकर बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़े तथा उसके पास नीले रंग के बैग के अंदर कुल 01 पैकेट खाकी रंग के टेप से टेपिंग किया हुआ अवैध मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा कुल 01 किलो 500 ग्राम मिला। पूछताछ करने पर अपना नाम लक्ष्मण सुना (46 वर्ष ) निवासी कोलाब जिला कोरापुट ओडिशा व चंदन उर्फ रवि गुप्ता (28 वर्ष ) निवासी फरसपाल रोड दंतेवाडा बताया पुलिस ने दोनों आरोपियों पर कार्रवाई की है ।

### इंटर्नल ऑडिटर्स के लिए आयोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन



**भिलाई, 16 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में आईएमएस पध्दति के अंकेक्षण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संयंत्र के व्यवसायिक उत्कृष्टता विभाग द्वारा 12 से 15 फरवरी तक भिलाई प्रबंधन विकास केन्द्र बीएमडीसी में आईएमएस इंटर्नल ऑडिटर्स के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। उद्धघाटन समारोह में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में आईएसओ स्टैंडर्ड्स की महत्ता पर प्रकाश डाला और ट्रेनिंग प्रोग्राम की सराहना करते हुए कहा कि, इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के प्रतिभागी आगे चल कर संयंत्र में आईएसओ स्टैंडर्ड्स को और भी बेहतर ढंग से लागू करेगें और सभी स्टैंडर्ड्स को अधिक प्रभावशाली बनाएंगे। जिसकी मदद से हम आगे आने वाली चुनौतियों एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धा का बेहतर ढंग से सामना कर सकेंगे। समारोह में महाप्रबंधक मनोज दुबे ने स्वागत उदबोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि, इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में तीन आईएसओ स्टैंडर्ड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर/लीड ऑडिटर उदय शर्मा इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में प्रशिक्षक की भूमिका में थे। उप-महाप्रबंधक प्रकाश साहू ने धन्यवाद ज्ञापन एवं प्रबंधक रवि कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### अंतर्राष्ट्रीय किक बाक्सिंग में दीपांजलि ने सिल्वर मेडल जीता



**कवर्धा, 16 फरवरी।** दिल्ली में किक बॉक्सिंग अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दीपांजलि खालखो ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर भारत देश और सरगुजा और छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया । दीपांजलि खालखो ने तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए कहा की एशियन गेम्स और अंतराष्टीय स्तर किक बॉक्सिंग में गोल्ड पदक लाना मेरा सपना है ।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

**दुर्ग, 16 जनवरी ।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान निधि योजना अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र एवं वास्तविक किसानों को योजना का लाभ मिल सके इस हेतु आगामी 16वीं किस्त जारी होने के पूर्व योजना में पंजीकृत ऐसे समस्त किसान जिनका केवाईसी लंबित है, को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। ई-केवाईसी पूर्ण होने के उपरांत ही पंजीकृत किसानों को किस्त की राशि जारी की जायेगी। जिले में कुल 429 किसानों का ई-केवाईसी लंबित है, जिसमें विकासखंड धमधा के 103, दुर्ग के 61 एवं पाटन के 249 किसान शामिल है। जिसकी सूची कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों एवं जिले के समस्त ग्राहक सेवा केन्द्रों को उपलब्ध कराई गई है। इस हेतु जिले में 12 से 21 फरवरी 2024 तक ग्राम स्तरीय अभियान चलाया जा रहा है।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने किसानों को अपील करते हुए कहा है कि वे अपने क्षेत्रीय कृषि अधिकारी एवं नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्र से संपर्क कर ई-केवाईसी पूर्ण करा सकते है अथवा किसान स्वयं भी दिये गये लिंक के माध्यम से ओटीपी आधारित ई-केवाईसी पूर्ण कर सकते हैं।

# शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिला समूहों को सांसद ने किया सम्मानित




**भिलाई, 16 फरवरी।** शक्ति वंदन कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल ने कहा कि महिलाओं के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। योजना का लाभ हर महतारी को मिले इसके लिए महिला स्व सहायता समूह को धरातल पर काम करना होगा। डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन बैकुंठ धाम में शक्ति वंदन अभिनंदन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सांसद विजय बघेल, भिलाई भाजपा के अध्यक्ष महेश वर्मा, महामंत्री योगेन्द्र सिंह, जोन अध्यक्ष जलांधर सिंह, वार्ड पार्षद एन शैलजा, पार्षद संतोष मौर्य की उपस्थिति में 195 महिला स्व सहायता समूह एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने वाले 11 एन.जी.ओ. को सम्मानित करते हुए सांसद ने प्रतिक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल प्रदान किया। सभा स्थल पर महिलाओ की भीड़ ने कार्यक्रम का खूब मजा लूटा, महिला कलाकारो ने नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता डी.के.वर्मा, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सहायक अभियंता आलोक पसीने, रमेश साहू, स्वीटी कौशिक, अमित मिश्रा, अशोक मंडल, विजय शुक्ला, दिलीप शुक्ला, रूपराम साहू, अमन सोनकर, रेखराम बंछोर, उपासना साहू, प्रकाश गेडाम, कांति वर्मा, दीपक गुप्ता, सुरूती घोष, गीता विश्वकर्मा, शरला आचार्य, लता यादव, सहित अन्य नागरिक गण उपस्थित थे।

सम्मानित



### बीआरएम के कार्मिक व अधिकारी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई, 16 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स जोन-1 के अन्तर्गत बीआरएम विभाग में विगत दिनों पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बीआरएम के मुख्य महाप्रबंधक मुकेश कुमार गुप्ता उपस्थित थे। बीआरएम विभाग में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक पुजारी शिवा कल्याण को पाली शिरोमणि एवं ओमी गणेश, श्रीमती रोहिणी बलवीर तथा तारकेश्वर कुमार को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक मुकेश कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कार्य के दौरान सभी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने व संसाधनों का उच्चतम उपयोग करते हुए बेहतर प्रतिफल प्राप्त करने पर जोर दिया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक श्रीमती समायला अंसारी ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में अतिरिक्त श्रम-कल्याण अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं हरीश बैतुले का सराहनीय योगदान रहा।

# बीएसपी ने अप्रैल से जनवरी तक उत्पादन में दर्ज किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

भिलाई, 16 फरवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जनवरी 2024 के दस महीने की अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील उत्पादन दर्ज किया है। वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 की अवधि में संयंत्र की ब्लास्ट फर्नेस ने उच्चतम हॉट मेटल उत्पादन 4.91 मिलियन टन दर्ज किया, एवं वित्त वर्ष 2010-11 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.77 मिलियन टन को पार किया। इसमें संयंत्र की सबसे बड़ी फर्नेस, ब्लास्ट फर्नेस-8 द्वारा उत्पादित 2.20 मिलियन टन हॉट मेटल शामिल है, जो कि वर्ष 2021-22 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 2.11 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन से कहीं अधिक है। वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 की अवधि में स्टील मेल्टिंग शॉप-2 (एसएमएस-2) और एसएमएस-3 द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ कुल 4.65 मिलियन टन क्रूड स्टील उत्पादन दर्ज किया गया एवं वित्त वर्ष 2010-11 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.45 मिलियन टन को पार कर लिया गया। मॉडेक्स यूनिट, एसएमएस-3 ने पिछले



वित्तीय वर्ष 2022-23 की अप्रैल से जनवरी अवधि में दर्ज कुल कास्ट स्टील उत्पादन 2.48 मिलियन टन और कास्ट बिलेट उत्पादन 1.51 मिलियन टन को पार करते हुए क्रमशः 2.82 मिलियन टन कास्ट स्टील और 1.92 मिलियन टन कास्ट बिलेट उत्पादन दर्ज किया। वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 की अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 4.33 मिलियन टन सेलेबल स्टील उत्पादन दर्ज किया गया, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में दर्ज 3.93 मिलियन टन से कहीं अधिक है। संयंत्र ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल से जनवरी अवधि की तुलना में हॉट मेटल उत्पादन में 11.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसी प्रकार क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील उत्पादन दोनों में पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल से जनवरी की अवधि की तुलना में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। लांग रेल उत्पादन के क्षेत्र में, संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट यूनिवर्सल रेल मिल ने अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 अवधि के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ 6.67 लाख टन लांग रेल उत्पादन कर, वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 6.13 लाख टन को पार किया। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल ने भी पिछले सर्वश्रेष्ठ 1.23 लाख टन उत्पादन की तुलना में सर्वश्रेष्ठ लांग रेल उत्पादन 1.37 लाख टन दर्ज किया। वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ कुल लांग रेल उत्पादन 7.34 लाख टन की तुलना में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 8.05 लाख टन लांग रेल उत्पादन दर्ज किया गया। बार एंड रॉड मिल ने भी अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 अवधि के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ 8.26 लाख टन उत्पादन दर्ज किया।

### आधार एवं आयुष्मान कार्ड के लिए भिलाई-चरौदा में शिविर

**भिलाई, 16 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों पर आधार अपडेट करने एवं आयुष्मान योजना पंजीयन हेतु शिविर आयोजित किये जायेंगे। दिनांक 16-02-2024 से 19-02-2024 तक प्रतिदिन समय सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक इन स्थानों पर संबंधित वार्ड के नागरिकों के लिए शिविर आयोजित किये जायेगे। देवबलोदा पार्षद कार्यालय में वार्ड क्रमांक-31, 32 एवं वार्ड 33 के लिए । वार्ड क्रमांक-11 में स्कूल के पास, वार्ड 06 उमदा में सांस्कृतिक भवन में तथा वार्ड क्रमांक-22 एवं 23 के लिए चरोदा हाउसिंग बोर्ड में जहां आधार अपडेट एवं आयुष्मान पंजीयन के लिए सी.एस.सी. ऑपरेटर एवं मितान कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इसी के साथ निगम कार्यालय भिलाई-03 में एवं तहसील कार्यालय भिलाई-03 में स्थायी कैम्प प्रतिदिवस कार्यालयीन समय में संचालित रहेगा।

## राशन कार्ड नवीनीकरण 25 फरवरी तक

**भिलाई, 16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित राशन कार्ड का नवीनीकरण का कार्य 25 फरवरी तक बढ़ाया गया है, जिसके लिए हितग्राही को उचित मूल्य दुकान में अथवा खाद्य विभाग के वेबसाईट में उपलब्ध राशन कार्ड नवीनीकरण एप को अपने एंड्रायड मोबाईल में डाउनलोड कर नवीनीकरण का कार्य कर सकते हैं। नगर पालिक निगम भिलाई सीमा क्षेत्र में जारी ए.पी.एल. राशन कार्ड 43062, सामान्य परिवार तथा बी.पी.एल. श्रेणी के कुल 83746 राशन कार्डधारी परिवार है। जिसमें अंत्योदय कार्ड, निराश्रित कार्ड, अन्नपूर्णा, प्राथमिकता निःशक्तजन के कार्डधारी शामिल है। इसमें गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 59828 परिवार भी शामिल है। इन सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों को अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण करना होगा। 80606 राशन कार्ड का अभी भी नवीनीकरण शेष है। जिसे 25 फरवरी तक पूर्ण करना होगा। जिसके लिए निगम भिलाई द्वारा मुनादी करा कर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

कैसे होगा नवीनीकरण-राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए हितग्राही 2 विकल्प के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं । हितग्राही द्वारा सीधे आवेदन करने के लिए खाद्य विभाग के वेबसाइट में उपलब्ध राशन कार्ड नवीनीकरण के नाम एप को अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन में डाउनलोड कर राशन कार्ड में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा उचित मूल्य दुकान संचालक के टेबलेट में एप के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही हितग्राही संचालक खाद्य के नाम पर लिखित आवेदन भी उचित मूल्य दुकान में प्रस्तुत करेगें। राशन कार्ड के नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत करने के 30 दिवस के भीतर निकाय के माध्यम से राशन कार्ड प्राप्त होगा। ए.पी.एल. कार्ड के लिए 10 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। शेष सभी राशन कार्ड का नवीनीकरण निःशुल्क किया जायेगा। नये राशन कार्ड प्राप्त करते समय पुराने राशन कार्ड को जमा करना होगा। शासन के निर्देश को उचित मूल्य दुकान के संचालको द्वारा पालन कराने के लिए जिला खाद्य नियंत्रक ने निगम सभागार में बैठक आहूत कर दुकानदारों का सख्त हिदायत दी है कि सम्पूर्ण राशन कार्ड का नवीनीकरण समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित करें।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान का आवंटन लोगों को लाटरी निकाल कर किया

**रिसाली, 16 फरवरी।** रिसाली निगम के लक्ष्मीनगर, प्रदीप्ति नगर व मैत्री कुंज में बने प्रधानमंत्री आवास का आवंटन लॉटरी निकालकर गुरुवार को किया गया। वरिष्ठ नागरिक हेतु आवेदन प्रस्तुत करने वाले हितग्राही को भूतल में आवास मिला। रिसाली महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में 19 हितग्राहियों को आवास आवंटन किया गया।मोर मकान मोर आस घटक के तहत नगर पालिक निगम रिसाली के लक्ष्मीनगर में बने आवास का आवंटन आयुक्त आशीष देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया। हितग्राहियों की संख्या कम होने की वजह से 19 आवास का लाटरी निकाली गई। महापौर की अध्यक्षता में निकाली गई लॉटरी में हितग्राहियों ने स्वयं आवास क्रमांक की पर्ची निकाली। दो हितग्राही ऐसे



थे जो वरिष्ठ नागरिक और बीमार थे। उसे ग्राऊंड फ्लोर में आवास मिला। इस अवसर पर महापौर ने रिसाली निगम में हुए आवास आवंटन के लिए हितग्राहियों को बधाई दी। प्रक्रिया में विशेष रूप से महापौर परिषद के सदस्य अनूप डे, पार्षद सरिता देवांगन,विधि यादव, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेन्डे, निगम सचिव रोहित साहू, प्रधानमंत्री आवास के आदित्य शर्मा, राजकुमारी बघेल आदि उपस्थित थे। इन्हे मिला आवास आसमा खातून, नवीता जैन, बीना जोशी, भारती, अंजु, गीता देव बर्मन, टिकेंद्र कुमार साहू, संतोष सिंह, विजय कुमार गुप्ता, अशोक दुबे, सूरज डे, शिव शंकर प्रसाद, शिल्पा यादव, रिंकू सिंह, कीर्ति साहू,कविता सिंह, डोमिन कुंभकर, नेहा सिसोदिया। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में बने आवास के लिए आम नागरिकों से आवेदन मांगे गए है। लक्ष्मी नगर में 16, प्रदिप्ती नगर में 299, व मैत्री कुंज में 113 आवास उपलब्ध है। इन आवास का लाटरी निकालना शेष है।

# यातायात सड़क सुरक्षा माह में बताया नियम क्यों हैं जरूरी

**कवर्धा, 16 फरवरी।** राष्ट्रीय यातायात सड़क सुरक्षा माह 2024 का आयोजन दिनांक-15 जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2024 तक कबीरधाम जिले में किया गया। दिनांक-15.02.2024 को कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मार्गदर्शन में कवर्धा शहर के जय स्तंभ चौक (सिग्नल चौक) में राष्ट्रीय यातायात सड़क सुरक्षा माह 2024 का समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के समापन समारोह में मुख्य तौर से उपस्थित रहे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार गुप्ता, जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर जिनका यातायात पुलिस टीम के द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारी गणों के द्वारा उपस्थित शहरवासी आमजन, महिला/पुरुष स्कूली छात्र-छात्राओं शिक्षक गणों आदि को अपने-अपने उद्बोधन के माध्यम से यातायात नियम क्यों जरूरी और अपने और परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात का नियम का पालन करना चाहीए और शराब पीकर गाड़ी कभी नही चलाए । एसपी अभिषेक ने उद्बोधन में कहा की यातयात का नियम पालन नहीं करने पर कारवाई होती रहेगी और पुलिस या स्काउट एनसीसी या सभी लोग हेलमेट अवश्य पहने और हेलमेट के प्रति जागरूक भी रहे । 15 फरवरी दिन गुरुवार को वीर स्तंभ चौक (सिग्नल चौक) में 34वॉ सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि गणो, गणमान्य नागरिक गणों, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान कर एनजीओ के माध्यम से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा गुड सेमेरिटन को हेलमेट एवं शील्ड देकर प्रोत्साहित किया गया साथ ही सड़क सुरक्षा माह का समापन विभिन्न स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को *यातायात






जागरूकता माह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवक युवती/ छात्र-छात्राओं आदि को प्रशस्ति पत्र/ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।* जिसमें- उत्कृष्ट चालक राजेश श्रीवास, अमित कुमार धुर्वे, उत्कृष्ट ट्रक चालक नारायण रजक, लक्ष्मी नारायण पाली, उत्कृष्ट बस चालक राजेंद्र साहू, उत्कृष्ट बस चालक/परिचालक रोहित यादव चालक, रामू निर्मलकर परिचालक अभ्युदय स्कूल। उत्कृष्ट बस चालक परिचालक अशोका पब्लिक स्कूल, देवेंद्र बंजारे चालक, राम नारायण यादव परिचालक, उत्कृष्ट बस चालक श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल गोविंद सिंह धुर्वे चालक। संजीव मिश्रा तरुण छत्तीसगढ़ पत्रकार । रक्तदान शिविर में विशेष योगदान देने वाले आरक्षक दशरथ साहू, नगरसेना सुश्री रीना शर्मा। यातायात जागरूकता कार्यक्रम में विशेष योगदान हेतु सौरव कुमार निषाद जिला युवा नेहरू केंद्र अधिकारी, सुश्री कविता कनोजे सहायक अध्यापक, राकेश चंदेल एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, नरेंद्र कुमार कुलमित्र प्रोफेसर पीजी कॉलेज कवर्धा, एनसीसी टीम स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा जे.के.सिंह, भोरमदेव रोवर ओपन स्काउट ग्रुप से अजय चंद्रवंशी, विजय साहू, मान सिंह, वाहिनी ओपन टीम स्काउट से संजु मिश्रा, शशांक यादव व्याख्याता रणबीरपूर लोहारा, राजेश साहू व्याख्याता धोधा बोडला, बसंत डोरे व्याख्याता कोडापुरी पंडरिया, नारायण धुर्वे व्याख्याता बिरकोना। सड़क सुरक्षा मितान जिवेन्द्र सिंह कवर्धा, गणेश पाली कवर्धा, दीपक सिंह ठाकुर कवर्धा, अभय जैन कवर्धा, लोकेश चंद्रवंशी कवर्धा, विपिन सिंह कवर्धा। निर्णायक समिति श्री नंद कुमार सोनी व्याख्याता स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल कवर्धा, अशोक कुमार गुप्ता व्याख्याता स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल कवर्धा, श्रीमती प्रियंका वाजपेई शिक्षक स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल कवर्धा, श्रीमती हर्षिता तंबोली व्याख्याता स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल कवर्धा, रविंद्र कुमार चंद्रवंशी व्याख्याता स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल कवर्धा, श्री विनर खुराना व्याख्याता स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल कवर्धा, श्रीमती विजय केवट सहायक उप निरीक्षक महिला सेल। प्रतियोगिता महाविद्यालय स्तर पर भगवान दास बंजारे , खिलेंद्र यादव , ज्ञान लाल पटेल , कुमारी भूमिका सत्यवंशी , *नुक्कड़ नाटक महाविद्यालय स्तर पर* प्रथम अनुराग एवं साथी पीजी कॉलेज कवर्धा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप. पुलिस अधीक्षक संजय तिवारी, उप. पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मोतीलाल पटेल, यातायात शाखा प्रभारी उप. निरीक्षक अजयकांत तिवारी, सहायक उप. निरीक्षक विक्रांत गुप्ता, मंच संचालन पर उपस्थित दुर्गेश पांडे (शिक्षक), सम्माननीय पत्रकार बंधु गण, प्रधान आरक्षक राजेश गौतम, ,महेंद्र चंद्रवंशी , दीपक कुंभकार, कमलेश कुशवाहा रवि मानिकपुरी कृष्णा साहू महिला आरक्षक रीना तिवारी. लक्ष्मी साहू .दीप्ति सेन एवं समस्त यातायात पुलिस टीम समस्त स्कूल से आये स्कूली छात्र-छात्राएं एनसीसी कैडेट, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं आमजन शहर वासी महिला, पुरुष, बच्चे उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने जिला पंचायत अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की

**धमतरी 16 फरवरी ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, एनआरएलएम बिहान, श्यामप्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आवासहीन परिवारों के बन रहे आवासों की समीक्षा की और अपूर्ण आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये और अप्रारंभ आवास की मॉनिटरिंग कर शीघ्र प्रारंभ कराने कहा। इस कार्य में रोजगार सहायक और तकनीकी सहायक को शामिल करने कहा। कलेक्टर ने कहा में प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत विशेष जनजाति कमार परिवारों वाले गांवों में बीसी सखी महीने में एक दिन जाकर उन्हें आवास निर्माण हेतु राशि गांव में प्रदान करें, ताकि उन्हें दिक्कत न हो। उन्होंने आवास योजना के तहत् प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत वर्ष में सृजित कुल मानव दिवस, सृजित रोजगार, मनरेगा श्रमिकों को मजदूरी भुगतान, आधार बेस्ड भुगतान, कार्य पूर्णता का प्रतिशत आदि के संबंध में पूछा। कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत कमार परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने कहा।

# ब्रह्मा भोजन के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों के अतिथि बने मुख्यमंत्री

**रायपुर, 16 फरवरी।** शांति सरोवर में आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ब्रह्माभोजन के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों के अतिथि बने। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हर साल बड़े स्नेह से ब्रह्माकुमारी बहनें विधानसभा के सभी सदस्यों को ब्रह्म भोजन कराती हैं। यह बड़ी सुंदर परंपरा है। बहनों के स्नेह से हम अभिभूत हैं। राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शांति सरोवर द्वारा आयोजित स्नेह मिलन एवं ब्रह्मा भोजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित कैबिनेट मंत्रीगण और सभी विधायकगणों ने पवित्र ब्रह्मा भोजन का आनंद लिया। मुख्यमंत्री और सभी अतिथियों ने इंदौर क्षेत्र की पूर्व निदेशिका स्वर्गीय कमला दीदी के स्मारक पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि आपकी संस्था अनेक जनकल्याणकारी कार्यों को संचालित कर समाज में जनजागृति लाने का काम कर रही है। इसका असर समाज के सभी वर्गों पर पड़ा है। महिलाओं को आपने आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में भी आपके द्वारा जो सामाजिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में कार्य किया गया है। इससे यहां के लोगों को काफी लाभ मिला है। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने मुख्यमंत्री सहित विधानसभा के सभी सदस्यों को ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू आने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए वहां आने की सहमति दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि शांति सरोवर आने से शांति की अनुभूति होती है। मन में स्वतः ही अच्छे विचार आते है। उन्होंने कहा कि विधानसभा आते जाते समय जैसे ही यहां से गुजरते हैं, मन पवित्र हो जाता है। डॉ सिंह ने शांति सरोवर आमंत्रित करने और पवित्र भोजन के लिए दीदियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री किरण सिंहदेव, श्री धरमलाल कौशिक सहित विधायक गण, गणमान्य नागरिक शामिल हुए और ब्रह्म भोजन ग्रहण किया।



## एक नजर

### सरस्वती शिशु मंदिर नगरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बसन्त पंचमी पर्व



**नगरी 16 फरवरी।** नगरी शिक्षण समिति नगरी द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर नगरी में बसन्त पँचमी पर विधि विधान के साथ ही मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। वही विद्या भारती के योजनानुसार नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर एवम स्लेट कलम प्रदान कर विद्यरम्भ संस्कार किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्रफुल्ल चंद साहू एवम विद्यालय के समस्त आचार्य दीदी व समस्त विद्यालय के अध्ययरत भैया बहन उपस्थित रहे।यह त्योहार फूलों के खिलने और नई फसल के आने का त्योहार है। यह मौसम प्रकृति को खुशनुमा बना देता है। बता दें कि सरस्वती पूजा- हिन्दू धर्म के अनुसार वसंत पंचमी धार्मिक उत्सव का दिन है। इस दिन देवी सरस्वती का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है तथा उनकी पूजा-आराधना विशेष रूप से की जाती है।

### कलकसा में चार दिवसीय गोंड़ी कोया पुनेम गाथा कार्यक्रम 20 से

**कलकसा /डोंगरगढ़ 16 फरवरी।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कलकसा में ध्रुव गोड समाज मुडा परिक्षेत्र कलकसा क्रमांक 41 में गोंड़ी कोया पुनेम गोंड़ी दर्शन धर्मदर्शन गोंडी गाथा का आयोजन आगामी 20 फरवरी से 23 फरवरी2024 तक चार दिनों तक चलेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए परिक्षेत्र अध्यक्ष नरोत्तम सिंह कुंजाम व ग्रामवासियों ने बताया कि कार्यक्रम गोंडी संस्कृति पर आधारित एक गाथा है। जो कोया पूनेम गोंडी गाथा के माध्यम से समाज को एक नया मिलेगा । कार्यक्रम का शुभारंभ ओडारबांध महासभा के अध्यक्ष मदन नेताम के मुख्य अतिथि व तहसील गोंड समाज के अध्यक्ष संतोष पडोटि की अध्यक्षता में होगा। विशेष अतिथि के रूप में महिला अध्यक्ष सुशीला नेताम ओडारबांध महासभा के संचालक रमेश उईके कलकसा के सरपंच अशोक दास साहू जनपद सदस्य पीतांबर सिंह कंवर यूथ क्लब के संरक्षक रुदन उईके अनुसूचित जाति जनजाति सेवक संघ के तहसील अध्यक्ष भीषम ठाकुर समाजसेवी परसोत्तम भल्लावी गोंडवाना साहित्यकार बीएल कोर्राम उपस्थित रहेंगे । कार्यक्रम में ध्रुव गोंड समाज के द्वारा गोंडी दर्शन आयोजन किया जा रहा है जिसमें परिक्षेत्र सहित अन्य परिक्षेत्र के समाज के लोग उपस्थित होंगे। चार दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का समापन पाली तानाखार के विधायक दादा तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विधायक हर्षिता स्वामी बघेल करेंगी विशिष्ट अतिथि के रूप में डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दिव्या ठाकुर ,एसडीओपी आशीष कुंजाम ,प्राचार्य एमएल ध्रुव, गोरा कलश प्रचारक संतराम छैदैया, गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष संतोष मरावी , मध्यप्रदेश से समाज सेविका सुशीला धुर्वे , गोंडवाना समाज छुरिया के अध्यक्ष शेर सिंह परतेती व जनपद सदस्य लक्ष्मी मनोज नेताम उपस्थित रहेंगे। श्री कुंजाम ने बताया कि चार दिनों के इस आयोजन में जिला सिवनी मध्य प्रदेश के उरई क्षेत्र के पुनेमचार्य गुरु शंकर शाह इरपाचे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे । उन्होंने क्षेत्र के आदिवासी भाइयों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।



### एचडीएफसी बैंक का होम लोन बिजनेस मजबूत प्रदर्शन दिखा रहा

**रायपुर 16 फरवरी।** एचडीएफसी बैंक, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, ने आज अपने होम लोन बिजनेस पर एक अपडेट साझा किया, जिसमें स्पष्ट होता है कि एचडीएफसी लिमिटेड के विलय के बाद इसमें काफी अच्छी वृद्धि देखी गई है। होम लोन बिजनेस ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त होने वाली दो तिमाहियों के लिए स्थिर और बेहतर दोहरे अंकों की वृद्धि का अनुभव किया है। बिक्री बिजनेस में वृद्धि व्यापक वितरण नेटवर्क के कारण हुई है दिसंबर 2023 तक 3.6 प्रतिशत क्रमिक वृद्धिः होम लोन में प्रतिस्पर्धियों के बीच सबसे ज्यादा बचत खातों में बढ़ते हुए ऋण वितरण 35 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत हो गया है। यह बढ़ते ग्राहकों के साथ मजबूत डिजिटल जुड़ाव की नींव तैयार कर रहा है। दोनों के विलय के बाद बढ़ते हुए वितरण पर बैंक की बाजार हिस्सेदारी लगभग 18 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है। विलय के बाद पहले छह महीनों में इसने अपने होम लोन बिजनेस में साल दर साल मजबूत और लगातार हाई डबल डिजिट की बढ़ोतरी प्रदर्शित की है। क्रमिक आधार पर बैंक ने अग्रणी स्थान हासिल किया है क्योंकि इसने 3.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है जो कि होम लोन में अन्य कंपनियों के बीच सबसे अधिक थी।

### एसपी के निर्णय को हर बड़े शहर में लागू किया जाये

**रायपुर 16 फरवरी।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंह चावला ने एक बयान में कहा कि रायपुर एस.पी. ने जो राजधानी के आउटर में एवं नया रायपुर में हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने का निर्णय किया है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है क्योंकि आये दिन छत्तीसगढ़ में एक्सीडेंट से हजारो लोगों को प्रतिवर्ष अकाल मृत्यु हो रही है जिसे रोकने के लिए रायपुर एस.पी. का कदम सराहनीय है लेकिन इस निर्णय को छत्तीसगढ़ के हर बड़े शहर मे लागू करने की आवश्यकता है तभी अकाल मृत्यु को रोका जा सकता है । हमें विश्वास है कि आप डी.जी.पी. के माध्यम से इस दिशा में कार्यवाही करने की कृपा करेगें ।



# अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम की कार्रवाई जारी

■ ब्रह्मकुमारी आश्रम के पास सी सी रोड को उखाड़ा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 फरवरी।** नगर निगम अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कडा रूख अपना रही है और प्रतिदिन कार्यवाही कर रही है कार्यवाही कड़ी में आज भी कौरिनभाठा वार्ड नंबर 45 के ब्रह्माकुमारी आश्रम के पास अवैध प्लॉटिंग करने पर जेसीबी के माध्यम से सीसी रोड उखाड़ने की कार्यवाही की गई पूर्व में भी अवैध प्लॉटिंग करने पर शक्ति बरतते हुए नगर निगम द्वार कौरिनभाठा चिखली लखोली नवागांव रेवाडीह आदि क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही करते हुये मुरुम एव कांक्रीट रोड उखाड़ गया था, निगमायुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साहू जी के द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण एव अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध कार्यवाहि करने के निर्देश दिए गए थे निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम की टीम निरीक्षण कर निगम सीमा क्षेत्र के अवैध प्लॉटिंग एव अवैध कॉलोनी के विरुद्ध कड़ा रूख अपना कर कार्यवाहि कर रही है और अवैध कॉलोनी भूमि विकास एव बहार विकास शुल्क जमा करने की नोटिस जारी किया जा रहा है तथा उनका पंजीयन खत्म करने के लिए जिला पंजियक को पत्र भेजा गया है आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कौरिनभाठा वार्ड नंबर 45 ब्रह्मकुमारी आश्रम के पास खसरा नंबर 281/1 श्री भूषण लाल पिता श्री केशव राम द्वारा अवैध प्लाटिंग की कार्यवाई की जा रही थी जिसकी जानकारी होने पर निगम की टीम ने जेसीबी के माध्यम से सीसी रोड उखाड़ने की कार्यवाही की, कल भी इसी क्षेत्र में निगम द्वारा अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाई की गई थी, आयुक्त श्री गुप्ता ने नगरिकों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी क्षेत्र में जमीन खरीदने के पूर्व नगर निगम एव नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से जानकारी लेवे उसके उपरांत ही भूखण्ड खरीदी करे।



# निगम की लापरवाही से फेल होने की कगार पर महतारी वंदन योजना:कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 फरवरी।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने नगर निगम की कार्यशैली व निगम प्रशासन के सुस्त रवैय पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर निगम की गैर जिम्मेदार रवैये के चलते हजारों महिलाओं को महतारी वंदन योजना से होना पड़ सकता है वंचित। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री कुलबीर सिंह छाबड़ा ने निगम आयुक्त को लिखे पत्र में बताया कि शहर की लाखों महिलाएं आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम आफलाइन महतारी वंदन योजना का आवेदन फार्म जमा कर रहे हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों की बहनें नियमित रूप से आवेदन फार्म जमा लिया जा रहा है, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 है। वहीं नगर निगम द्वारा नियुक्त किये गए कर्मचारियों द्वारा इस फार्म को ऑनलाइन करना है। परंतु निगम की उदासीनता के चलते अभी भी आंगनबाड़ी केन्द्रों में आवेदन रखे हुए हैं जबकि आवेदन फार्म को नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा न ही नियमित रूप ले जाया जा रहे हैं और न ही ऑनलाइन कर पा रहे हैं ऐसी स्थिति में 20 फरवरी तक ऑनलाइन कर पाना मुश्किल प्रतित हो रहा है। जिसके कारण लाखों महिलाएं इस योजना के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। इस तरह यह योजना राजनांदगांव शहर में फेल होते नजर आ रही है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में यथा संभव आनलाइन करने का प्रयास मोबाइल से किया जा रहा है, किन्तु मोबाइल से इतनी अधिक मात्रा में आनलाइन होना संभव नहीं है। श्री छाबड़ा ने निगम आयुक्त को लिखे पत्र में चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस व्यवस्था को दुरूस्त करे, यदि कोई माताएं, बहने इस लापरवाही के कारण इस योजना के लाभ से वंचित होता है तो हम कांग्रेसजनों द्वारा माताओं व बहनों को न्याय दिलाने उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। श्री छाबड़ा ने कलेक्टर महोदय का ध्यान आकर्षित करते हुए उक्त पत्र की प्रतिलिपि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज व छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डा.चरणदास महंत को प्रेषित की है।



# राजस्व अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को अच्छी तरह से समझें:कलेक्टर

**राजनांदगांव 16 फरवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा सत्र चल रहा है। विधानसभा प्रश्नों के उत्तर प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपनी जिम्मेदारी और दायित्वों को अच्छी तरह से समझें और नियमों में रहकर कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को जनसामान्य से संवेदनशीलतापूर्वक अच्छा व्यवहार करने कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजस्व के लंबित प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमांकन, नामांतरण, बंटाकन, ई-कोर्ट सहित राजस्व के प्रकरण को लक्ष्य निर्धारित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभिलेख त्रुटि सुधार के स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अविवादित खाता विभाजन को समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमांकन के कार्य लंबित नहीं होना चाहिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि अवैध अतिक्रमण हटाने और राजस्व वसूली के कार्य को प्राथमिकता से करें। उन्होंने तहसीलों में रिकार्ड दूरूस्त कर रिकार्ड रूम में जमा करने कहा। उन्होंने कहा कि पटवारी अपने हल्का क्षेत्र में सप्ताह में एक दिन शिविर लगाकर जनसामान्य के राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण करेंगे। उन्होंने उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आरबीसी 6(4) की जानकारी ली तथा उन्होंने राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आरबीसी 6(4) के जितने भी प्रकरण आते हैं उस पर तत्काल कार्यवाही कर हितग्राहियों को आर्थिक सहायता राशि वितरण करने के निर्देश दिए।

# महाराष्ट्र से शराब परिवहन करते दो तस्कर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 फरवरी।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग व श्रीमान अति पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहूल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री दिलीप सिसोदिया के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करी के रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था ।जिसके परिपालन में रात्रि में महाराष्ट्र से छत्तीसगढ आने वाले रास्तों पर रात्रि में लगातार पेट्रोलिंग किया जा रहा था, आज दिनांक 15.02.2024 को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान रात्रि में ग्राम सीताकसा के पास रोड में दो लोग एक मोटर साइकिल क्रमांक छ्त्त0Oह 7043 से ककोड़ी महाराष्ट्र से राजनांदगांव की ओर आते मिले जिनको हिक्मतअमली से रोका गया, आरोपियों 01 गौतम कुमार साहू पिता हरिराम साहु उम्र 25 निवासी हाल ग्राम रियांटोला मूल ग्राम घुपसाल थाना छुरिया जिला राजनंदगांव छत्तीसगढ एवम् 02 भुवनेश्वर साहू पिता दिनाराम साहु उम्र 34 निवासी ग्राम रियांटोला थाना छुरिया जिला राजनंदगांव छत्तीसगढ के द्वारा मोटर साईकिल में के बीच में एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में वजनी सामान रखे मिले, बोरी को खोलकर चेक करने पर अंदर में महाराष्ट्र निर्मित कुल 144 पाव प्रत्येक में 180-180 मिलीलीटर जो पास्टिक की शीशियों में सीलबंद देशी दारू संत्री नामक शराब, कुल 25.920 लीटर, कीमती 10,080/ रूपये को मोटर साईकिल से अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने पर शराब एवम् मोटर साईकिल कीमती 50 हजार रूपये जुमला कीमती 60,080/ रूपये को जप्त कर, आरोपियों कृत्य मामला 34 (2), 36 आबकारी एक्ट के अंतर्गत अपराध करते पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड हेतु माननीय न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक रमेश पटेल, प्रधान आर0 413 केदार चंद्रवंशी, आर0 महेन्द्र जोशी का विशेष योगदान रहा।



## पुराना बस स्टैण्ड में नाली निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के दिये निर्देश

# आयुक्त ने सुबह सफाई देख निर्माण कार्यों का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 फरवरी।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता निगम के तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ प्रतिदिन प्रातः शहर में सफाई एवं निर्माण कार्य का निरीक्षण कर रहे है, इसी कडी में आज वार्ड नं. 28 एवं 29 के पुराना बस स्टैण्ड, भरकापारा, लोहार पारा, काली माई मंदिर रोड तथा मठपारा में पैदल भ्रमण कर एक ओर जहॉ साफ सफाई देखे, वही दूसरी ओर निर्माण कार्य देख गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता पुराना बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर आर.सी.सी. रोड निर्माण देखे एवं नाली निर्माण अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने बस स्टैण्ड में नागरिकों से चर्चा कर साफ सफाई रखने, दुकानदारों से झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने समझाईस दिये। उन्होंने लोहार पारा में डामरीकरण पेचवर्क कार्य निरीक्षण कर आवागमन को ध्यान में रखकर पेचवर्क कार्य करने के निर्देश दिये। उनके द्वारा परशुराम भवन में मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत निर्माणाधीन भवन विस्तार कार्य देख कहा कि चुकि यह सामाजिक भवन है और यहॉ पर आये दिन आयोजन होते रहते है, इसे ध्यान में रखकर समाज वालों के अनुरूप निर्माण कार्य पूर्ण करे। उन्होंने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से कहा कि वार्डो में चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लावे एवं अप्रांरभ कार्य तत्काल प्रांरभ करावे।

आयुक्त श्री गुप्ता अग्रसेन भवन के पास निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास व निर्मित आवास का निरीक्षण कर निर्माणाधीन आवास के मालिक को निर्माण कार्य में तेजी लाने कहॉ कि जितनी जल्दी कार्य करायेगे उतनी जल्दी किश्त की राशि आपकों प्राप्त होगी। उन्होंने निर्मित आवास के निरीक्षण के दौरान मकान मालिक से आवास निर्माण के दौरान परेशानी के बारे में जानकारी ली, मकान मालिक ने बताया कि आवास निर्माण में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई समय में सभी किश्त मिले, पहले कच्चे मकान में रहते थे सरकार की आवास योजना का लाभ मिला और आज हम पक्के मकान में अपने परिवार के साथ निवास कर रहे है। भरकापारा एसएलआरएम सेन्टर में साफ सफाई के अभाव पर सेन्टर प्रभारी को प्रतिदिन सफाई करने कचरा पृथककरण करने कड़ाई से निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि घर घर कचरा संग्रहण गाडी समय पर वार्डो में निकले एवं कचरा डालने का संदेश नियमित रूप से गाडियों में बजता रहे। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल से लोकमान्य तिलक की प्रतिमा के पास साफ सफाई कर प्रतिमा को पानी से धुलाई कराने कहा। उन्होंने पुराना बस स्टैण्ड स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर सुलभ के संचालक को आवश्यक मरम्मत एवं सीट बदलने के निर्देश देते हुये कहा कि साफ सफाई के अलावा उपयोग करने वालो की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जावे।



## समाचार संक्षेप

### आदतन शातिर बदमाशो पर की गई कार्रवाई



**राजनांदगांव 16 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु असमाजिक तत्वो के खिलाफ सतत अभियान कार्यवाही किया जा रहा है जिसके अंतर्गत आदतन बदमाश (01) शेख शिब्बु उर्फ शेख सहबाज पिता शेख परवेज उम्र 27 साल निवासी स्टेशनपारा ओपी चिखली राजनांदगांव जिसके विरूद्ध मारपीट, हत्या प्रयास व आबकारी एक्ट के पूर्व अपराधिक मामले है जिसे आज मुखबीर की सूचना पर पकडा गया और आबकारी एक्ट के मामले मे जारी गिरफतारी वारण्ट तामिल किया गया। इसी प्रकार बदमाश (02) शेखर ठाकुर उर्फ खज्जी पिता बुधराम ठाकुर उम्र 19 साल निवासी स्टेशनपारा ओपी चिखली राजनांदगां और एक अन्य (03) दिग्विजय महोबिया पिता स्व0 लोकचंद महोबिया उम्र 23 साल निवासी स्टेशनपारा ओपी चिखली राजनांदगांव के सहित कुल 03 गिरफतारी वारण्ट तामिल कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार अभियान कार्यवाही में मोतीपुर में अवैध रूप शराब विक्रय करने की सूचना पर मौके पर दबिश देकर अवैध शराब विक्रय कर रहे आरोपी प्राणनाथ जंघेल पिता प्रीतलाल जंघेल निवासी मोतीपुर काई तालाब के पास पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को पकडा गया और आरोपी के कब्जे से 10 पौवा देसी प्लेन शराब व बिक्री रकम 960/- रूपये जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, प्र0आर0 संतोष मिश्रा, वंदना पटले,आर0 बीरबल राजपूत, कमल साहू, राजकुमार बंजारा, तामेश्वर भुआर्य, म0आर0 कौशिल्या साहू, सुल्ताना बेगम, की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### थाना बागनदी क्षेत्र के ग्राम कोठीटोला में नए पुलिस बेस कैंप का शुभारंभ



**राजनांदगांव 16 फरवरी।** जिला राजनांदगांव के थाना बागनदी अन्तर्गत ग्राम कोठीटोला घोर नक्सल प्रभावित ग्राम है, जहॉ माओवादियों के आवागमन एवं उनके गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु आज दिनांक 14.02.2024 को नया पुलिस बेस कैंप का शुभारंभ किया गया। ग्राम कोठीटोला में कैम्प स्थापित किये जाने से क्षेत्र के जनता का पुलिस के प्रति विश्वास बढेगा एवं माओवादी गतिविधियों पर नियंत्रण करने में सफलता मिलेगी। साथ ही साथ माओवादियों के डी.के.एस.जेड़.सी. से एम.एम.सी. जोन में आने जाने वाले नक्सलियों के मुख्य मार्ग को बाधित करने में सफलता मिलेगी तथा सीमावर्ती अन्तर्राज्यीय घोर नक्सल प्रभावित जिला गोंदिया(महा0) के साथ मिलकर क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाया जायेगा, जिससे माओवादियों के डर व भय को आम जनता के मन से कम करने में भी सफलता मिलेगी। उक्त कैम्प खुलने से आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को सुविधा के साथ ही पुलिस प्रशासन का सहयोग प्राप्त होगा साथ ही आम जनता के जीवन में शांति और भयमुक्त माहौल देने के लिए राजनांदगांव पुलिस का पूरा सहयोग मिलेगा। क्षेत्र में शांति स्थापित करना पुलिस का अहम उद्देश्य है, ज्ञात हो कि ग्राम कोठीटोला से मात्र 03 किमी0 की दूरी पर स्थित ग्राम शेलपार के काली पहाड़ी में दिनांक 03.08.2019 को पुलिस एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी जिसमें माओवादियों के 07 हार्ड कोर नक्सली मारे गये थे। इस अवसर पर श्री मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, श्री दिनेश कुमार, सेनानी, सेक्टर मुख्यालय, राजनांदगांव, श्री सिद्धार्थ कुमार, सेनानी, 38वीं वाहिनी आईटीबीपी, छुरिया, श्री मनोज बहुगुणा, द्वितीय कमान अधिकारी, आईटीबीपी, सेक्टर मुख्यालय राजनांदगांव, डॉ0 अभिरथ पाण्डेय, सिनियर मेडिकल आफिसर, 38वीं वाहिनी, आईटीबीपी, छुरिया, श्री राम कुमार मौर्य, सहायक सेनानी, 38वीं वाहिनी आईटीबीपी, बागनदी, श्री अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) राजनांदगाव एवं श्री अरविन्द साहू, रक्षित निरीक्षक, रक्षित केन्द्र राजनांदगांव उपस्थित थे।

### सद्भावना क्रिकेट लीग की तैयारियां अंतिम चरण में

**राजनांदगांव 16 फरवरी।** प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक द्वारा आयोजित होने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता संस्कारधानी एवं खेल नगरी में 17 से 24 फरवरी 2024 तक खेली जाएगी। अपने अनूठे नियमों के चलते यह प्रतियोगिता दर्शकों के साथ ही खिलाडियों में उत्साह पैदा करे हुए है। इस वर्ष यह आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में रात्रिकालीन होने के कारण खेल प्रेमियों में उत्साह है और आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में है। प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता को लेकर कलेक्टर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग तथा न्यायाधीश श्री देवाशीष ठाकुर की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। जिसमें आयोजन को नगर की गौरवशाली खेल परम्परा को बरकरार रखते हुए एक अच्छा आयोजन नगर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सभी वर्गों की भागीदारी से यह आयोजन यादगार रहे। स्पर्धा में हिस्सा लेने वाली 10 टीमों के मध्य प्रतिभागी खिलाडियों की सूची सार्वजनिक करते हुए खिलाडियों पर आपत्ति-अनापत्ति दर्ज की गई।

राजनीतिक दलों को कई बार उतार चढ़ाव से होकर गुजरना पड़ता है। यही उसके लिए परीक्षा का समय होता है, संघर्ष करने का होता है। जीतने के लिए योजना बनाने व काम करने का समय होता है। जो योजना बनाकर काम करते हैं उन्हें एक दिन सफलता मिलती है। भाजपा भी इसी संघर्ष के लंबे दौर से गुजरी है,हार के बाद हार से भी उसने काम करना नहीं छोड़ा। जीतने के लिए लड़ना नहीं छोड़ा और दो सीटों वाली पार्टी से आज 300 सीटों वाली पार्टी बनी है। चार सौ वाली पार्टी बनने की सोच रही है,काम कर रही है। उसका नेतृत्व हमेशा जोखिम उठाने का तैयार रहता है और इसी वजह से उसे अक्सर सफलता भी मिलती है। जब पार्टी व नेतृत्व जोखिम नहीं उठाना चाहता है तो उसको सफलता मिलने की उम्मीद भी कम हो जाती है। कांग्रेस अपने इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। उसके पास नेतृत्व भी ऐसा नहीं है जो हर चुनाव में जीत दिला दे। निरंतर हार से पार्टी हताश और पस्त है। जब पार्टी हार से हताश व पस्त रहती है तो वही वक्त होता है नेतृत्व के लिए जोखिम उठाने का। यही वक्त होता है पार्टी को जीत के लिए तैयार करने का। इसके लिए पार्टी के बड़ नेताओं को मैदान में लड़ने के लिए उतरते हुए दिखना चाहिए। जीत के लिए लड़ते हुए दिखना चाहिए। कांग्रेस के निचले कार्यकर्ताओं को यही नहीं दिख रहा है। देश में लोग कह रहे हैं कि कांग्रेस नेताओं के यह दिन आ गए है कि वह लोकसभा चुनाव लड़कर लोकसभा में पहुंचने की जगह राज्यसभा के रास्ते संसद में पहुंचना चाहते हैं। देश की जनता और कांग्रेस नेता कम से कम गांधी परिवार से यह उम्मीद नहीं करते है कि वह लोकसभा का चुनाव इसलिए नहीं लड़ना चाहता है कि कहीं वह चुनाव न हार जाए। किसी न कभी कल्पना नहीं की थी कि एक दिन ऐसा भी आएगा कि गांधी परिवार की सबसे बड़ी नेता को संसद में राज्यसभा के जरिए जाना पड़ेगा, वह भी इसलिए कि इस लोकसभा चुनाव में उनकी हार की आशंका उस सीट से है

## संपादकीय

जिस सीट से सोनिया गांधी कभी हारी नहीं है। सोनिया गांधी ने राज्यसभा के लिए राजस्थान से नामांकन भरा है। यानी वह संसद राज्यसभा के जरिए जाना चाहती है। वह इस बार रायबरेली से लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ने वाली है। रायबरेली सीट से सोनिया गांधी के चुनाव नहीं लड़ने

# तो अब यह दिन आ गए हैं कांग्रेस के

से पहला बार ऐसा होगा कि यूपी से गांधी परिवार का कोई चुनाव ही नहीं लड़ेगा यानी गांधी परिवार ने यूपी को छोड़ दिया है। यह भी कहा जा सकता है कि उनको अब यूपी पर भरोसा नहीं रहा कि यहां उनकी जीत हो सकती है। यूपी अब गांधी परिवार के लिए पहले की तरह सुरक्षित नहीं रहा। पहले गांधी परिवार यूपी को अपने लिए सबसे ज्यादा सुरक्षित समझता था। देश का पीएम बनने के लिए नेहरू गांधी परिवार के सदस्य यहीं से चुनाव लड़ते रहे हैं और पीएम भी बनते रहे हैं। पं.नेहरू यहीं के फूलपुर से चुनाव लड़ते थे, इंदिरा गांधी भी रायबरेली से चुनाव लड़ती थी उसके बाद राजीव गांधी, संजय गांधी, सोनिया गांधी व राहुल गांधी भी यहीं चुनाव लड़ते थे। सब अपनी जीत के प्रति आश्वस्त रहते थे। पहली बार राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हारे तो वह फिर अमेठी व यूपी पर भरोसा नहीं कर सके और अमेठी को छोड़कर केरल के वायनाड चले गए। उनके जाने के बाद सोनिया गांधी के यहां से चुनाव लड़ने पर कहा जाता था कि कम से कम किसी को तो यूपी पर भरोसा है। अब सोनिया गांधी के भी यूपी छोड़ राजस्थान चले जाने से कहा जा रहा है कि अब गांधी परिवार का यूपी पर भरोसा नहीं रहा। सोनिया गांधी के यूपी छोड़ने की कई वजहें बताई जा रही हैं। एक वजह तो यह है कि माना जा रहा है कि इस बार वह भी यूपी से हार सकती हैं, वह हारती हैं तो कांग्रेस की बड़ी फजीहत होगी और सांसद के तौर पर मिला घर भी छोड़ना पड़ेगा। हार से बचने के लिए सोनिया गांधी ने राजस्थान से राज्यसभा में जाने का फैसला किया है। एक वजह यह बताई जा रही है कि वह अपनी सीट प्रियंका गांधी को सौंपना चाहती हैं,इसलिए वह राजस्थान चली गईं। अभी तक यह घोषणा नहीं हुई है कि प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी इसलिए माना तो यही जाएगा कि सोनिया गांधी हार के डर से यूपी छोड़ गईं हैं। एक वक्त था जब देश का कोई भी नेता गांधी नेहरू परिवार के नाम से चुनाव जीत जाता था और आज एक वक्त यह है कि देश में गांधी परिवार को अपने लिए सुरक्षित सीट ढूंढनी पड़ रही है। इससे साफ हो जाता है कि देश में अब गांधी परिवार का करिश्मा खत्म हो गया।

# देश को ऊंची उड़ान पर ले जाने को तैयार भारतीय युवा पीढ़ी !

**चिंतन**

**सुनील कुमार महला**



सभी को यह बात ज्ञात है कि भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफ़पीए) के 'स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट, 2023' के डेटा का यह अनुमान है कि भारत में एक साल में डेढ़ फीसदी से ज्यादा जनसंख्या बढ़ी है, जबकि अब चीन दूसरे नंबर पर है। जानकारी के अनुसार चीन की कुल आबादी 142 करोड़ 57 लाख है। आज भारत आबादी के मामले में दुनिया में सबसे बड़ा देश है लेकिन बहुत कम लोग यह जानते होंगे कि भारत की असली ताकत इसकी युवा शक्ति है। सच तो यह है कि आज विश्व का सबसे ज्यादा युवा देश भारत है। युवा देश होना हमारी ताकत भी है। किसी कवि ने युवाओं के बारे में क्या खूब कहा है कि -'सूरज का भी तेज लिए जो,हैं युवा हम वो शक्तिशाली, खण्ड नहीं कर सकता जिसके है उस अखण्ड देश की डाली,ओत-प्रोत हैं यौवन से हम, और नहीं है असमर्थ विकल्प, आह्वान कर युवा क्रांति का, लिया है परिश्रम का संकल्प...!' बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि 50त्न से अधिक जनसंख्या 25 वर्ष से कम आयु की और 65त्न से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। भारत के पास पूरी दुनिया की जमीन का 2त्न हिस्सा है।चीन के पास 6.3त्न हिस्सा है, जबकि दुनिया की कुल आबादी के 18त्न लोग भारत में रहते हैं और लगभग 18त्न लोग चीन में रहते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 15 से 64 वर्ष के 68 प्रतिशत लोग हैं। यानी मोटे तौर पर भारत युवाओं का देश है। भारत में 15 से 24 साल के 25 करोड़ 40 लाख युवा हैं।दुनिया में सबसे ज्यादा युवा शक्ति भारत के पास है। जानकारी देना चाहूंगा कि चीन में 65 वर्ष से ज्यादा के 14 प्रतिशत लोग हैं लेकिन भारत में 65 वर्ष से ज्यादा लोगों का प्रतिशत 7 है। वास्तव में, चीन धीरे धीरे बूढ़ों का देश बन रहा है और भारत युवाओं का। आंकड़े बताते हैं कि भारत में 25 प्रतिशत जनसंख्या 0-14 आयु वर्ग के बच्चों की है।18 प्रतिशत 10-19 साल की आयु के बच्चों की आबादी है। वहीं 10 से 24 साल के आयु वर्ग की जनसंख्या 26 प्रतिशत है। सबसे ज्यादा 68 प्रतिशत जनसंख्या 15 से 64 आयु वर्ग में हैं, जबकि जैसा कि ऊपर बता चुका हूं कि 65 से ऊपर के लोग सिर्फ7 प्रतिशत ही हैं। यदि हम यहां आंकड़ों पर गौर करें तो हम पाएंगे कि देश की कुल आबादी में आधे से ज्यादा लोगों की उम्र 40 से कम है। देश में 2020 में 10 से 14 उम्र वर्ग के लोगों की तादाद सबसे ज्यादा थी। भारत 15 से 30 साल के बीच की उम्र के लोगों को युवा मानता है। इस लिहाज से देश की 27 फीसद आबादी युवा है। भारत करीब 25 करोड़ युवाओं का देश है। इस लिहाज से यह चीन से आगे हैं। चीन में 17 करोड़ युवा आबादी है। दुनिया में कुल आबादी की तादाद 121 करोड़ से ज?यादा है। चीन 15 से 35 साल के बीच की उम्र के लोगों को युवा कहता है। इस लिहाज से भारत की 35 फीसद आबादी युवा है। संयुक?त राष?ट्र 15 से 25 साल के बीच की उम्र के लोगों को युवा कहता है, इस लिहाज से भारत की 18 फीसद आबादी युवा है। जानकारी देना चाहूंगा कि पाक की कुल आबादी का तीन करोड़ ही युवा हैं। इस तरह भारत, पाकिस?तान से कहीं आगे है। पाकिस?तान में 48.2 फीसद ज?यादा युवा भारत में हैं। इस मामले में भारत चीन से आगे है चीन की 144 करोड़ की आबादी में 17 करोड़ युवा ही हैं। कुल युवा आबादी में 57 फीसद युवा सिर्फ10 देशों में रहते हैं। इसमें भारत सबसे ऊपर है। संयुक्त राष्ट्र के विश्लेषण के अनुसार बिहार और उत्तर प्रदेश में युवा आबादी अधिक है। यूएनएफपीए की भारत की प्रतिनिधि और भूटान की निदेशक ने यह बात कही है कि , 'भारत की 1.4 अरब आबादी को 1.4 अरब अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए।' सच तो यह है कि भारत के युवा लैंगिक असमानता, गरीबी और पर्यावरणीय गिरावट जैसे महत्त्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने पिछले कुछ समय में ही शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता, आर्थिक विकास के साथ-साथ तकनीक में काफी प्रगति की है, लेकिन भारत को अपनी युवा शक्ति का फायदा उठाने के लिए नौकरियों और काम के अवसर बढ़ाने होंगे?। युवाओं की आबादी के मामले में भारत चीन व पाकिस्तान से आगे है। वास्तव में भारत के युवा देश होने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यहां आज कामकाजी लोगों की संख्या पाकिस्तान व चीन से ज्यादा है। कितनी अच्छी बात है कि आज देश की 68 प्रतिशत आबादी कामकाजी है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2011 में 10-24 आयु वर्ग के 36.5 करोड़ लोग थे, जो 2024 में 38 करोड़ से भी अधिक होने का अनुमान है। जनसंख्या एक संसाधन है। यह हम सभी को गौरवान्वित करता है कि दुनिया में सबसे ज्यादा 'यूथ पावर'(युवा शक्ति)आज हमारे देश भारत में है। दुनिया का हर पांचवां यंगस्टर यानी कि युवा भारतीय है। इन्हीं यंगस्टर्स(युवाओं )की बदौलत दुनिया की 13 बड़ी इकोनॉमीज(अर्थव्यवस्थाओं)में भारत की विकास दर बीते कुछ सालों में तीसरे नंबर पर रही है। वास्तव में

देश का युवा वर्ग वह बड़ा मानव संसाधन है, जिनका उपयोग शिक्षा, खेलकूद, विभिन्न सामाजिक, आर्थिक गतिविधियों के साथ ही राजनीति के क्षेत्र में उन्हें आगे लाकर किया जाना चाहिए। युवा यदि शिक्षा,खेल, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर काम करेंगे तो निश्चित ही देश व समाज तरक्की के पथ पर अग्रसर हो सकेगा। वास्तव में युवा बुजुर्ग पीढ़ी के अनुभवों व ज्ञान का लाभ लेकर देश व समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। युवा ऊर्जा व शक्ति से भरपूर होते हैं और उनकी शक्ति व ऊर्जा से देश व समाज को एक नवीन दिशा मिल सकती है। यहां यह बात कहना ग़लत नहीं होगी कि युवा राजनीतिकों की विकसित और आधुनिक सोच के साथ देश की बुजुर्ग पीढ़ी के लंबे राजनीतिक अनुभव का उपयोग देश की शांति, एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने में कारगर सिद्ध हो सकते हैं। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का यह मानना था कि बच्चे किसी भी देश का असली भविष्य होते हैं। नेहरू जी ने यह बात कही थी कि ', 'बच्चे एक बगीचे में कलियों की तरह होते हैं और उन्हें सावधानीपूर्वक और प्यार से पालना चाहिए, क्योंकि वे देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं। आज जो कुछ बच्चों को सिखाएंगे तो वह कल एक बेहतरीन भारत बनाएंगे। जिस तरह से हम उनका पालन-पोषण करेंगे, वही देश का भविष्य तय करेगा।' आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। यदि हम अपनी युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ साथ ही खेलकूद गतिविधियों से मिलने वाले लाभों की जानकारी समय- समय पर देते रहे तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में अपने कौशल से देश का नाम रोशन कर सकते हैं। आज का युवा वर्ग विश्व पटल पर भारत को अपने बलबूते पर अपने कौशल के साथ नई-नई ऊंचाइयों पर ले जाने में पूरी तरह सक्षम हैं, बस उन्हें उचित अवसर दिए जाने की जरूरत है। कहना ग़लत नहीं होगा कि अवसर और जगह के अभाव में बेहतरीन प्रतिभाएं असमय ही दम तोड़ जाती हैं। इसलिए युवाओं को स्टेज प्रदान किया जाता आज बहुत आवश्यक है। सही शिक्षा से समाज की बेहतर व्यवस्था का निर्माण किया जा सकता है। बुजुर्ग पीढ़ी का यह दायित्व है कि वे युवाओं को सही दिशा देने में मार्गदर्शक की भूमिका का निर्वहन करें। गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने भी यह बात कही थी कि 'हर बच्चा यह संदेश लेकर आता है कि ईश्वर अभी मनुष्य से निराश नहीं हुआ है।' स्वयं एपीजे अब्दुल कलाम इस बात के पक्षधर थे कि 'आइए हम अपने आज का बलिदान दें, ताकि हमारे बच्चों का कल बेहतर हो सके।' आज का युवा सीखने और नई चीजों को तलाशने के लिए उत्सुक हैं। अब जब वे अपने बड़ों से सलाह ले सकते हैं तो वे हर कदम पर उनके द्वारा निर्देशित नहीं होना चाहते हैं, यह हमारी बुजुर्ग पीढ़ी को समझने की जरूरत है। कहना ग़लत नहीं होगा कि समाज और देश को बेहतर बनाने और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में युवाओं को सम्मिलित करना अति महत्त्वपूर्ण है।भारतीय लोकतंत्र का भविष्य भी युवा कंधों पर ही है। परिवर्तन का दूसरा नाम युवा है और याद रखिए कि युवा शक्ति जिस ओर चलती है, जमाना भी उसी ओर चल पड़ता है। युवा ही देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे राष्ट्र के लिए कई परिवर्तन, विकास, समृद्धि और सम्मान लाने में युवा सक्रिय रूप से शामिल हुए हैं। इतना ही नहीं समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता है। इतिहास इस बात का गवाह है कि आज तक दुनिया में जितने भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, चाहे वे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक रहे हों, उनके मुख्य आधार युवा ही रहे हैं। भारत में भी युवाओं का एक समृद्ध इतिहास रहा है। गौरतलब है कि युवाओं की बड़ी आबादी की मदद से भारत आने वाले थोड़े समय के भीतर ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। कुछ समय बाद ही विश्व की कुल जीडीपी में भारत का योगदान लगभग छह फीसद से अधिक होगा। याद रखिए कि बिना खनिज संसाधन के तो किसी देश का विकास हो सकता है, लेकिन बिना मानव संसाधन के देश के विकास के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। वास्तव में,युवाओं को एक उन्नत और आदर्श जीवन की ओर अग्रसर करना वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत है। यह सच है कि जितना योगदान देश की प्रगति में कल-कारखानों, कृषि, विज्ञान और तकनीक का है, उससे बड़ा और महत्त्वपूर्ण योगदान स्वस्थ और शक्तिशाली युवाओं का होता है। अंत में किसी कवि के शब्दों में यही कहना चाहूंगा कि -'...नहीं आग है इन हाथों में, हम खुद ही एक चिंगारी हैं, अंधता और अत्याचारों से, युद्ध हमारा फिर जारी है, ये युवा ही राष्ट्र शक्ति हैं, देश कर्म फैला कर देखो हम सब ही तो सिद्ध युक्ति हैं, दृढसंकल्प जगा कर देखो...!'

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनाई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद भी मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे। आज आपके स्वभाव में संयम और धीरज बना रहेगा, जिसके कारण आप अपनी सभी समस्याओं का हल आसानी से ढूंढ लेंगे।

वृष राशि-आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके मिल सकते हैं। नए विचार आपके सामने आते रहेंगे। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम जोश से पूरा करने की कोशिश करें। आपकी कोशिशें जल्द ही रंग ला सकती हैं। अगर आज किसी को प्रपोज करना चाह रहे हैं तो कर सकते हैं। आज आपकी किस्मत आपका सपोर्ट करेगी। बेरोजगारों को रोजगार मिल सकता है। आज आप खुले मन से बात करेंगे

मिथुन राशि-आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नए काम करने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। पार्टनर से प्यार और सहयो मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का समय ठीक रहेगा। आज कोई नया इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीद सकते हैं।

कर्क राशि-आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज आप जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं। इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। आज ऑफिस में पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगे। आज रुठे हुए साथी को मनाने के लिए उसे मनपसंद गिफ्ट दे सकते हैं। कोई भी फैसला सोच-समझकर लें। किसी काम में जल्दवाजी करने से आपको नुकसान हो सकता है।

सिंह राशि-आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व भी हो जाएगी। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा, ड्राई फूड खाएं। बच्चों के साथ बाहर घूमने का प्लान बन सकता है। आज दांपत्य जीवन में पहले से चल रहे विवाद से राहत मिलेगी। अपने खर्चों को कंट्रोल करें, नहीं तो आपको परेशानी हो सकती है।

कन्या राशि-आज आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकाल कर प्रकृति का आनंद लें। आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीजों के मोलभाव पर लाभ होगा। अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। आपका आत्मबल आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा। सरकार से संबंधित काम करवाने के लिए आपको थोड़े धैर्य से काम लेना होगा। यदि छात्र किसी नए पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं तो आज का दिन अनुकूल है। बच्चों की कामयाबी पर आप गर्व महसूस करेंगे।

तुला राशि-आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आज आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आपके बनाए प्लान में कोई बदलाव हो सकता है। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। दिल की बजाए दिमाग से काम लें। व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज से छुटकारा मिलेगा। आज ऑफिस में आपका प्रमोशन होने के चांस बन रहे हैं। आज परिवार वालों के साथ किसी रिश्तेदार की शादी में जा सकते हैं।

वृश्चिक राशि-आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। धन लाभ का योग बन रहा है। समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान होगा। शत्रु आपको हराने का प्रयास करेंगे, लेकिन आपके सम्मुख ठहर नहीं सकेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को विशेष सफलता हासिल होगी ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों को आय के नए श्रोत मिलेंगे। आज अचानक से आपके किसी पुराने मित्र का फोन आ सकता है। जरूरतमंद को भोजन कराने से आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

धनु राशि-आज आपका रुझान अध्यात्मक की तरफ ज्यादा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज पड़ोसियों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। शिक्षा प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलेगी। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। माता के साथ संबंध मधुर रहेंगे। बिजनेस में पिता को सहयोग करेंगे। खानपान और जीवनशैली पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। लवमेट वालों का आज रिश्ता तय होने का योग बन रहा है। गरीबों को जरूरत की चीजों का दान दें।

मकर राशि-आज कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोत्तरी भी हो सकती है, जिससे आपका आज का दिन अच्छा रहेगा। अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें। छात्रों के लिए भी आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। आज आपके व्यापार में फायदे के आसार नजर आ रहे हैं। धन लाभ से आप अपने अटके हुए काम पूरे कर सकते हैं।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आज आपकी मुलाकात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से वार्तालाप हो सकती है। आज के दिन दूर की यात्रा करने से बचें, अपने स्वास्थ्य को राहत देने के लिए ये डिसीजन ठीक होगा। बिजनेस में निवेश के लिए सही समय की प्रतीक्षा करें।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्वक रहेगा। आज कोई भी शुभ कार्य करेंगे और साथ ही मांगलिक कार्य भी करेंगे। संतान के करियर के लिए मन में चिंताएं बनी रहेंगी। दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुफ्त उठा सकते हैं। पूरा दिन इंज्वाय से भरा रहेगा। सरकारी ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं। हो सकता है आपका प्रमोशन भी कर दें। आज नए लोगों के साथ संपर्क बनेगा। जिसका फायदा आपको भविष्य में मिलेगा। आज कोई भी नया काम शुरु करते समय माता-पिता के पैर छू कर ही करें।

## व्यंग्य

# ट्यूशन: लघु कुटीर उद्योग

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

ट्यूशन भारत का अतिप्रिय लघु कुटीर उद्योग है। इस उद्योग का सर्वेसर्वा अध्यापक होता है। उसे स्कूल और ट्यूशन केंद्रों में बच्चों का बचपन खाने में बड़ा मज़ा आता है। पता नहीं क्यों लोग अध्यापक से इतना जलते हैं। जो खुद मानसिक आग में जलता हो उससे भला जलने से क्या लाभ। भारत जैसे शास्त्र प्रधान देश में ट्यूशन-शास्त्र पर अभी तक एक भी ग्रंथ नहीं है। शास्त्रों की बखिया उधेड़ने वालों के लिए यह डूब मरने की बात है। इस प्रक्रिया के कुछ सोपान निश्चित किए जा सकते हैं। विद्वत्ता से प्रभावित होकर ट्यूशन पढ़ने वाले छात्रों को उच्च श्रेणी में रखा जा सकता है इनका शास्त्रीय विवेचन करना व्यर्थ है। इनके अतिरिक्त ट्यूशन घेरने के लिए छात्रों पर फंदा डालना पड़ता है। इसके कई तरीके हैं- कक्षा में देर से आना, कक्षा में पहुँचकर माथा पकड़कर बैठ जाना। एकाध सवाल समझाकर सारे कठिन सवाल गृह-कार्य के रूप में देना। यदि छात्र कक्षा में कुछ पूछे तो - कक्षा के बाद पूछ लेना कह देना। कक्षा के बाद पूछे तो घर आओ तब ही ढंग से बताया जा सकता है। दूसरी विधि- छमाही परीक्षा में चार-पाँच को छोड़ बाकी छात्रों को फेल कर देना। फिर देखिए सुबह-शाम छात्रों की भीड़ गुरु-गृह में दृष्टिगोचर होने लगेगी। इस प्रकार जब दूकान चल निकलती है तो दो शिफ्ट सुबह में वास्तविक पढ़ाई शुरू हो जाती है। गुरु जी पढ़ाते समय विभिन्न दैनिक एवं पारिवारिक कार्यों को भी संपन्न करते रहते हैं - एक पंथ दो काज। विनाशक जी छुटके की रुलाई रोकने के लिए सिंहासन छोड़कर कई बार घर के अंदर जाते हैं। इसी बीच बाथरूम में जाकर नहाना, नहाने के बाद अगरबत्ती जला कर पूजा करना और बीच-बीच में दिशा निर्देश भी करते जाते हैं - महेश तुम गुणनखंड के आठ प्रश्न अभी हल करो। श्रद्धा-भक्ति बढ़ाओ संतन की सेवा और सोहन तुम वृत्त के सभी प्रश्न कर जाओ। इस प्रकार कार्यरत रहने से ये गुरु-शिष्य विद्यालय में देर से पहुँच कर गौरव प्राप्त करते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि छात्रों के हृदय से सेवा-भावना का लोप हो रहा है। इन गैर सरकारी कुटीर शिक्षा केंद्रों का निरीक्षण करें तो उन्हें अपनी विचारधारा बदल देनी पड़ेगी। सुबह के समय एक छात्र डेरी से दूध ला रहा है। दूसरा गुरु-पुत्र को विद्यालय पहुँचा रहा है। तीसरा गुरु पत्नी की सेवा में जुटा हैं और सिल पर मसाला पीस रहा है, चौथा अंगीठी लगाने में सहायता कर रहा है। चक्की से गेहूँ पिसवा कर लाना, सब्ज़ी मंडी से सब्ज़ी लाना, धोबी के यहाँ मैले कपड़े भिजवाना, गुरु जी के लिए दूकान से बीड़ी-पान ख़रीद कर लाना इन सभी कार्यों को छात्र ही संपन्न करते हैं। इस प्रकार शिक्षा में श्रम अनायास ही जुड़ जाता है। यदि सेवा भावना से गुरु प्रसन्न है तब भगवान भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता। गुरु जी अगर नाराज़ है तो भगवान भी सहायता नहीं कर सकते। कबीर अनपढ़ भले ही रहे हों परंतु नासमझ नहीं थे। वे जानते थे कि शिष्य को व्यावहारिक होना चाहिए। इसलिए वे सबसे गुरु के चरण छूने की सलाह देते हैं। गुरु और भगवान की मिली भगत से वे अच्छी तरह परिचित थे। यही जानकर उन्होंने इशारा किया था- कह कबीर गुरु रुठते हरि नहिं होत सहाय। ज्ञान ध्यान स्नान के लिए एकांत होना आवश्यक है। कक्षा की भीड़-भाड़ में ज्ञान-चर्चा करना व्यर्थ है। आज हमारी सरकार शिक्षा-नीति के परिवर्तन पर बहुत दे रही हैं। मेरी सलाह कोई माने तो हींग लगे न फिटकरी रंग चोखा चढ़े। सब विद्यालय बंद करा दिए जाएँ। भवन-निर्माण, फर्नीचर, वेतन सभी खर्च समाप्त। कुटीर शिक्षा-केंद्र चलाने के लिए धाकड़ अध्यापकों को प्रोत्साहित किया जाए। ट्यूशन धौंकने वाले अध्यापक से लाभ ही लाभ है। अपने प्रिय छात्र के लिए अध्यापक को कम पापड़ नहीं बेलने पड़ते हैं। परीक्षा कक्ष में नकल की विशेष छूट देना, पेपर आउट करना, कॉपी में नंबर बढ़ाना या घर जाकर कॉपी में लिखवाना। लिखित परीक्षा में दस प्रतिशत नंबर लाने वाले छात्र को प्रयोगात्मक परीक्षा में नब्बे प्रतिशत अंक दिलवाना आदि बहुत-सी सेवाएँ सम्मिलित हो जाती हैं। बाहर से आने वाले परीक्षक को अपने घर से दूर रखना लेकिन किसी जाल में फँसे शिष्य के घर से जाकर द्राक्षासव के साथ मुर्ग-मुसल्लम का भोग कराना भी आवश्यक हो जाता है। विद्यालय की दीवारें इनको काटने के लिए दौड़ती हैं। जिस प्रकार चोर को चाँदनी रात अच्छी नहीं लगती इसी प्रकार हरामखोरी न करने वाले शिक्षक इन्हें फूटी आँख नहीं सुहाते। अत- यह अजन्मा लोगों के अज्ञात-नामों के शिकायती पत्र लिखने का पुण्य भी लूटते रहते हैं। अपने मन बहलाव के लिए यह छात्रों के भविष्य को उजाड़ने वाले पुण्य पुरुषों का लीडर बनकर अपने हीनभाव ग्रस्त मन को सांत्वना देते हैं। इनकी राणा की पुतली फिरी नहीं चेतक तब मुड़ जाता था वाली हालत रहती हैं। दूर से यदि प्राचार्य की परछाई भी दिखाई दे गईं तो ये चुपचाप कक्षा में पदार्पण कर जाते हैं। वैसे कक्षा में इनके रहने या न रहने से कोई अंतर नहीं आता है क्योंकि जैसे कंता घर रहें तैसे रहें बिदेस। यदि कोई सनकी अध्यापक इनके धंधे-पानी में बाधा बनता है तो ये नाग साँप बनकर उसे डसने का मौका ढूँढ़ते रहते हैं। मुँह का ज़ायका बदलने के लिए ये चुगली का भी सहारा लेते हैं लेकिन इनकी हालत भुस-भरे कटड़े से आगे नहीं बढ़ पाती है जिसको दूध निकालने के लिए भैंस के आगे रख दिया जाता है। भला हो शिक्षा बोर्ड वालों का यदि अर्ध-वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों को बोर्ड की परीक्षा से वंचित करने का नियम दिया जाए। इससे ट्यूशन के कुटीर उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा तथा धंधे की गिरती हुई प्रतिष्ठा को बल मिलेगा। बच्चे एक ही समय में स्कूल, ट्यूशन, कोचिंग, और किसी खुशी का पूरा और सच्चा अनुभव भी लेना चाहते हैं। आज के बच्चे ट्यूशन में इतने खोए हुए हैं कि वहीं तक सीमित रह गए हैं।बच्चों की खुशी को ताक पर रखकर उनके बचपन को बर्बाद करने का परिणाम लाखों रुपए कमाना है।

## चर्चित मुद्दा

-डॉ. सत्यवान सौरभ

# खेती घाटे का सौदा लेकिन एमएसपी व्यावहारिक संभव नहीं है

**बड़ी टेढ़ी खीर है एमएसपी की गारंटी वाला कानून, एमएसपी कानून की माँग किसान और देश के हित में नहीं है। फसल की अच्छी क्वालिटी होगी तभी उसकी एमएसपी पर खरीद की जाएगी अन्यथा नहीं। ऐसे में अगर सरकार ने एमएसपी पर गारंटी दे दी तो उस फसल की क्वालिटी अच्छी है या नहीं ये कैसे तय किया जाएगा और अगर फसल तय मानदंडों पर खरी नहीं उतरती है तो उसका क्या होगा। दूसरा अन्य फसलों को एमएसपी में शामिल करने स पहले सरकार उसका बजट भी तय करना होगा। देश में पैदा होने वाली हर फसल को एमएसपी के दायरे में लाने की किसानों की बड़ी मांग को मानने का मतलब होगा, पूरा केंद्रीय बजट इसके लिए समर्पित करना। इससे अगले पांच सालों के लिए भारत कीतीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का लक्ष्य गंभीर खतरे में पड़ जाएगा और लोगों को डायरेक्ट और इनडायरेक्ट टैक्स के जरिए ज्यादा टैक्सेशन का सामना करना पड़ेगा।**

एमएसपी का उद्देश्य फसल की कीमत में उतार-चढाव के बीच किसानों को नुकसान से बचाना है। इसकी गारंटी आज देश में सबसे बड़ा मुद्दा बन गई है जोव्यावहारिक, संभव नहीं है। भारत सरकार सिर्फ 23 फसलों पर ही एमएसपी की घोषणा करती है। उनमें भी गेहूं और धान की फसलों की खरीद ही एमएसपी पर होती है, क्योंकि खाद्य सुरक्षा और भंडारण के लिए सरकार को इन फसलों की व्यापक खरीद करनी पड़ती है। किसानों की निरंतर मांग रही है कि एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाए। इसके मायने होंगे कि सरकार ने कागज पर उतना दाम दिलाने का वायदा किया है। लेकिन सरकार यह तय नहीं कर सकती कि वह कितनी मात्रा खरीदना चाहती है। किसानों द्वारा सरकार को कितना अनाज दिया जाता है? खरीदना होगा। बाजार कीमतें एमएसपी से तय होती हैं जो ज्यादातर समय ऊंची ही रहती है। एमएसपी-आधारित खरीद प्रणाली की बड़ी समस्या बिचौलियों, कमीशन एजेंटों पर कामकाजी निर्भरता और एपीएमसी (कृषि उपज विपणन समिति) के अधिकारियों की लालफीताशाही है। एक औसत किसान के लिए इन मंडियों तक पहुंच पाना मुश्किल होता है और वह कृषि उपज बेचने के लिए बाजार पर निर्भर रहता है। वर्तमान प्रणाली विशेष फसलों की बाजार में बहुतायत पैदा करती है। इससे साल-दर-साल गहन खेती होती है, जिससे मिट्टी का क्षरण होता है। किसान अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बाज़ार के अनुरूप ढलने के बजाय राजनीतिक दबाव पर भरोसा करते हैं। यह सब इस क्षेत्र में निजी निवेश को दूर रखता है और इस प्रकार कृषि में पिछड़ेपन में योगदान देता है। यह मिट्टी को ख़राब करता है क्योंकि मिट्टी की स्थिति चाहे जो भी हो, कुछ फसलों को प्राथमिकता दी जाती है जिनके ऊपर एमएसपी होता है जिसके परिणामस्वरूप समूह के जल संसाधनों का दोहन, क्षारीयता, लंबे समय में फसलों के उत्पादन में कमी और पर्यावरण को बहुत नुकसान होता है। अगर एमएसपी लाया जाता है तो सरकार की नज़र अतिरिक्त व्यय पर होगी जो सालाना 10 लाख करोड़ होगा; जो हमारे पिछले वर्ष के बुनियादी बजट से भी अधिक है। इसलिए इसकी मांग का कोई अर्थ नहीं है। यह सच है की खेती घाटे का सौदा बन गयी है लेकिन खेती क्या किसी भी उत्पाद का मूल्य सरकार तय नहीं कर सकती। सरकार के पास भी आर्थिक स्त्रोतों की एक सीमा होती है।

एमएसपी प्रणाली न्यूनतम मूल्य तय करने वालेकानून की परिकल्पना करती है ताकि किसान को आर्थिक रूप से नुकसान न हो। एमएसपी कोलेकर कानूनी बाधाएं एक जटिल मुद्दा है। इसके अलावा, ये सिर्फ कानूनी मुद्दे नहीं हैं, बल्कि कार्यान्वयन के और भी मुद्दे हैं। कानूनी तौर पर इन्हें उतनी आसानी से हल नहीं किया जा सकता है,जितनी किसान उम्मीद कर रहे हैं कि ये हो जाएंगे। पिछले साल ज्वार, तुअर, कपास, उड़दऔर धान (गैर-बासमती) की अखिल भारतीय औसत कीमतें उनके एमएसपी से 5 से 38 प्रतिशत तकअधिक थीं। कर्नाटक में मक्के की कीमतें एमएसपी से अधिक थीं, लेकिन पूरे भारत में वे कम दिख रही थींजो अन्य राज्यों में कम गुणवत्ता के कारण हो सकता है। दरअसल कीमतों का यहउतार-चढ़ाव ही एमएसपी पर गारंटी के लिए सबसे बड़े बाधक के रूप में सामने आ रहा है।दूसरा, पंजाब की मुख्यफसल धान व गेहूं है, दोनोंपर एमएसपी पहले से है और इसकी खरीद सरकार कर रही है। वहीं, एमएसपी पर कानून बनने से बाकी फसलों कोखरीदना भी सरकार की मजबूरी होगी और उनको स्टोर करना व आगे बेचना सरकार कीजिम्मेदारी बन जाएगी। इसलिए एमएसपी पर कानून आसान नहीं है। एमएसपी हमेशा फसल की एक %%फेयर एवरेजक्वालिटी%% के लिए दिया जाता है। यानी कि जब फसल की अच्छी क्वालिटी होगी तभी उसकी एमएसपी पर खरीद की जाएगी अन्यथा नहीं। ऐसे में अगर सरकार ने एमएसपी पर गारंटी दे दी तो उस फसल की क्वालिटी अच्छी है या नहीं ये कैसे तय किया जाएगा और अगर फसल तय मानदंडों पर खरी नहीं उतरती है तो उसका क्या होगा। दूसरा अन्य फसलों को एमएसपी में शामिल करने सेपहले सरकार उसका बजट भी तय करना होगा। देश में पैदा होने वाली हर फसल को एमएसपी के दायरे में लाने की किसानों की बड़ी मांग को मानने का मतलब होगा, पूरा केंद्रीय बजट इसके लिए समर्पित करना। इससे अगले पांच सालों के लिए भारत की÷तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था÷ का लक्ष्य गंभीर खतरे में पड़ जाएगा और लोगों को डायरेक्ट और इनडायरेक्ट टैक्स के जरिए ज्यादा टैक्सेशन कासामना करना पड़ेगा। किसानों का फायदा पहुंचाने और उन्हें किसी भी नुकसान से बचाने के लिए फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था काफी सालों से चल रही है। केंद्रीय सरकार फसलों की निम्नतम कीमत तय करती है जिसे एमएसपी या फिर न्यूनतम समर्थन मूल्य कहा जाता है। सवाल यह उठता है की क्या एमएसपी कानून बनाने से किसानों की सारी समस्याएं हल हो जाएगी? अभी सरकार लगभग 23 फसलों पर एमएसपी देती है। क्या किसान इन सभी फसलों को एमएसपी पर बेचते है? कई बार ऐसा होता है कि कई फसलें एमएसपी से कम या एमएसपी से ज्यादा मूल्य पर बेचीं जाती है। दरअसल फसलों के दाम बहुत हद तक हालात पर निर्भर करते है। इसलिए एमएसपी घोषित होने के बावजूद अलग-अलग दामों पर फसलें बेचीं जाती है। जब कोई खरीदार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का भुगतान करने को तैयार नहीं होगा तो सरकार के पास बड़ी मात्रा में उपज का भंडारण करने के लिए आवश्यक भौतिक संसाधन नहीं हो सकते हैं। सरकार को खरीद और उन खरीदों को करने में तेजी की एक और चिंता का भी सामना करना पड़ेगा। एमएसपी लगाने से भारत के निर्यात पर असर पड़ सकता है, क्योंकि निजी व्यापारियों को एमएसपी पर खरीदारी करने के लिए मजबूर करना मुश्किल हो सकता है। साथ ही, जो किसान उक्त फसलें नहीं उगाते हैं वे इस मांग का समर्थन नहीं कर सकते क्योंकि इससे उन्हें कोई लाभ नहीं होगा। ये सरकार ही है कि विपरीत परिस्थितियों में किसानों कि जेब पर बोझ नहीं पड़ने देती किसानों को समझना होगा कि एमएसपी घोषित होने से उनका भला नहीं होगा। उनका भला तब होगा जब उनकी कृषि लगत कम होगी और उनकी उपज बिना किसी बिचौलिए के मंडी तक पहुंचेगी। स्टार्टअप के इस युग में किसानों को एमएसपी कि बजाय मार्केटिंग कि मांग करनी चाहिए। एमएसपी कानून से सरकार पर लगभग 10 लाख करोड़ रुपया अतिरिक्त खर्च आएगा। इसके लिए देश का बुनियादी ढांचा ही बिगड़ जायेगा या फिर चिकित्सा /रक्षा खर्च में कटौती होगी। या जनता पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष टैक्स लगेंगे। क्या देश इंफ्रा और डिफेंस से सरकारी खर्च को कम करने के पक्ष में होगा? क्या डायरेक्ट और इनडायरेक्ट टैक्स को बढ़ाने के पक्ष में कोई है या होगा? ऐसे में समस्या कृषि या आर्थिक नहीं है। देश की अर्थव्यस्था सँभालने की जिम्मेदारी केवल सरकार की न होकर प्रत्येक नागरिक की है।

## एक नजर

### कोकड़ी पंचायत पर भ्रष्टाचार का आरोप,शिवसेना धारने पर



**गरियाबंद 16 फरवरी।** शिवसेना जिला गरियाबंद के द्वारा पूर्व मे ग्राम पंचायत कोकड़ी में सरपंच व सचिव के भ्रष्टाचार मे सँलिप्तता के विरोध में कार्यँवाही की मांग किया गया था ।लेकिन कोई कार्यवाही नही होने के कारण आज शिवसेना जिला गरियाबंद जनपद पंचायत गरियाबंद के समक्ष आंदोलन रत है अपने धरना प्रदर्शन में वे जमकर शासन प्रशासन और जनपद पंचायत के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे हैं उनका कहना है जब तक सरपंच सचिव के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हो जाती तो आने वाले समय में भी यह धरना प्रदर्शन और आंदोलन जारी रखने की बात शिवसेना ने कही है । ग्राम पंचायत कोकड़ी में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाकर सरपंच को बर्खास्त करे एवं एवं सचिव को निलंबित किया जाये अन्यथा शिवसेना एक हफ्ते में फिर से उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### राशनकार्ड का नवीनीकरण अब 25 फरवरी तक

**उत्तर बस्तर कांकेर, 16 फरवरी।** राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण कार्य के लिए अंतिम तिथि को बढ़ाते हुए अब 25 फरवरी निर्धारित की गई है। ऐसे हितग्राही जिन्होंने अब तक अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं करा पाए हैं, वे 25 फरवरी तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। खाद्य अधिकारी ने बताया कि राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट http://khadya.cg.nic.in से भी इसे डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डह्यह्यह्यधारी अपने मोबाईल में इस एप के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहां पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है।

# निजी संस्थाओं के सहयोग से सुपोषण किट एवं बैग विथ एजुकेशनल डेस्क का वितरण

## सांसद श्री मोहन मंडावी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 16 फरवरी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प 'कुपोषण मुक्त भारत' के लिए सांसद श्री मोहन मंडावी के प्रयासों एवं गेल इंडिया के सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बच्चों एवं महिलाओं को चारामा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुरी में आयोजित कार्यक्रम में सुपोषण किट एवं स्कूली बच्चों को बैग विथ एजुकेशनल डेस्क का वितरण किया गया। सांसद श्री मोहन मंडावी ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और जन-जन तक निरोगी काया को स्वस्थ रखने का संदेश पहुंचाना है। सुपोषण किट में बच्चों को सुपोषित आहार के साथ-साथ 12 प्रकार की सामग्री वितरित की जाएगी। बैग विथ एजुकेशनल डेस्क में बच्चों के लिए एक छोटी टेबल भी जोड़ी गई है, जिससे बच्चां की रीढ़ की हड्डी में कोई झुकाव न हो, आंखों की रोशनी ठीक रहे, गर्दन पर झुकाव न हो। इसके साथ-साथ बैग




के वजन का भी पूरा ध्यान रखा गया है, जिसे बच्चे आसानी से ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शरीर के लिए आवश्यक सन्तुलित आहार लम्बे समय तक नहीं मिलना ही कुपोषण है। कुपोषण के कारण बच्चों और महिलाओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, जिससे वे आसानी से कई तरह की बीमारियों के शिकार बन जाते हैं। अतः कुपोषण की जानकारियाँ होना अत्यन्त जरूरी है। बच्चों और स्त्रियों के अधिकांश रोगों की जड़ में कुपोषण ही होता है। सांसद श्री मंडावी द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण किट तथा प्राइमरी स्कूल में अध्यनरत बच्चों को स्कूल बैग प्रदान कर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रशंसनीय प्रयास के साथ-साथ आयुष्मान भारत की पहल करने हेतु यूनीसेड ने गेल इंडिया लिमिटेड के साथ जनवरी 2024 में अनुबंध किया है। गेल इंडिया लिमिटेड के द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत जिले के 0 से 06 साल तक के बच्चों के लिए 12800 सुपोषण किट और 9400 बच्चां को एजुकेशनल डेस्क वितरण करने की योजना है, जिसके तहत विकासखंड में कुपोषित बच्चों के लिए पोषण किट्स का वितरण तथा शासकीय स्कूली बच्चों के लिए एजुकेशनल डेस्क का वितरण किया जाएगा। जमीनी स्तर पर जनता के व्यापक कल्याण के लिए सांसद श्री मोहन मंडावी तथा यूनीसेड ने प्रदेश के सभी जनपद में इस पहल की शुरूआत की है। स्वास्थ्य केंद्रित कार्यक्रम न केवल स्वस्थ भोजन खाने की आदत को प्रोत्साहित करता है, बल्कि स्वास्थ्य जीवन शैली बनाए रखने की ओर भी ध्यान आकर्षित करता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भारत सरकार चीफ मेंटर यूनीसेड के वरिष्ठ सलाहकार श्री अवनीश त्रिपाठी, गेल इंडिया लिमिटेड मैनेजर श्री असिम ए. अंसारी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री भुवन जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्रीमती शकुंतला कोमरे सहित बीईओ, प्राचार्य एवं सरपंच उपस्थित थे।

# पत्रकार संघ जिला दंतेवाड़ा ने किया देश के शहीदों को याद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल 16 फरवरी।** दंतेवाड़ा जिले के सविधान की कलम से पत्रकार संघ ने आज किरंदुल मे पुलवामा हमले के शहीदो और देश मे हुऐ शहीदो को श्रद्धांजलि दी दंतेवाड़ा जिले मे नये पत्रकार संघ का आज गठन हुआ और आज इस सविधान की कलम से पत्रकार संघ ने अपने गठन के दिन को देश के वीर शहीदो के नाम करते हुऐ देश के शहीदो को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम किरंदुल के बस स्टैंड चौक मे आयोजन किया जिसमे नगर के सभी नगरवासियो को बुलाया गया अनु विभागीय अधकारी पुलिस कपिल चंद्रा और थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू को विशेष आमंत्रित किया गया थाना प्रभारी अपने पूरी थाना स्टॉफ के साथ आ कर शहीदो को श्रद्धांजलि दिये इस कार्यक्रम मे देश मे अपनी सेवा दे चुके भुत पूर्व सैनिक को भी आमंत्रित किया गया और उनको श्री फल और सॉल दे कर सम्मान किया गया इस क्रम में स्कूल के बच्चों के द्वारा देशभक्ति गीत गाए गए जिसमे बी आई ओ पी विद्यालय के बच्चों ने सामूहिक गीत गया और विद्यालय की संगीत शिक्षिका अर्चना बघेल ने अपने सुरीली आवाज से लोगों का दिल जीत लिया वही डी ए वी बच्चों ने भी सामूहिक गीत प्रस्तुत की





उसके बाद शासकीय कन्या हाई स्कूल विद्यानगर की बालिकाओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई वहीं किरंदुल नगर में पहली बार किसी पत्रकार संघ ने इस तरह का आयोजन कर पूरे नगर में एक चर्चा का विषय बन गया है इस कार्यक्रम से लोगो मे देश के शहीदो को श्रद्धांजलि देने के लिए हुजूम उमड़ पड़ा मानो ऐसा लग रहा था की जैसे मन मे सब के एक बारूद हो दुश्मनो के नाम जो श्रद्धांजलि के रूप मे देखने को मिला संविधान की कलम से पत्रकार संघ जिला दंतेवाड़ा ने दिल से धन्यवाद दिया।

## समाचार संक्षेप

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के बाद मॉपअप राउंड में भी खिलाई दवा



**दंतेवाड़ा 16 फरवरी।** संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं की दिशा निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन दिनांक 10 फरवरी 2024 को किया गया था जिसके तहत जिले के समस्त शासकीय एवं मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थान तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में एक से 19 वर्ष के बच्चों को कृमि नाशक की दवा खिलाई गई थी जिले में कुल 1 लाख 11हजार बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया था। दिनांक 10 तारीख को छूटे हुए बच्चों को आज माप राउंड के दौरान कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की दवा दी गई। के तहत आज दंतेवाड़ा स्थित शासकीय हाई स्कूल आवराभाटा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छूटे हुए बच्चों को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की दवा दी गई । जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम डॉक्टर एस मंडल के द्वारा बच्चों को कृमि से बचने तथा कृमि से होने वाले शरीर में दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जिला आर एम एन सी एच सलाहकार अंकित सिंह प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल आवराभाटा श्रीमती सुनीता गोस्वामी स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे।

### कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित



**जगदलपुर, 16 फरवरी।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न(निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) अधिनियम 2013 के लिए गठित आंतरिक शिकायत समिति की एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में किया गया। इसके साथ ही अनैतिक व्यापार, महिलाओं तथा बच्चों के ट्रेफिकिंग की रोकथाम हेतु कार्यशाला का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में जिले स्तर पर स्थानीय समिति एवं शासकीय कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति के गठन और क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम मेंअपर कलेक्टर श्री सी पी बघेल, एडीपीओ श्री प्रमोद घृतलहरे, डीएसपी दीपमाला कुर्रे सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के आंतरिक शिकायत समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### दिव्यांगजन के लिए व्यापक व्यावसायिक मूल्यांकन उपकरण विषय पर सीआरई कार्यक्रम संपन्न

**राजनांदगांव 16 फरवरी।** एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के प्रशासनिक नियंत्रण एवं भारतीय पुनर्वास परिषद् के तहत सीआरसी राजनांदगांव द्वारा सीआरसी एकेडेमिक बिल्डिंग बसंतपुर में दिव्यांगजन के लिए व्यापक व्यावसायिक मूल्यांकन उपकरण विषय पर दो दिवसीय सीआरई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीआरई कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से पहुंचे आरसीआई पंजीकृत 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सीआरई कार्यक्रम के सदस्य श्री गजेन्द्र कुमार साहू द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान निदेशक सीआरसी राजनांदगांव एवं सीआरसी राजनांदगांव के पुनर्वास प्रोफेशनल श्रीमती सिमता महोबिया तथा व्यावसायिक पुनर्वास में सहायक प्रोफेसर श्री श्रीनिवासुला, विशेष शिक्षक सुश्री निधि राजन, विशेष शिक्षक श्रीमती स्नेहा शर्मा, विशेष शिक्षक श्री पुनित साहू, सहायक श्रीमती पूनम नैदानिक, व्यावसायिक चिकित्सक श्रीमती श्वेता श्रोती द्वारा सीआरई विषय एवं समय सारिणी अनुसार अपने-अपने क्षेत्र की जानकारी दी।



**सुकमा 16 फरवरी।** गांव चलो अभियान के तहत ग्राम पंचायत गादीरास के ग्राम तुर्रेपाल मे पहुँचे गॉव चलो अभियान के तुर्रेपाल के प्रभारी एवं भाजपा जिला मंत्री श्री दिलीप पेद्दी जी श्री दिलीप पेद्दी जी ने तुर्रेपाल ग्राम में घर घर जनसंपर्क कर केंद्र व राज्य सरकार के जनकल्याणकरी योजनाओं को आम जनता को बताये और अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु अपील किए साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का पत्रक भी बाँटे द्य इस दौरान भाजपा जिला मंत्री श्री दिलीप पेद्दी जी के साथ भाजपा पार्षद श्री अनिल मंडावी, पार्षद दीपक नेताम, सोनू नेताम, लखमा ओयामी, व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिपं सामान्य सभा की बैठक में पेयजल इंतजाम पर चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 16 फरवरी।** जिले के ग्रामीण इलाकों में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किया जाए। इस दिशा में नल-जल योजनाओं के समुचित संधारण सहित सोलर ड्यूल पम्पों तथा हेंडपम्पो के संधारण पर ध्यान दिया जाए। साथ ही सुधार योग्य होने की स्थिति में आवश्यक मरम्मत कार्य यथाशीघ्र सुनिश्चित किया जाए। वहीं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लोगों को व्यापक स्तर पर लाभान्वित करने हेतु हम सभी मिलकर सहभागिता निभाएं। उक्त बात जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने जिला पंचायत बस्तर के सभागार में आयोजित जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने ग्रीष्मकालीन में माकूल पेयजल व्यवस्था के लिए सभी ग्राम पंचायतों के आश्रित ग्रामों तथा पारे-टोले का सर्वेक्षण कर पेयजल स्त्रोतों के रखरखाव और समुचित संधारण किये जाने पर जोर दिया। वहीं स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सकों एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ की मौजूदगी सुनिश्चित कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता,संस्थागत प्रसव सुविधा सहित दवाईयों की सुलभता पर ध्यान केन्द्रित करने कहा। साथ ही ग्रीष्मकालीन संक्रामक बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के लिए आवश्यक पहल सुनिश्चित किये जाने पर बल दिया। बैठक में लोक निर्माण विभाग की सड़कों और अंदरूनी बसाहटों को जोड़ने वाली ग्रामीण सड़कों के मरम्मत करने हेतु विभागीय अधिकारियों से कहा गया। कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यपालन एवं पशुपालन विभाग की योजनाओं तथा विभागीय गतिविधियों से अधिकाधिक किसानों एवं ग्रामीणों को लाभान्वित करने पर बल दिया गया। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे ने राज्य शासन की नवीनतम महतारी वंदन योजनान्तर्गत ग्रामीण इलाकों में पात्र महिलाओं से आवेदन पत्र भरवाये जाने हेतु सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। वहीं राशन दुकानों में 25 फरवरी तक राशन कार्ड नवीनीकरण कराए जाने हेतु राशन कार्डधारियों को समझाईश देने कहा। बैठक में जिला खनिज न्यास निधि के तहत स्वीकृत एवं अपूर्ण कार्यों की स्थिति, महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्धन कन्या विवाह योजनान्तर्गत लाभार्थियों का चयन, रेशन विभाग की टसर रेशम पालन एवं धागाकरण से हितग्राहियों को लाभ इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान 15 वें वित्त आयोग तथा जिला पंचायत विकास योजनान्तर्गत 2024-25 के कार्ययोजना पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। साथ ही पंचायत सम्मेलन योजनांतर्गत विकास प्रदर्शनी के भुगतान हेतु अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री मनीराम कश्यप तथा जिला पंचायत सदस्यगण और डीएफओ श्री उत्तम गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में लोगों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 16 फरवरी।** आज दिनांक 15..02.2024 को यातायात पुलिस जिला सुकमा द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री हरीश एस, द्वारा दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिनांक 15 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक जिले के विभिन्न स्थानों पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम किया गया, यातायात जागरूकता अभियान दिनांक 15.02.2024 को यातायात जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री किरण चव्हाण (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक सकमा द्वारा दीप प्रज्वलित कर, यातायात जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर प्रचार प्रसार हेतु रवाना किया गया, एवं जिले के सुकमा बस स्टेण्ड मे नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, ड्रायविंग लायसेंस शिविर, स्कूल बसों की चेकिंग, चैक-चैराहों में, प्रमुख सड़क मार्गो में, हाट-बाजारों में यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, तथा जिले के विभिन्न स्कूलों में निंबध, रंगोली, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से यातायात जागरूकता विडियो दिखाकर, पैम्प्लेट्स वितरण कर, बैनर पोस्टर, लाउड स्पीकर के माध्यम से आम नागरिकों एवं वाहन चालकों यातायात के नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया, समापन समारोह दिनांक 15 फरवरी 2024 को स्थल स्थानीय बस स्टेण्ड परिसर सुकमा में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, वरिष्ठ गणमाण्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओं, व्यापारी बंधुओं , आम नागरिकों, ग्रामीणों, एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा विषय पर जानकारी दी गई एवं लोगों से यातायात के नियमों का पालन करने अपील की गई स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया नुक्कड़ नाटक में डी.ए.बी स्कुल सुकमा ने प्रथम एवं श्मदर टेरेशा स्कुल सुकमा द्वितीय स्थान व नवोदय विद्यालय सुकमा तृतीय स्थान प्राप्त किया, तथा ड्रायविंग लायसेंस शिविर में जिले के करीबन 300 व्यक्तियों ने ड्रायविंग लायसेंस बनवाने ऑन लाईन पंजीयन कराया, नेत्र एवं स्वास्थ्य परिक्षण शिविर मे लगभग 130 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को, सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने के फलस्वरूप गुड सेमेरिटन, वरिष्ठ नागरिक एवं यातायात जागरूकता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को मुख्य अतिथि महोदय जिला सुकमा द्वारा पुरस्कार स्वरूप मोमन्टो, प्रमाण पत्र, देकर सम्मानित किया गया।

### आंगनबाड़ी सहायिका व कार्यकर्ता विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर



**गरियाबंद 16 फरवरी।** आंगनबाड़ी सहायिका व कार्यकर्ता संघ गरियाबंद के द्वारा आज जिला स्तरीय विभिन्न समस्याओं को लेकर गांधी मैदान में प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया उन्होंने अपनी प्रमुख मांगों में कहा है कि आंगनबाड़ी केंद्र की सहायीका व कार्यकर्ताओं को केंद्र व राज्य से अलग-अलग मिलने वाले मानदेय राशि अलग-अलग समय में मिलता है उसे एक साथ 10 तारीख के अंदर दोनों मिलकर दिया जाए ।उनका मानदेय बहुत कम है उन्हें 21 हजार मानदेय मिलना चाहिए।इसी तरह मई जुन में 10 दिनो का उन्हें अवकाश प्राप्त होता है लेकिन यह अवकाश विभिन्न कार्य बतलाकर अवकाश दिया नहीं जाता। आंगनबाड़ी केंद्र के रंग रोगन पुताई वह स्टेशनरी खर्च भी उन्हें समय-समय पर प्रदान नहीं किया जाता इसी तरह विभिन्न समस्याओं को लेकर हुए काफी परेशान रहती हैं जिसके लिए प्रति तीन माह में जिला एवं संभाग स्तरीय अधिकारियों के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की एक संयुक्त बैठक होनी चाहिए और उसमें होने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के साथ विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श कर इसका निराकरण किया जाना चाहिए इस विषय को लेकर आज गरियाबंद के गांधी मैदान में सैकड़ो की संख्या में महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं उपस्थित थी और अपनी अपनी मांगों को लेकर शासन प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी कर आवाज बुलंद की।

# कलेक्टर ने लिया सुदूर बीहड़ क्षेत्र में विकास कार्यों का जायजा

## निर्माणाधीन सड़क और पुल पुलियों का किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 16 फरवरी।** जिले के दूरस्थ इलाकों में शासन के विकास कार्यों का जायजा लेने और जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेने कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज दुर्गूकोंदल ब्लॉक के बीहड़ एवं दूरस्थ इलाके में स्थित गांवों का आकस्मिक दौरा किया। इस दौरान वे सबसे पहले ग्राम-लाटमरका पहुंचे जहां पर पोटा केबिन में संचालित प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों से भेंट कर उनका परिचय पूछा। साथ ही छात्राओं से पहाड़ा भी पूछा, जिस पर छात्रा के. राकेश्वरी जाड़े, खिलेश्वरी और संजना सलाम ने क्रमशः सही उत्तर दिया। इस पर कलेक्टर ने उनकी सराहना करते हुए अन्य बच्चों से ताली बजवाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके बाद वहां पकाए जा रहे मध्याह्न भोजन का भी निरीक्षण किया। स्कूल में बोर से अनावश्यक रूप से पानी बहाए जाने पर कलेक्टर ने शिक्षक को तत्काल बोर बंद करने और पानी की बचत करने के लिए निर्देशित किया। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम मेड़ो से लाटमरका तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन 13.5 किलोमीटर लंबे मार्ग का निरीक्षण किया। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि उक्त मार्ग 8.05 करोड़ रूपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर ने इसकी पूर्णता तिथि मार्च 2024 तक निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए। इसके बाद पखांजूर-केंवटी मार्ग पर चउरंगांव के समीप 4.42 करोड़ रूपए की लागत से 100 मीटर लंबे निर्माणाधीन



पुल का निरीक्षण कर नियत तिथि में निर्माण कार्य पूरा करने कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को निर्देशित किया। इसके पश्चात पखांजूर के ग्राम द्वारिकापुरी में आयोजित समाधान शिविर में कलेक्टर ने शिरकत की, जहां विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे थे। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में जाकर महतारी वंदन योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया, साथ ही परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र महिला उक्त योजना का लाभ लेने से वंचित ना रह जाए, इसलिए सभी का आवेदन निर्धारित तिथि तक लिया जाए। उन्होंने साफतौर पर निर्देश दिया कि योजना के तहत ऑनलाइन एंट्री करने के लिए किसी भी निजी संस्था या प्रतिष्ठान को लॉगिन यूजर आईडी और पासवर्ड साझा ना करें। इस दौरान कलेक्टर ने राजस्व विभाग के स्टॉल में दो ग्रामीण श्री खोकन पिता सुधीर और श्री तारण पिता पदो सरकार को ऋण पुस्तिका वितरित की। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत प्रकरण के सम्बन्ध में हितग्राहियों को शिविर स्थल में बुलाने के लिए उनके नामों को घोषणा माइक के जरिए करने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में जाकर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों का सिकल सेल टेस्ट करने के निर्देश स्वास्थ्य कार्यकर्ता को दिए। इस अवसर पर कृषि, खाद्य, जल संसाधन, सहित अनेक विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी। इसके पश्चात पीवी 58 प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के भवनों का निरीक्षण किया, जहां पर ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने पेयजल और पुराने स्कूल भवन की मरम्मत कराने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत को ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव मांगने के निर्देश दिए।

इसके बाद कलेक्टर ने जिला मुख्यालय से सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित तहसील कार्यालय बांदे, जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा और मार्ग में मेंडकी नदी पर नवनिर्मित कटगांव और कामटेड़ा के वृहत पुल का अवलोकन एवं निरीक्षण किया। साथ ही कोयलीबेड़ा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां मौजूद स्टाफ से वहां आने वाले रोगियों की औसतन संख्या, औषधि भंडारण और अन्य जानकारी कलेक्टर ने ली।

एक नजर

### पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**रायगढ़, 16 फरवरी।** जिला पंचायत रायगढ़ एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में किया गया। सीएसआईडीसी रायपुर से श्री भूषण किन्चुक ने योजना के संबंध में विस्तार से पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम जानकारी दी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ के मुख्य महाप्रबंधक, श्री संजीव सुखदेवे ने अवगत कराया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत के तहत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का संचालन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से किया जा रहा है। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में कार्यरत उद्यमी, स्व-सहायता समूह एवं किसान उत्पादक संगठन इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत निवेशक, स्व-सहायता समूह के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत इकाई की स्थापना या किसान उत्पादक संगठन के द्वारा खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना पर स्वयं का अंशदान कम-से-कम 10 प्रतिशत लगाने की स्थिति में परियोजना लागत का 35 प्रतिशत की दर से अधिकतम 10 लाख रूपये तक पूंजीगत अनुदान प्राप्त करने की पात्रता है। खाद्य प्रसंस्करण में कार्यरत स्वयं सहायता समूहों के प्रति सदस्य को अधिकतम 40 हजार रूपये की प्रारंभिक पूंजी का प्रावधान है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों के लिये सामान्य सुविधा केन्द्र स्थापित करने हेतु 35 प्रतिशत की दर से पूंजीगत अनुदान एवं सामान्य उद्भवन केन्द्र स्थापित करने हेतु अधिकतम 50 प्रतिशत की दर से पूंजीगत अनुदान का प्रावधान है। जागरूकता कार्यक्रम में जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, उप संचालक पशुपालन, प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य संबंधित विभागों ने मार्गदर्शन करते हुये खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के महत्व को ध्यान में रखते हुये योजना का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न बैंक, कृषि विज्ञान केन्द्र, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, कृषक उत्पादक संगठन, डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन, स्व-सहायता समूह आदि सहित खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में कार्यरत उद्यमी तथा इच्छुक उद्यमीगणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

### महतारी वंदन योजना:ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के लिए समिति गठित

**रायगढ़, 16 फरवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा महतारी वंदन योजना के लिए सीधे प्राप्त आवेदनों के सत्यापन हेतु समिति का गठन किया गया है। उक्त गठित समिति द्वारा ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर अपुवल की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास नवा रायपुर द्वारा महतारी वंदन योजना अंतर्गत वेब एप्लिकेशन पोर्टल के माध्यम से हितग्राहियों द्वारा स्वयं ऑन लाईन आवेदन भरने की व्यवस्था नियत की गई है। ऐसे सीधे प्राप्त आवेदन का भी सत्यापन किया जाना है। जिसके लिए दो स्तरों पर समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर अपुवल की कार्यवाही की जानी है। यह कार्यवाही 20 फरवरी 2024 तक की समय-सीमा में पूर्ण किया जाना है। सत्यापन हेतु गठित समिति में प्रथम स्तर पर-ग्राम/वार्ड प्रभारी एवं ग्राम/वार्ड की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दस्तावेज मिलान कर ऑनलाईन सत्यापन करेंगी। इसी प्रकार द्वितीय स्तर पर सेक्टर पर्यवेक्षक एवं सहयोगी-ग्राम/वार्ड प्रभारी, ग्राम/वार्ड की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दस्तावेज मिलान कर ऑनलाईन सत्यापन करेंगे।

### राशन कार्डों के नवीनीकरण के लिए 25 फरवरी तक सकते हैं आवेदन

**रायगढ़, 16 फरवरी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशन कार्डो के नवीनीकरण की अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए अब 25 फरवरी 2024 तक कर दी गई है। हितग्राही उक्त तिथि तक राशन कार्ड का नवीनीकरण करवा सकते है। खाद्य अधिकारी रायगढ़ श्री चितरंजन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के खण्ड 4 (6) के प्रावधान अनुसार राशन कार्डो का नवीनीकरण प्रत्येक 5 वर्ष में छत्तीसगढ़ राशन कार्ड नियम 2016 के प्रावधानों के अनुसार किए जाने के निर्देश शासन से प्राप्त हुए है। जिस हेतु पूर्व में राशन कार्ड नवीनीकरण की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक निर्धारित की गई थी, जिसे संशोधित करते हुए हितग्राहियों द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी तक कर दी गई है। जिले के ऐसे सभी राशन कार्ड हितग्राहियों से अपील है कि जिनका नवीनीकरण नहीं हो पाया है वे अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण शीघ्र संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकान अथवा खाद्य विभाग द्वारा तैयार ऐप के माध्यम से खाद्य विभाग की वेबसाईट https://khadya.cg.nic.in से या गूगल प्ले-स्टोर से डाउनलोड कर ऑनलाईन मोबाईल ऐप के माध्यस से करा सकते है।

### महतारी वंदन योजना: अब तक 3 लाख से अधिक महिलाओं ने किया आवेदन

**महासमुंद।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना को लेकर जिले की महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएं योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर रही है।

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदन करने की तिथि से 12 फरवरी तक 03 लाख 02 हजार 572 महिलाओं ने आवेदन किया है। महासमुंद शहरी क्षेत्र में 13475, महासमुंद ग्रामीण क्षेत्र में 56807, बागबाहरा में 53247, पिथौरा में 63831, बसना में 59252 एवं सरायपाली में 55960 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने सीएम विष्णु देव साय को सौंपा ज्ञापन



**पत्थलगांव,16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष केदार जैन ने दिन बुधवार को अपने 35 सदस्यीय प्रतिनिधि मडंल के साथ शिक्षकों व कर्मचारियों के विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंठ मुलाकात करते हुये ज्ञापन सौपा। उन्होने छ.ग. के मुखिया विष्णुदेव साय को संघ के विभिन्न मांगो से अवगत कराते हुये बताया कि प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना करते हुवे पुरानी पेंशन लागू करने,एल.बी शब्द के विलोपन,लंबित 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते ,प्रोमोशन संशोधन से प्रभावित शिक्षकों को यथावत रखते हुवे वेतन बहाली,सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति एवं सहायक शिक्षक से शिक्षक, शिक्षक से व्याख्याता के पदों पर शीघ्र पदोन्नति सहित संघ की प्रमुख मांगो को बताया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी मांगो पर विचार विमर्श करते हुये शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। उन्होने वार्ता के दौरान मांगो को बहुत ही सहजता से एवं अपना कीमती वक्त देते हुये ध्यानपूर्वक सुना और शीघ्र समाधान और कार्यवाही का आश्वासन दिया।

इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में केदार जैन,देवंती पैकरा,जयश्री जायसवाल,ओमप्रकाश बघेल,संतोष तांडे,रूपानंद पटेल,शहादत अली, सुभाष शर्मा, ताराचंद जायसवाल,विजय राव,नरोत्तम चौधरी,बलदेव प्रसाद ग्वाला के अलावा दर्जनो शिक्षक संघ के लोग उपस्थित हुये।

# निर्माण कार्यों की प्रगति मॉनिटर करने अफसर तय करें साप्ताहिक लक्ष्य:कलेक्टर

**रायगढ़, 16 फरवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करने संबंधित विभागों की बैठक ली। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण एजेंसी उनके विभाग में चल रहे कार्यों की पूर्णता के लिए लक्ष्य निर्धारित कर लें तथा उसी के अनुसार काम के प्रगति की मॉनिटरिंग करें। जिससे काम समय-सीमा के भीतर पूरे हो सकें।

कलेक्टर श्री गोयल ने जिले में चल रहे सड़क, पुल पुलिया, भवनों के निर्माण कार्य की एजेंसीवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सेतु डिविजन के कार्यों के अद्यतन प्रगति के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कार्यपालन अभियंता को लैलूंगा के पाकरगांव मार्ग पर खारुन नदी पर अप्रारंभ कार्य तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए। साथ ही जहां ठेकेदार द्वारा काम में ढिलाई की जा रही है वहां नियमानुसार कार्यवाही करने के स्पष्ट निर्देश कलेक्टर श्री गोयल ने दिए। पीडब्ल्यूडी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले निर्माणाधीन प्रमुख सड़कों खरसिया से पत्थलगांव, पूंजीपथरा से मिलूपारा और



रायगढ़-धरमजयगढ़ मार्ग में पिछली समीक्षा के पश्चात अब तक हुई प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रति सप्ताह का टारगेट निर्धारित कर काम की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने भवनों के गुणवत्ता पूर्ण निर्माण के साथ दरवाजों व खिड़की दरवाजों को फिटिंग का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री गोयल ने सभी निर्माण पीएमजीएसवाई के कार्यों की समीक्षा भी विस्तार से की। उन्होंने ग्रामीण सड़कों के रख-रखाव पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश पीएमजीएसवाई के अमले को दिया। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण के अनुरूप उसके भार वहन क्षमता के अनुसार सड़कों में हाइट बेरियर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी निर्माण कार्यों के समीप उस कार्य से संबंधित सूचना पटल लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने इसके साथ ही बैठक में आरईएस, एडीबी, नेशनल हाईवे, जल संसाधन विभागों के कार्य की भी समीक्षा की। इस मौके पर ईई पीडब्ल्यूडी श्री अमित कश्यप, ईई आरईएस श्री एल.एल चौहान, ईई केलो परियोजना श्री पी.आर. फुलेकर, पीएमजीएसवाय श्री विनोद कुमार मिंज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**लापरवाही पर ठेकेदारों के विरुद्ध अनुबंध शर्तो के अनुसार करें कार्यवाही-** कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में सभी निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को साफतौर पर कहा कि जो भी ठेकेदार काम नही कर रहे हैं, या काम में लापरवाही कर बरत रहे हैं उनके विरुद्ध अनुबंध शर्तों के अनुसार कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**नहरों से जल वितरण में अवरोध की दें रिपोर्ट-**कलेक्टर श्री गोयल ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंताओं से उनके अंतर्गत आने वाले जलाशयों से नहर वितरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नहरों से जल आपूर्ति में किसी प्रकार की रुकावट है तो उसका फील्ड सर्वे करवाकर रिपोर्ट दें। जिससे आगे जरूरी कार्यवाही की जा सके। इसी प्रकार उन्होंने सभी जलाशयों से सिंचित रकबे के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने जलाशयों के रख-रखाव को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने केलो परियोजना के शेष बचे कार्यों के लिए बजट में राशि स्वीकृत होने के अनुसार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

### पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत कारीगरों को दी जा रही है प्रशिक्षण

**बीजापुर 16 फरवरी ।** पारंपरिक कौशल रखने वाले कारीगर जैसे सुनार, लोहार, नाई और चर्मकार को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसी तरह 18 पारंपरिक किसानों को भी इस स्कीम का लाभ मिलेगा। इस योजना के जरिये जहां एक ओर लोगों को खुद का बिजनेस शुरू करने में मदद मिलेगी तो वहीं दूसरी तरफ यह कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता मिलेगी। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें लोन दिया जाता है। इस योजना में दो चरण में लोन दिया जा सकता है। पहला लोन 1 लाख रूपये का होता है, वहीं दूसरी चरण में 2 लाख रूपऐ का लोन दिया जाता है। यह लोन 5 फीसदी ब्याज पर दिया जाता है। इस स्कीम में लाभार्थी को लोन के साथ मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।ट्रेनिंग में लाभार्थी को 500 रूपए प्रतिदिन का स्टाइपेंड भी मिलता है। इसके अलावा पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट और आईडी कार्ड, बेसिक और एडवांस ट्रेनिंग जैसे स्किल की ट्रेनिंग दी जाती है। टूलकिट के लिए 15 हजार रूपए की राशि दी जाती है और डिजिटल ट्रांजेक्शन के लिए इन्सेंटिव दिया जाता है।

# 34वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन



**बीजापुर 16 फरवरी ।** बीजापुर जिला में 34वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 15 जनवरी से 15 फरवरी तक किया गया। जिसके अंतर्गतग जिले में सड़क दुर्घटना के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न स्तरों पर नुक्कड़ नाटक, गीत, भाषण, कविता, रंगोली, चित्रकला जैसी प्रतिस्पर्धाएं स्कलों में आयोजित की गई। जिसमें स्कूली बच्चें, एनसीसी, स्काउटगाइड के विद्यार्थियों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। एक माह तक बीजापुर जिले के सुदूर एवं दूरस्थ क्षेत्रों में यातायात रथ के द्वारा प्रचार-प्रसार कर जागरूकता लाने का काम किया गया। साथ ही समय-समय पर जुम्बा डांस आयोजित कर लोगों को यातायात के नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें लोगों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, कार में बैठने पर सीट बेल्ट का उपयोग करने, नशे में वाहन नहीं चलाने, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन नहीं देने की अपील की गई। आज एक माह भर आयोजित यातायात जागरूकता अभियान में विजेता प्रतिभागियों को कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय, सीजीएम बीजापुर श्री ताजुद्दीन आसिफ, ट्रैफिक नोडल अधिकारी श्री विनित साहू एवं डीएसपी श्रीमती गरिमा दादर के हाथों पुरस्कृत किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत भाषण प्रतियोगिता में प्रथम इशिमा राणा, द्वितीय राजेश, तृतीय रश्मि हेमला गीत प्रतियोगिता में नगमणी ग्रुप, द्वितीय सुरभी ग्रुप, तृतीय खुशी यादव, चित्रकला में प्रथम दिशा ग्रुप, द्वितीय आशीष ग्रुप, तृतीय नंद कोरसा, मोहित कश्यप, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम कुमारी संजना लेकामी, द्वितीय कुमारी आंकाक्षा, तृतीय अनिता रही। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम आशिका ग्रुप, द्वितीय प्रतिमा ग्रुप, तृतीय विभा ग्रुप रही।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के प्रचार-प्रसार में विशेष योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिसमें किशन लाल मौहोर जिला परिवहन अधिकारी, शीला भारद्वाज, लेखिका साहू, सुनिता तामड़ी, संतोषी यादव, मीना वर्मा, रेणुका दीवान (जनसंपर्क), जागर गटैया, मनिषा देवांगन, अर्जुन परधान, रागिनी बघेल, आलिशा खान, प्रवीण उप्पल, बीजापुर प्रेस कल्ब को सम्मानित किया गया। जिले के सड़क सुरक्षा मितान समिति के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने गीत के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के लिए जागरूकता संदेश दिया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के दौरान प्रायः यह देखा गया है कि जनहानि का बड़ा कारण यातायात नियमों का पालन नहीं करने से होता है। दुपहिया वाहन चलाने के दौरान हैलमेट का उपयोग आदत की तरह करना चाहिए ताकि अकस्मात दुर्घटना होने पर जनहानि की आशंका कम से कम हो। वाहन चलाने के दौरान तीन सवारी ना बैठें तथा नशे के हालत में वाहन चालन न करें यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। चौपहिया चलाने के दौरान सीट बैल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप कर वाहन की गति नियंत्रित होना चाहिए। जहां भी ट्रैफिक सिग्नल हैं वहां सिग्नल के नियम का पालन अनिवार्य रूप किया जाना चाहिए। वाहन और वाहन चालकों के लिए आवश्यक दस्तावेज वाहन रजिस्ट्रेशन लाईसेंस बीमा, प्रदुषण प्रमाण पत्र हमेशा जीवित हों इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। किसी भी अकस्माक दुर्घटना पर घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर बेहतर नागरिक होने का हमें परिचय देना चाहिए।इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, यातायात कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, परिवहन अधिकारी सीएमओ बीजापुर , पत्रकारगण एवं स्कूली बच्चों के साथ जिले के नागरिकगण उपस्थित थे।

### एनसीईआरटी व परख के सयुंक्त तत्वावधान में शिक्षक सीखेंगे मूल्यांकन के नए तरीके

**बीजापुर 16 फरवरी।** नेशनल असससमेंट सेंटर परख व एनसीईआरटी के संयुक्त तत्वाधान में डाईट बीजापुर में दो दिवसीय प्रोजेक्ट विद्यासागर एजुकेशनल वर्कशॉप÷ का आयोजन किया गया। बीजापुर जिला आकांक्षी जिला है इसलिए पूरे प्रदेश में एक मात्र बीजापुर जिला का चयन इस एजुकेशन वर्कशॉप के लिए किया गया।परख एक ऐसी संस्था है जो प्रदर्शन, मूल्यांकन, समीक्षा व समग्र विकास के लिए सीखे गए ज्ञान का विश्लेषण करती है तथा शिक्षा गुणवत्ता के सभी स्तरों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए काम करती है। वर्तमान में परख एनसीईआरटी के एक हिस्से के रूप में काम कर रही है। नेशनल अचीवमेंट सर्वे ( एनएएस) तथा स्टेट अचीमेंट सर्वे (एसएएस) जैसी गतिविधियों के लिए रणनीति बनाना व उसका क्रियान्वयन करना इस दो दिवसीय कार्यशाला के उद्देश्य है। विभिन्न स्तरों पर सीखने की दक्षताओं के बारे में स्कूली शिक्षकों के बीच जागरूकता पैदा करना और विद्यांजलि के बारे में जागरूकता पैदा करना भी इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। गुरुवार को इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन कलेक्टर बीजापुर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा किया गया। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री नई दिल्ली व एनसीईआरटी द्वारा आयोजित शिक्षा गुणवत्ता व विधांजली विषय पर विस्तार से शिक्षकों को जानकारी दी जा रही है। उद्घाटन सत्र में कलेक्टर बीजापुर श्री अनुराग पाण्डेय ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी हमारे शिक्षक बेहतर काम करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। जिले में शिक्षा गुणवत्ता व बच्चों के समग्र विकास हेतु इस तरह के कार्यशालाओं का आयोजन बेहद जरूरी है। राष्ट्रीय स्तर पर अपने बच्चों को तैयार करना व हर क्षेत्र में उसकी क्षमता व उपयोगिता के अनुरूप उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल ने शिक्षकों को पूरी तन्मयता से इस वर्कशॉप में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। श्री बघेल ने कहा कि सीखना जीवन की सतत प्रक्रिया है अतः हम सबको रोज स्वयं को कुछ नया सीखने की प्रक्रिया में शामिल करना चाहिए क्योंकि एक शिक्षक होने के नाते हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।

### कचरे का ढेर पर दुकान संचालक को पालिकाध्यक्ष ने दी चेतावनी

**महासमुंद।** कचहरी चौक स्थित एक दुकान के बाहर सड़क पर एकत्रित कचरे के ढेर पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की नजर पड़ी। उन्होंने कार से उतरकर कचरे के ढेर की फोटो खींची और दुकानदार को भेज दुकान संचालक को अंतिम चेतावनी देते हुए दुकान का कचरा सड़क पर फेंकने की बजाए पालिका द्वारा संचालित मिशन क्लीन सिटी के कचरा कलेक्शन वाहन में डालने के लिए कहा। दुकान संचालक से कहा कि इसके बाद उन्होंने ऐसा नहीं किया तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के साथ अर्थदंड भी वसूला जाएगा। उन्होंने शहर के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर देश के ईस्ट जोन में प्रथम स्थान पर आए हैं। इसे हमेशा बरकरार रखना है इसके लिए सभी को पालिका की अपील का ध्यान रखना होगा।

# अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

महासमुंद, 16 फरवरी। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम कनेकेरा के महादेव घाट पर बने अवैध निर्माण पर आज प्रशासन का बुलडोजर चला। मालूम हो कि अवैध रूप से बने इस भवन में रहने वाले कुछ असामाजिक तत्वों ने ग्राम कनेकेरा में विगत तीन दिन पूर्व तलवार और लाठी लेकर जमकर उत्पात मचाया था। बाद ग्रामीणों ने अवैध रूप से निर्मित मकान को तोड़ने पंचायत के अधीन प्रस्ताव पास किया और इसकी सूचना प्रशासन को देकर अवैध निर्माण को तोड़ने की मांग की थी।

बता दें कि कनेकेरा के सरपंच नीलकंठ साहू ने आरोप लगाया था कि महादेव घाट के एक घर में पंकज मिश्रा अपने कुछ साथियों के साथ रहता है और गांव सहित आसपास के इलाके में शराब और गांजे की अवैध बिक्री के साथ कई अन्य अवैधानिक कार्य करता है। जिसकी शिकायत थाने में की थी। इसी को लेकर 12 फरवरी की रात वह अपने कुछ साथियों के साथ तलवार और लाठी लेकर पहुंचा और मेरे घर के साथ गांव के कुछ घरों के दरवाजे तोड़ने की कोशिश की और गांव के लोगों को डराया धमकाया। घटना के बाद इसकी सूचना दूसरे दिन पुलिस को दी। आक्रोशित ग्रामीणों ने उक्त मकान को घेर लिया। सरपंच श्री साहू ने आरोप लगाया था कि उक्त मकान सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बना है जिसका उपयोग पंकज अवैध कामों के लिए करता है। मौके पर मौजूद महिला-पुरुष सहित दर्जनों ग्रामीण अवैध मकान को तोड़ने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए।

### महासमुंद जिले में भारत बंद के आह्वान का असर नहीं

**महासमुंद।** एमएसपी गारंटी की मांग, बेरोजगारी और केंद्र सरकार की नीतियों के मुद्दे को लेकर आज किसान यूनियनों के भारत बंद के आह्वान का असर जिले में दिखाई नहीं दिया। जिला मुख्यालय में शुक्रवार साप्ताहिक अवकाश, बागबाहरा बाजार सुबह 11 बजे तक आंशिकरूप से बंद था जो दोपहर बाद खुल गया,वहीं पिथौरा, बसना और सरायपाली में बंद का कोई असर नहीं दिखा।बता दें कि एम एस पी गारंटी की मांग, बेरोजगारी और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर आज किसान संघों ने छात्रों, युवाओं, महिलाओं, पेंशनभोगियों, छोटे व्यापारियों, ट्रक ऑपरेटर, पेशेवर पत्रकारों और सांस्कृतिक कार्यकर्ता सहित समाज के विभिन्न वर्गों से हाथ मिलाने और राष्ट्रीय स्तर पर आजीविका के महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देने का आह्वान करते हुए भारत बंद का ऐलान किया था जिसे कांग्रेस ने समर्थन दिया, पर जिले में इसका असर नहीं दिखा। जिला मुख्यालय में शुक्रवार को बाजार बंद रहता है जिसके चलते अधिकांश दुकानें बंद ही रहती हैं, बावजूद शहर के होटल,चाय-पान दुकान और सब्जी बाजार, स्कूल सहित अन्य दुकानें रोज की तरह आज भी खुली रही। बागबाहरा सुबह 12 बजे तक बंद रहा बाद एक-एक कर दुकानें खुलती गईं। वहीं जिले का सरायपाली, पिथौरा और बसना हर रोज की तरह खुला रहा।

# जुर्डा में रेडियो किसान दिवस पर किसानों को दी गई उन्नत खेती की जानकारी

**रायगढ़, 16 फरवरी।** आकाशवाणी रायगढ़ की ओर से रायगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत जुर्डा में रेडियो किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र और कृषि महाविद्यालय के प्रोफेसरों के साथ अन्य विषेशज्ञों द्वारा खेती की नई तकनीकी की जानकारी दी गई। इसके पहले मां भारती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई और कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना से हुआ। किसानवाणी के सूत्रधार चवल पटेल ने सरस्वती वंदना का गायन किया। इसके बाद आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख और किसानवाणी प्रभाग के प्रभारी अधिकारी श्री नीरज प्रभाकर ने रेडियो किसान दिवस के उद्देश्य और रेडियो किसानों के लिए किस तरह का कार्यक्रम आयोजित करता है उसकी जानकारी दी। उन्होंने इस साल पीएम श्री नरेंद्र मोदी द्वारा अरहर की खेती में 2027 तक पूरी तरह आत्म निर्भर बनाने और मीठी क्रांति को लेकर किए जा रहे प्रयास की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में किसानवाणी प्रभाग के सूत्रधार मुकेश चतुर्वेदी, दिलीप चौधरी, वेणुधर पटेल, सुशील प्रधान, अजय श्रीवास, धवल किशोर गुप्ता, हर्ष प्रकाश नामदेव, रामबिलास पटेल, स्वतंत्र महंत और आकाशवाणी के इंजीनियरिंग सेक्शन से श्री अखिलेश कछवाहा समेत दर्जनों



की संख्या में किसान और ग्रामीण उपस्थित थे।

हर साल 15 फरवरी को रेडियो किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम के लिए ऐसे गांवों का चयन किया जाता है जहां वृहद रूप से खेती किसानी, पशुपालन के अलावा आय बढाने की दिशा में काम किया जाता है। आकाशवाणी का किसानवाणी प्रभाग किसानों की आय वृद्धि करने की थीम पर काम करते आ रहा है। इसके लिए रेडियो के माध्यम से नए-नए तरीके बताए जाते हैं और विशेषज्ञों द्वारा जानकारी भी दी जाती है। साथ ही प्रगतिषील किसानों के अनुभवों को भी रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से साझा किया जाता है। इसी कडी में रेडियो किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन रायगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत जुर्डा में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ के डॉ बीके राजपूत ने रेडियो किसान दिवस की प्रासंगिकता को लेकर कहा कि इस तरह के आयोजन से किसानों को बड़ा लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि जहां कोई नहीं पहुंचता वहां रेडियो के माध्यम से आकाशवाणी पहुंच रहा है। उन्होंने खेती को लेकर कहा कि पहले लोग जीविकोपार्जन के लिए खेती करते, लेकिन अब यह व्यावसायिक हो रहा है। उन्होंने खेती में कौन-कौन सी फसल ले सकते हैं उसकी जानकारी दी। श्री राजपूत ने खेती में सहायक खेती को बढ़ावा देने की बात कही। इसमें पशुपालन, मछली पालन, बतख पालन, मुर्गी पालन, उद्यानिकी फसल लगाने की बात कही। उन्होंने खेती और पशपालन को एक दूसरे का पूरक बताया। उन्होंने मुर्गी पालन को अभी के समय में अतिरिक्त आमदनी का एक अच्छा स्रोत बताया। मृदा वैज्ञानिक केडी महंत ने मिट्टी में पाए जाने वाले पोषक तत्वों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिटटी में 17-18 पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें जैविक कार्बन का प्रबंधन करना आवश्यक होता है। जैविक कार्बन प्राकृतिक तत्वों को जोड़कर रखता है। खेत में जो भी रासायनिक खाद डाला जाता है उसमें से 87 फीसदी उड़कर चला जाता है।

इसी तरह तेजस्वरी गबेल ने मछली पालन किस तरह से किया जा सकता है इसकी जानकारी दी। उन्होंने इसके लिए कई तरह की योजनाएं संचालित होने और प्रशिक्षण देने की जानकारी दी। वरिष्ठ पशु चिकित्सक शैलेष कुमार झा ने पशु नस्ल सुधार करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि खेती में जैसे हाईब्रीड बीज का जिस तरह उपयोग किया जाता है उसी तरह से पशुओं में भी हाईब्रीड के लिए पशु नस्ल सुधार करना जरूरी होता है। केवीके की विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ मनीषा चौधरी ने सेहत को लेकर कहा कि हम जैसे खाएंगे वैसे हमारा शरीर रहेगा। उन्होंने संतुलित भोजन के लिए चना, मूंग, अंकुरित करके खाने की सलाह दी। मिटटी जांच अधिकारी दिव्या गौतम ने मिटटी की सेहत को लेकर किसानों को जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने मिटटी की सेहत को मानव शरीर से जोड़कर जांच कराना जरूरी बताया। कार्यक्रम को पादप रोग विशेषज्ञ एवं अधिष्ठाता सीएआरएस रायगढ़ डॉ एके सिंह, एसएडीओ अभिषेक पटेल, वरिष्ठ तकनीकी सहायक कोसा मुरलीधर देवांगन, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बिरेंद्र मेहर, समेत डॉ खुबचंद बघेल पुरस्कार से सम्मानित किसान मुकेश चौधरी, खीर सागर पटेल, कटौद के किसान नारायण गबेल समेत अन्य किसानों ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

**स्वॉयल हेल्थ कार्ड का वितरण -**जूर्डा में आयोजित रेडियों किसान दिवस के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया था जहां पीएम किसान सम्मान निधि का अपडेशन किया गया। साथ ही विभाग की ओर से मृदा स्वॉयल हेल्थ कार्ड का अतिथियों के हाथों से वितरण किया गया। स्टॉल में इफको नैनो तरल की जानकारी दी गई और वितरण किया गया।

## एक नजर

### अल्ट्राटेक बैकुंठ और बिहान ने महिला समूह को स्वालंबी बनाने की पहल की





**तिल्दा नेवरा, 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के सीएसआर विभाग ग्राम विकास समिति, और छत्तीसगढ़ राज्य आजीवका मिशन के संपूर्ण तत्वाधान में ग्राम पंचायत कुंदरु की महिला समूह और किरना की महिला समूह के सशक्ति करण हेतु सिलाई सेंटर का लोकार्पण किया गया।140 महिलाओँ का महिला समूहों ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वही इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत तिल्दा के सीईओ विवेक गोस्वामी, छग आजीवका मिशन के आनंद भारद्वाज, एवं रफ़ीकुन निशा और ग्राम पंचायत कुंदरू के सरपंच प्रतिनिधि यशवंत वर्मा, ग्रामपंचायत किरना सरपंच नूतन साहू व अल्ट्राटेक प्लांट के एचआर विभाग के डी एच सुधेन्द्र पंडा, सीएसआर के प्रमुख्य राहुल देव महतो की इस कार्य में अहम भूमिका रही एवम सीएसआर से दीपेंद्र कुमार मिश्रा और मुन्ना लाल, समाज सेवी पप्पू देवांगन उपस्थित थे।

### दवा विक्रेताओं की बैठक में नशीली दवाओं की तस्करी रोकने एसपी ने दिए निर्देश



**सिमगा, 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बलौदा बाजार भाटापारा ने समस्त जिला के दवा विक्रेताओं की समीक्षा बैठक 15 फरवरी को पुलिस कार्यालय सभा कक्ष बलोदा बाजार में समीक्षा बैठक आयोजित की विषय रहा नशीली दावों लेने वाले और असामाजिक तत्वों की पहचान व नशीली और प्रतिबंधित दावाओं की तस्करी रोकने हेतु जिसमें सिमगा नगर वह आसपास के संचालित समस्त दवा विक्रेता संघ के पदाधिकारी गण सम्मिलित हुए सिमगा से दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष प्रदीप जैन गिरधारी देवांगन विक्रांत मिश्रा आशीष ताम्रकार चंद्र प्रकाश शर्मा राधे सोनकर आदि समीक्षा बैठक में सम्मिलित रहे।

### राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 25 तक

**बलौदाबाजार, 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 फ़रवरी 2024 तक बढ़ाया गया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के संचालक द्वारा इस सम्बंध में परिपत्र जारी किया गया है। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट http://khadya.cg.nic.in से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में इस एप्प के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### वॉक इन इन्टरव्यू व कौशल परीक्षा 21 को

**बलौदाबाजार, 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला सशक्तिकरण अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन हेतु अंतिम सूची में पात्र अभ्यर्थियों का वॉक इन इन्टरव्यू/कौशल परीक्षा दिनांक 21 फ़रवरी 2024 को प्रात:10:00 बजे संयुक्त जिला कार्यालय भवन (महिला एवं बाल विकास शाखा) कक्ष क्रमांक 84 बलौदाबाजार में आयोजित की गई है। अधिक जानकारी हेतु जिले की वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में जाकर अवलोकन कर सकते है। सशक्तिकरण केंद्र के लिए जिला मिशन समन्वयक, जेण्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं मल्टी टास्क स्टाफपदों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था।

# गुलाल उत्सव के साथ दामाखेड़ा में विश्व प्रसिद्ध माघ मेला का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 16 फरवरी।** गुलाल उत्सव के साथ कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में विश्व प्रसिद्ध संत समागम माघ मेला प्रारंभ हुआ। आज बसंत पंचमी के पावन पर्व से विश्व प्रसिद्ध संत समागम माघ मेला गुलाल उत्सव भेंट पैलगी के साथ प्रारंभ हजारों कबीर पंथियों ने साहेब बंदगी साहेब के जयघोष से कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा को गुंजायमान किया।





सर्वप्रथम नवोदित वंशाचार्य पंथ उदित मुनि नाम साहेब एवं गुरु गोसाई डां भानूप्रताप नाम साहेब ने समाधि मंदिर में पूजा अर्चना कर गुलाल उत्सव में शामिल हुए जंहा हजारों कबीर पंथियों ने नवोदित वंशाचार्य पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहेब के चरणों में गुलाल लगाकर विधिवत संत समागम माघ मेले की शुरुआत की आज के ही दिन नवोदित वंशाचार्य पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहेब का 16 वें प्रकट दिवस को प्रकट उत्सव भी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मेले में प्रतिवर्ष देश विदेश से लाखों की संख्या में कबीर पंथी पंथ हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहेब नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहेब व गुरु गोसाई डां भानूप्रताप नाम साहेब के दर्शन एवं प्रवचनों का लाभ लेने आते है।

संत समागम मेले के लिए एक विशाल पंडाल लगाया जा रहा है जगह जगह स्वागत द्वार बनाया जा रहा है। कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा धुधीया रौशनी से दुलहन की तरह जगमगा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्था के अध्यक्ष प्रकाश पटेल ज्ञानीदास छगन वर्मा पंचम साहू महंत पदम दास सहित हजारों कबीरपंथी उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत कोर्रा में कब्जाधारियों पर चला प्रशासन का डंडा

# तहसीलदार और नायब तहसीलदार की उपस्थिति में हटाया गया अतिक्रमण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 16 फरवरी।** ग्राम पंचायत कोर्रा में अवैध कब्जा जमीन पर बसे लोगों को तीन बार नोटिस के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर ग्राम पंचायत ने अतिक्रमण कर बनाए गए दुकानों पर बुलडोजर चला दिया। इस दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति न बिगड़े, इसके लिए राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार ज्योति सिंह, आरआई, पटवारी, पंचायत बॉडी एवं पुलिस बल के साथ मौके पर उपस्थित रहे। बता दे कि ग्राम कोर्रा के बाजार चौक में सड़क के किनारे बनी अवैध दुकान, शेड और बोर्ड को गिरा कर जब्त किया गया। कार्रवाई के बाद प्रभावितों ने तोड़-फोड़ में भेदभाव का भी आरोप लगाया है। जबकि पंचायत ने अतिक्रमण हटाने के लिए तीन बार नोटिस जारी करने के बाद बुलडोजर चलाने और इसी प्रकार अतिक्रमण पर कार्रवाई जारी रखने की बात कही। दरअसल ग्राम पंचायत कोर्रा की ओर से अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाया गया। इसके तहत बुधवार को पंचायत की टीम ने पुलिस और राजस्व टीम की मौजूदगी में बाजार चौक से अतिक्रमण हटाया। बाजार चौक पर लम्बे समय से सड़क किनारे बड़ी संख्या में व्यापारी दुकान लगाते थे। इस जगह पर 11 नए व्यावसायिक परिसर का निर्माण किया जाएगा।




#### इनकी दुकानों पर चला बुलडोजर

घनश्याम साहू पिता दिनेश साहू फुट वेयर व्यापारी, सोमेंद्र साहू पिता दिनेश साहू फल व्यापारी, भगवान साहू पिता दाऊलाल साहू साइकिल व्यापारी, सोहन साहू पिता अवध राम साहू एवं मुकेश साहू पिता दिलीप साहू मोबाइल व्यापारी के अवैध दुकानों व मकानों पर बुलडोजर चलाकर धराशायी किया गया।

सरपंच चोवाराम साहू ने बताया कि जिस जगह पर अतिक्रमण था वहां शासकीय शॉपिंग काम्प्लेक्स निर्माणाधीन है, अतिक्रमण नही हटने के कारण निर्माण कार्य बाधित हो रहा था। अतिक्रमण हटाने पंचायत ने तीन बार नोटिस जारी किया। लेकिन अतिक्रमण कारियो ने नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया। पंचायत ने तहसीलदार कार्यालय में इसकी सूचना दी। अतिक्रमण को नायब तहसीलदार एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में तोड़ा गया।

## व्हाया लटुवा, पनगांव बाईपास 15 किमी सड़क निर्माण को बजट में मिली स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



■ भरसेली, प्रतिष्ठ कॉलोनी, सोनपुरी मार्ग, व्हाया लटुवा मार्ग होते हुए पनगांव बाईपास सड़क तक होगा निर्माण, अब पूरा होगा रिंग रोड

**बलौदाबाजार, 16 फरवरी।** जिला मुख्यालय में ओव्हरलोड अंतर्गत यातायात के बढ़ते दबाव की गंभीरता को देखते हुए कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा की पहल पर व्हाया लटुवा, पनगांव बाईपास सड़क 15 किलोमीटर निर्माण अनुमानित लागत 40 करोड़ की बजट में मिली स्वीकृति से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विदित हो कि पूर्व में स्वीकृत बाईपास को रिंग रोड बनना प्रस्तावित था जिसमें आधा राउंड नगर के उत्तर-पश्चिम दिशा के ग्राम- लटुवा, शुक्लाभाटा, सोनपुरी, छुईहा, भरसेली एवं आधा राउंड नगर के दक्षिण-पूर्व दिशा के ग्राम- परसाभदेर (कुकुरदी), कोकड़ी, रिसदा की ओर बनकर सम्पूर्ण रिंग रोड बनना प्रस्तावित हुआ था किन्तु स्वीकृत राशि की कमी के चलते पूर्व में केवल दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर का आधा बाईपास बन पाया था जिसमें ओव्हरलोड यातायात में पूरी तरह से निजात नहीं मिल पा रहे थे, उसका मुख्य कारण यह था कि लवन-कसडोल की ओर जाने वाले भारी वाहन भी मजबूरन रिसदा, रायपुर रोड बाईपास के लंबे रास्ते को तय करना और जैसे ही नो इंट्री समाप्त होती तो लवन-कसडोल की ओर जाने वाली गाड़ियां शहर के अंदर से गुजरने लगी थी जिससे आये दिन दुर्घटना, प्रदूषण बढ़ने लगे थे। वर्तमान बजट में स्वीकृति मिलने से शेष बचे आधे राउंड के पूरा होने से अब बाईपास रिंग रोड में तब्दील हो जायेगा जिससे नगर को भारीवाहन प्रवेश से छुटकारा मिलेगा साथ ही आसपास के ग्रामवासियों को भी सुगम मार्ग मिलेंगे और यातायात में दबाव समाप्त होगा। लोकनिर्माण अधिकारी से मौखिक रूप से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त स्वीकृत बाईपास सड़क नगर निवेश के प्रस्तावित मार्ग एम.आर. 16 ग्राम भरसेली, प्रतिष्ठा कॉलोनी, सोनपुरी मार्ग, व्हाया लटुवा मार्ग होते हुए पनगांव बाईपास सड़क में मिलकर सम्पूर्ण रिंग रोड में तब्दिल होगा। उक्त स्वीकृत हुए ऐतिहासिक कार्य पर नगर के प्रबुध्दजनों ने कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति आभार प्रकट कर बधाईयां दी है। वही छुईहा टैंक से अम्बेडकर चौक तक के केनाल पर सड़क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण हेतु अनुमानित लागत 11 करोड़ की भी बजट में स्वीकृति प्राप्त हुई है जिससे भी अब नगर के भीतर यातायात मार्ग सुगम होंगे।

# बसंत पंचमी और मां परमेश्वरी महोत्सव पर देवांगन समाज ने निकाली शोभायात्रा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 16 फरवरी।** बसंत पंचमी मां परमेश्वरी महोत्सव में देवांगन समाज ने भव्य शोभायात्रा निकालकर धूमधाम से मनाया। आज बसंत पंचमी मां परमेश्वरी महोत्सव में सुबह सामाजिक भवन में देवांगन समाज के लोगों ने विधि विधान के साथ मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना किया। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा एवं ओमप्रकाश देवांगन पूर्व महापौर बिरगांव पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर समाज के लोगों को बसंत पंचमी मां परमेश्वरी महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दोपहर में सामाजिक भवन से डीजे साउंड सिस्टम व धुमाल के भक्ति मय गीतों की धुन पर युवा वर्ग नृत्य करते एवं छोटी छोटी बच्चियों ने सिर पर कलश लेकर नगर के मुख्य मार्गो पर भव्य शोभा यात्रा निकाला। शोभायात्रा में समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वहीं रात्रि 8 बजे से मिनी स्टेडियम में सुप्रसिद्ध कलाकार अलका चंद्राकर के भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया था।

### आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 16 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 5 लोगों के निकट परिजनों के लिए 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 12 फ़रवरी 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में रूपा मानिकपुरी पति स्व दीपक मानिकपुरी, निवासी ग्राम पिसीद, तहसील कसडोल, पुरूषोत्तम पित स्व. रामाधार साहू, निवासी ग्राम सेमरिया, तहसील कसडोल, नंदकुमार पटेल पिता सोनाराम पटेल, निवासी ग्राम खैरा ब तहसील कसडोल, उमाबाई कर्ष पति स्व. रामबिलास कर्ष, निवासी ग्राम मल्दा, तहसील कसडोल, जगजीवन, गायत्री प्रसाद, गीता, गायत्री पिता स्व. केशरलाल शामिल हैं।

## बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भाजपा प्रवेश जल्द ही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 16 फरवरी।** तिल्दा नेवरा नगर के सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी के निष्कासित कार्यकर्ता आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले सकते हैं। मिली जानकारी के अनुसार नगर में पिछले दो दिनों से चर्चा का विषय बना हुआ है और इसमें कांग्रेस जोगी कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के निष्कासित कुछ स्थानीय नेता आज शाम को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने की चर्चा जोरों पर है 2 दिन से तिल्दा नेवरा में इस बात की जमकर चर्चा है कि कल तक कांग्रेस में रहने वाले कुछ कार्यकर्ता और कुछ पदाधिकारी 5 साल कांग्रेस सरकार में सम्मिलित रहे और जैसे ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश में बनी उसके बाद लगातार कांग्रेस के स्थानीय नेताओं के भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश को लेकर चर्चा पर आज शाम तक विराम लग सकता है कारण ऐसा बताया जा रहा है की शहर के कुछ नेता व कार्यकर्ता पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा के साथ भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित होंगे बताया जाता है कि इसके अलावा करीब चार दर्जन से अधिक ग्रामीण जनप्रतिनिधि नगर निकाय के पूर्व जनप्रतिनिधि भी पार्टी में सम्मिलित होने की जानकारी मिल रही है। तिल्दा नेवरा बलौदा बाजार आदि अंचलों से काग्रेस के लोग बीजेपी में आने होड़ लगी है और आज शाम को सभी लोग पार्टी की सदस्यता ले सकते है नगर के कुछ काग्रेस के अन्य लोग भी तिल्दा नेवरा मंडल के पदाधिकारियों के संपर्क में है।

बताया जाता है कि नगर से करीब सो लोग पंच सरपंच जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य सहित काग्रेस के पदाधिकारी भी तिल्दा मंडल के संपर्क बताए जाते है। अभी फ़िल हाल प्रदेश में सेकडो कार्यकर्ता समलित होगे और इसके बाद मंडल स्तर पर भी सेकडों कार्यकर्ता हर वार्ड में बीजेपी प्रवेश कर सकते है।दर्जनों व्यापारी डाक्टर वकील भी इस अंचल में बीजेपी में प्रवेश ले सकते है ऐसा सूत्रों ने बताया है।

### संजय बैस ने कुसुमकसावासियों को जनपद निधि से 6.50 लाख रुपए की लागत से विकासकार्यों की दिलाई सौगात

# जनपद सदस्य ने किया सीसी नाली निर्माण का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 16 फरवरी।** जनपद सदस्य संजय बैंस ने अपने जनपद निधि से 6 लाख 50 हज़ार रुपए की लागत से बनने वाली सीसी नाली निर्माण का भूमिपूजन कुसुमकसा में किया गया, इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि सरपंच शिवराम सिंदरामे, नसीम खान, एमडी मानिकपूरी उपस्थित थे।

सर्वप्रथम अतिथिओ द्वारा पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया सरपंच शिव राम सिंदरामे ने बताया की ये जो नाली बन रहा है जिसमे बरसात का पानी पूरे खेतो से आता है जबकि या नाली बजार क्षेत्र हलबा समाज के सामाजिक भवन आंगन बाड़ी केंद्र और बस्तियों से होकर जाता है इस नाली निर्माण के लिए हम बहुत प्रयास किए पर हमारी समस्या को हमारे जनपद सदस्य ने भी पूरा किया मैं पूरे ग्राम पंचायत के तरफ से बैंस का आभार व्यक्त करते है।

मोहल्ले के निवासी एमडी मानिकपुरी ने कहा की इस नाली निर्माण की मांग करते करते हम थक चुके थे नाली निर्माण नही होने से गंदगी का आलम बना रहता था साप और बिच्छू का डर बना रहता था वास्तव में ये बात साबित हो गया संजय है तो संभव है में भी जनपद सदस्य संजय बैंस का भूरी भूरी प्रांशसा करता हु जो इस समस्या को समझ निदान करने के लिए अपने निधि से राशि स्वीकृत किए। आगे अतिथि नसीम खान ने बताया की यहां पर स्कूल आंगन बाड़ी और बजार परिसर है नाली नही होने से पानी इधर उधर बहता रहता है जिससे मच्छर और मख्खिया बीमारियां फैलाती है मोहल्ले वासी परेशान रहते थे पर इस नाली निर्माण से पूरे गांव की बड़ी समस्या का निपटारा हो गया मैं पूरे गांव की तरफ से आभार मानता हु छोटे पद में रहकर बड़ी बड़ी समस्या का निराकरण करने का प्रयास जनपद सदस्य बैंस करते है जनपद सदस्य संजय बैंस ने कहा की की मेरा सौभाग्य है की मैं शासन की योजना और अपने जनपद निधि की राशि को जन मानस की अपेक्षा के अनुरूप कर पाता हु मै इस समस्या को देखकर मन में भी पीड़ा होती थी छोटे छोटे बच्चे यहां पर विद्या अध्यन के अलावा खेलते भी रहते थे मोहल्ले वासी भी मुझे इस नाली निर्माण की मांग भी किए थे इसलिए इस नाली निर्माण के लिए 650000 रुपए की राशि स्वीकृत किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रेमचंद जैन, कीर्तन रावटे, बलराम धेनेद, धन्नू सिन्हा, हरी चुरेंद्र, पुनीत कोठारी, आत्मा राम चुरेंद्र, निशा कोसरिया, नेम सिंग, सचिव लोकेश सिन्हा, सुरेंद्र मंडावी, इंडिया बाई कोठारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।




## कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

Tel:- 07781-252934 Email:- eenar-phe-cg@gov.in

**मैन्युवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

नि.सू.क्रमांक/473/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2024 नारायणपुर, दिनांक 08/02/2024

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से जिला नारायणपुर के विकासखण्ड नारायणपुर एवं ओरछा के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों के संचालन-संधारण हेतु सामग्री प्रदाय के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र 'सी' में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से सामग्री के निर्माता एवं अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 20/02/2024 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | जिला नारायणपुर के विकासखण्ड नारायणपुर एवं ओरछा के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों के संचालन-संधारण हेतु सामग्री क्रय कार्य (शेड्यूल-01 अनुसार) | 5.98 लाख |
| 02 | जिला नारायणपुर के विकासखण्ड नारायणपुर एवं ओरछा के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों के संचालन-संधारण हेतु सामग्री क्रय कार्य (शेड्यूल-02 अनुसार) | 8.90 लाख |

उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 20.02.2024 है। साथ ही निविदा समस्त शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

जी-07833/3



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, भाटापारा
### जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Telephone 07726-221068 Email Address-cmobhatapara@rediffmail.com

क्र./1491/रा.वि./न.पा.प./2024-25 भाटापारा, दिनांक 13/02/2024

**।।वार्षिक द्वितीय मैन्यूवल निविदा सूचना।।**

नगर पालिका परिषद, भाटापारा क्षेत्रांतर्गत शंकर वार्ड क्र. 11 में स्थित सुभाष बाजार काम्पलेक्स के प्रथम तल पर निर्मित बारात घर को संचालन हेतु लीज पर दिया जाना है। इच्छुक व्यक्ति/SHG समूह/एन.जी.ओ. एवं अन्य फर्मों से दिनांक 27.02.2024 को दोपहर 03:00 बजे तक पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित समय तक प्राप्त निविदाओं को दिनांक 28.02.2024 को समय सायं 4:00 बजे उपस्थित जनप्रतिनिधियों/निविदाकारों के समक्ष खोला जाएगा।

| क्र. | कार्य का नाम | शासकीय दर | अमानत राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुभाष बाजार काम्पलेक्स के प्रथम तल पर नवनिर्मित बारात घर को संचालन के लिए लीज पर लेने का कार्य। | 3.00 लाख | 0.60 लाख | 300.00 |

टीपः- 1. नगर भवन संचालन हेतु दर प्रस्तुत करने के लिए इच्छुक व्यक्ति/SHG समूह/एन.जी.ओ./अन्य फर्मों के द्वारा दिनांक 20.02.2024 तक निर्धारित शुल्क 300.00 रू. जमा कर प्रारूप प्राप्त कर सकते हैं।

2. उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य जानकारियां संबंधित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा

## एक नजर

### निशुल्क नेत्र शिविर 18 को

**रायपुर, 16 फरवरी।** पद्मशाली समाज द्वारा विशाल नेत्र शिविर 18 फरवरी सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्थान पद्मशाली समाज भवन, बस स्टैण्ड बिन्नीबाई सोनकर स्कूल के आगे, केसरी बगीचा रोड, भाटागांव में आयोजित किया जाएगा। सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. आनंद सक्सेना एवं उनके अनुभवी सहयोगी नेत्र चिकित्सालय के कर्मचारियों द्वारा निशुल्क सेवा प्रदान की जाएगी। मोतियाबिंद, स्तौन्धी, पर्दे का फटना ग्लूकोमा कम या ज्यादा दूरी से दिखाई न देना आदि की जांच होगी।चलित नेत्र चिकित्सा वाहन में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा तुरंत जांच कर चश्मा प्रदान किया जायेगा। मरीजों की जांच के बाद अरविंदों नेत्रालय पचपेड़ी नाका में आपरेशन तथा लैंस निशुल्क प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी पद्मशाली समाज के अध्यक्ष गोपाल परसावार के द्वारा दी गई है।

### बैटरी एवं बाइक पार

**रायपुर, 16 फरवरी।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने ई-रिक्शा के बैटरी और बाइक पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के विजय नगर खम्हारडीह निवासी प्रार्थी शेषमणी रावत 31 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा का 4 नग बैटरी पार कर दिया। चोरी गए बैटरी की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में बंजारी नगर रावाभाठा निवासी प्रार्थी निर्भय साहू 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचडब्ल्यू 7287 को बंजारी माता मंदिर के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर, 16 फरवरी।** शिव मंदिर के पास गांधीनगर में पुरानी रंजिश के चलते तीनन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कृष्णा कुमार पिंजारा 30 वर्ष शिव मंदिर के पास गांधीनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी आर्यन अपने दो अन्य साथियों के साथ प्रार्थी के पास आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

### सट्टा खेलाते युवक पकड़ाया

**रायपुर, 16 फरवरी।** मोवा पुलिस ने प्रेमनगर में सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से नकदी 4 हजार और एक मोबाइल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्रेमनगर मोवा में दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा खिलाते आरोपी मुस्ताक अहमद 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से नकदी 4 हजार व एक मोबाइल जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 30 गिरफ्तार

**रायपुर, 16 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कंट्री क्लब के पास सरेआम शराब पीते आरोपी विवेकानंद मूर्ति 38 वर्ष व चेलाराम देवांगन 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी कमलेश टेम्बुलकर 41 वर्ष व हीरालाल साहू 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी कमलेंद्र साव 55 वर्ष, पिंटू गुप्ता 31 वर्ष व विवेक साह 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी संतोष गुप्ता 45 वर्ष, जागेश्वर धीवर 33 वर्ष, राजू निषाद 26 वर्ष, आसुतोष सिंह 23 वर्ष, शिव कुमार वैष्णव 45 वर्ष व सोनु कृपलानी 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गंज पुलिस ने आरोपी हरी पटेल 35 वर्ष एवं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी हिमांसु ताण्डी 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी शुभम यादव 25 वर्ष व श्रीकांत शर्मा 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं डीडीनगर पुलिस ने आरोपी सुनील पटले 29 वर्ष एवं गुढियारी पुलिस ने आरोपी कोणाल निषाद 23 वर्ष, मोहन साहू 29 वर्ष, नंद किशोर वर्मा 41 वर्ष, नान्हु साहू 31 वर्ष व नोहर साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी बेनीराम डहरिया 53 वर्ष, गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी भुवन साहू 50 वर्ष, नेवरा पुलिस ने आरोपी पुकेश्वर राव 20 वर्ष, माना पुलिस ने आरोपी समेश हलधर 29 वर्ष, विधानसभा पुलिस ने आरोपी मनेश कुमार साहू 56 वर्ष, अशोक कुमार 50 वर्ष व जितेन्द्र गिरी गोस्वामी 54 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने आरोपी जीवन पारधी 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## निधन

### डॉ. अजीज रफीक



**मुंगेली।** आगर साहित्य समिति के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ अजीज रफीक हमारे बीच नहीं रहे। यह साहित्य जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। आज जुमे नमाज के बाद डोली (अर्थी ) गर्ल्स स्कूल रोड मुस्लिम समाज कब्रिस्तान पहुंची।

# डबल इंजन की सरकार को देख लीजिए, दो महीने हो गए फिर भी वही हाल: भूपेश बघेल



**रायपुर 16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हिमांचल प्रदेश के दौरे देर रात वापस राजधानी रायपुर लौटे. रायपुर एयरपोर्ट पर उन्होंने पत्रकारों से चर्चा किया. इस दौरान भूपेश बघेल ने बताया कि वे अभिषेक सिंघवी के राज्यसभा नामांकन में शामिल हुए थे. पूर्व विधायकों के बीजेपी में शामिल होने पर कहा कि जो जा रहे हैं मैं कामना करता हूं कि उनकी भविष्य उज्जवल हो. साथ ही प्रदेश में लगातार रद्द हो रही ट्रेनों पर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा डबल इंजन की सरकार को देख लीजिए. सरकार आए दो महीने हो गए फिर भी ट्रेन रद्द हो रही है. अभी तो बहुत सारी चीज है देखते रहिए.नियद नेल्लानार योजना को लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री बोल रहे हैं अच्छी बात है. लेकिन यह काम हम पहले शुरू कर चुके थे. जहा कैंप है वहां स्कूल, पीडीएस, सड़के, मार्केट हैं. लगातार इसकी शुरुआत हमने की थी. लोगों का विश्वास हमने जीता, तब तो नक्सली पीछे हटे. पूर्व विधायकों के बीजेपी में शामिल होने पर भूपेश बघेल ने कहा, विधान मिश्रा 6 साल तक कांग्रेस में नहीं था. जो जा रहे हैं मैं यही कहूंगा कि उनका भविष्य उज्जवल हो हमारी शुभकामनाएं हैं.

प्रदेश में लगातार रद्द हो रही ट्रेनों पर पूर्व सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार को देख लीजिए. दो महीना हो गया फिर भी ट्रेन रद्द हो रही है. लेकिन इनके सांसद, मंत्री कोई बोलने वाला नहीं है. उनके डबल इंजन की सरकारों की ये स्थिती है. अभी तो बहुत सारी चीज है देखते रहिए.

# पीएम मोदी 'सुपर हीरो': अमित जोगी



**रायपुर 16 फरवरी।** जेसीसीजे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी का इन दिनों बीजेपी की ओर काफी झुकाव देखने को मिल रहा है। पहले सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात, फिर दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से औपचारिक मुलाकात और अब पीएम नरेंद्र मोदी को सुपर हीरो बताना, कहीं न कही अमित जोगी के इस रिएक्शन को देखते हुए जेसीसीजे के बीजेपी में विलय को लेकर चर्चा जोरों पर है। बहरहाल अमित जोगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुरीद हो गए हैं। उन्होंने पीएम की जमकर तारीफ़ की हैं। अमित जोगी ने कहा हैं कि प्रधानमंत्री की अगुवाई में भारत विश्वगुरु बन चुका हैं। जूनियर जोगी ने पीएम को 'सुपर हीरो' बताया हैं। एक अखबार को दिए साक्षात्कार के मुताबिक़ अमित जोगी ने अयोध्या में राम मंदिर प्रतिष्ठा को बहुसंख्यक साम्प्रदायिकता का नहीं बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक बताते हुए इसे 2024 की जनवरी क्रांति बताया है। साथ ही इसकी तुलना 1942 की अगस्त क्रांति से की है। अमित जोगी ने 5 हजार साल पुरानी भारतीयता सभ्यता के गौतम बुद्ध, सम्राट अशोक, बादशाह अकबर और महात्मा गांधी के बाद पांचवां सुपर हीरो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश में राष्ट्रवाद जिसमें सभी वर्गों, विशेषकर अल्प संख्यक, अति पिछड़ा, दलित और आदिवासी को सभी स्तरों पर मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। इसके आधार पर 'राजनीतिक एक ध्रुवीयता' की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। अमित ने कहा कि भारतीय राजनीति में प्रतिमान विस्थापन सभी पुरानी धारणाओं को झुठलाकर एक नवीन आत्म-पहचान की स्थापना की है। अख़बार के मुताबिक उन्होंने कहा कि उन्हें अत्यंत खेद है कि राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास महाराज के निमंत्रण को वो अपनी मां के स्वास्थ के कारण स्वीकार नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने अपनी शुभकामनाएं भेज दी थीं। उन्होंने लिखा कि उनकी जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में किसी अन्य राजनेता को निमंत्रण नहीं दिया गया था। उस दिन उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुझाव के अनुसार रायपुर के राम मंदिर में पूजा-अर्चना की थी।

# नर्सिंग की खाली सीटों के लिए काउंसिलिंग जल्द

**रायपुर, 16 फरवरी।** शिक्षा सत्र 2023-24 के तहत बीएससी नर्सिंग की खाली सीटों के लिए एक बार फिर काउंसिलिंग होगी। इस बार नर्सिंग प्रवेश 50 परसेंटाइल की अर्हता नहीं होगी। इसे शून्य किया जा रहा है।

इस वजह से पिछले साल प्रवेश परीक्षा देने वाले सभी स्टूडेंट्स इसमें एडमिशन के लिए पात्र होंगे। बीएससी नर्सिंग की करीब तीन हजार सीटें खाली है। इसकी काउंसिलिंग संचालनालय चिकित्सा शिक्षा के माध्यम होगी। इसके लिए जल्द शेड्यूल जारी किए जाएंगे। कुछ दिन पहले इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) की ओर से बीएससी नर्सिंग में एडमिशन की तारीख बढ़ाई गई। इसके अनुसार फरवरी तक एडमिशन होंगे। जानकारी के मुताबिक राज्य में नर्सिंग की पढ़ाई 143 कॉलेजों में हो रही है। इसमें 8 सरकारी और 135 प्राइवेट कॉलेज हैं। इनमें बीएससी नर्सिंग की करीब 7 हजार सीटें हैं। वर्तमान सत्र के अनुसार इस कोर्स में प्रवेश की प्रक्रिया पिछले साल 31 अक्टूबर तक चली। तब प्रवेश के लिए न्यूनतम अर्हता 50 परसेंटाइल थी। व्यापमं की प्रवेश परीक्षा में 45 हजार से अधिक छात्र शामिल हुए थे। हालांकि, 50 परसेंटाइल के अनुसार करीब 27 हजार स्टूडेंट्स एडमिशन के लिए पात्र हुए थे। इसमें से 4 हजार छात्रों ने प्रवेश लिया था। जबकि तीन हजार सीटें खाली है। अब परसेंटाइल की बाध्यता खत्म की गई है। इस संबंध में शासन की ओर से चिकित्सा शिक्षा को पत्र भेजा गया है। यह बाध्यता खत्म होने के बाद एंट्रेंस एग्जाम देने वाले सभी स्टूडेंट्स नर्सिंग में एडमिशन ले सकेंगे।

### प्रदेश के 8 युवा यूथ फेस्टिवल में होंगे शामिल

**रायपुर, 16 फरवरी।** प्रदेश के 8 युवा 01 से 7 मार्च तक रूस के सोची शहर में आयोजित होने वाले वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युवाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा -देश का प्रतिनिधित्व करना गौरवपूर्ण है ,स्वामी विवेकानंद की तरह आप सब युवा ,भारत की महान संस्कृति की झलक पूरी दुनिया को दिखाएं। श्री साय ने युवाओं को ढेर सारा आशीर्वाद भी दिया।

# एसआई भर्ती कैंडिडेट्स ने निकाला कैंडल मार्च

**रायपुर, 16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्ढ्ढ (सब इंपेक्टर) भर्ती परीक्षा के कैंडिडेट्स ने रिजल्ट घोषित करने की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च में प्रदेशभर के 300 से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए। अभ्यर्थियों का रिजल्ट 6 साल से रुका हुआ है। कैंडिडेट्स की मांग है कि वर्तमान में चल रहे विधानसभा सत्र में रिजल्ट पर चर्चा की जाए और सरकार रिजल्ट को लेकर अपना मत स्पष्ट करे। बुधवार की देर शाम स्ढ्ढ भर्ती के अभ्यर्थियों ने कैंडल मार्च की शुरुआत सुभाष स्टेडियम से की थी। हाथों में कैंडल और बैनर लेकर अभ्यर्थियों ने अंबेडकर चौक तक मार्च निकाला। अभ्यर्थियों का कहना है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में भर्ती नोटिफिकेशन जारी हुआ था। अब प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार है तो स्ढ्ढ रिजल्ट जल्द जारी किया जाना चाहिए।

अभ्यर्थियों ने पोस्टर पर लिखा था, 'मानसिक प्रताड़ना की हद, अंतिम रिजल्ट कब तक', 'हम किसी से भीख नहीं मांगते- हमें अपना अधिकार चाहिए', 'अब तो बदल दी हमने सरकार, रिजल्ट जारी करो विष्णुदेव सरकार'ज। अभ्यर्थियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण होते ही हमने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मुलाकात की थी। रिजल्ट जल्द जारी करने को लेकर नेताओं और मंत्रियों ने उन्हें आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है। भूपेश बघेल सरकार ने पांच वर्षों तक उन्हें गुमराह किया और अब भाजपा सरकार भी यही कर रही है। पूरे मामले में सकारात्मक पहल कहीं दिखाई नहीं देता।

**छह साल से रुका है स्ढ्ढ भर्ती का रिजल्टः** बता दें कि छत्तीसगढ़ सब इंस्पेक्टर भर्ती साल 2018 में निकली थी। उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। तब 655 पदों पर भर्ती निकाली थीं। कांग्रेस की सरकार आने के बाद पदों की संख्या 975 कर दी गई थी। आरक्षण मुद्दे और कोविड-19 के कारण भर्ती मे देरी होते-होते 3 साल बीत गए। साल 2021 मे अभ्यर्थियों से फॉर्म लिया गया। 8 सितम्बर 2023 तक भर्ती प्रक्रिया के लिए, प्री-मेंस एग्जाम, फिजिकल टेस्ट और साक्षात्कार पूरे किए गए। अब केवल रिजल्ट घोषित किया जाना शेष है। इस पूरी प्रक्रिया में छह साल से ज्यादा समय निकल गया है।

**ऐसे चली सब इंपेक्टर की भर्ती प्रक्रिया :** बता दें कि छत्तीसगढ़ सब इंस्पेक्टर, सूबेदार और प्लाटून कमांडर के 655 पदों पर भर्ती के लिए अगस्त 2018 में विज्ञापन जारी किया गया था, जिसे भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल के दौरान 2021 में बढ़ाकर कर 975 पद किया गया। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत शारीरिक नापजोक जून-जुलाई 2022 में, प्रारंभिक परीक्षा 29 जनवरी 2023 में, मुख्य परीक्षा 26 मई 2023 से 29 मई 2023 तक, शारीरिक दक्षता परीक्षा 18 जुलाई 2023 से 30 जुलाई 2023 तक आयोजित की गई। साक्षात्कार 17 अगस्त से आठ सितंबर 2023 तक हुआ था। इसे बाद रिजल्ट का इंतजार हो रहा है।

**हाईकोर्ट के आदेश पर रिजल्ट जारी नहीं :** सब इंपेक्टर भर्ती की सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी अब तक रिजल्ट जारी नहीं किया गया है, जिसके चलते अभ्यर्थी परेशान हैं। उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है। असमंजस में फंसे अभ्यर्थियों द्वारा लगातार रिजल्ट जारी करने की मांग की जा रही है। सब इंस्पेक्टर भर्ती के रिजल्ट में हुई देरी के बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसके बाद कोर्ट ने 30 दिन में रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया है। 5 जनवरी 2024 को यह मियाद पूरी हो गई है। सरकार ने कोर्ट के आदेश पर भी रिजल्ट जारी नहीं किया। स्ढ्ढ मामले की अंतिम सुनवाई 19 फरवरी को होगी।

### आईजी से मिले चेंबर पदाधिकारी



**रायपुर 16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 15 फरवरी 2024 को चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने माननीय श्री अमरेश मिश्रा जी, पुलिस महानिरीक्षक रायपुर से सौजन्य मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेंद्र हरचंदानी, मंत्री- नीलेश मुंधड़ा, राजेंद्र खटवानी, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### आईपीओ का प्राइस बैंड तय

**रायपुर 16 फरवरी।** भारत की अग्रणी इंटिग्रेटिड आईटी सॉल्यूशंस कंपनी ऐस्कोनैट् टेक्नोलॉजीस लिमिटेड (कंपनी) ने आज घोषणा की है कि उसका आईपीओ (इनिशियल पब्लिक ऑफर) शुक्रवार, 16 फरवरी 2024 को खुलेगा। ऐंकर निवेशकों का हिस्सा बृहस्पतिवार, 15 फरवरी 2024 को खुला और यह इश्यू मंगलवार, 20 फरवरी 2024 को बंद होगा। कंपनी का इरादा तकरीबन रु.28.22 करोड़ (अपर बैंड पर) प्राप्त करने का है तथा एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध होने का लक्ष्य है। इस इश्यू के लिए प्राइस बैंड रु.80 से रु.84 प्रति शेयर रखा गया है और एक लॉट का साइज़ 1600 इक्विटी शेयरों का होगा।

# छत्तीसगढ़ में पद्मश्री प्राप्त कलाकारों को मिलेगी प्रतिमाह 25 हजार रुपए पेंशन

**रायपुर, 16 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ के पर्यटन, संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को विधानसभा में संस्कृति विभाग से संबंधित अनुदान मांगों पर चर्चा में पद्मश्री प्राप्त कलाकारों को प्रतिमाह 25 हजार रूपए पेंशन दिए जाने की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि 'प्रधानमंत्री अंतर्राष्ट्रीय लोककला महोत्सव' के नाम से राज्य के तीन स्थानों- रायपुर, सिरपुर, चक्रधर महाराज की भूमि रायगढ़ में भव्य महोत्सव का आयोजन करेंगे। इस आयोजन में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कलाकरों को आमंत्रित कर छत्तीसगढ़ की पहचान पूरे देश में एक सांस्कृतिक रूप से बनेगी। उन्होंने कहा कि 'राजिम कुंभ कल्प' मेला को भव्य रूप प्रदान करने बजट में 37 करोड़ रूपए, सिरपुर का सांस्कृति विकास के लिए 1 करोड़ 28 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के रायपुर में व्यतीत जीवन काल को चिरस्मरणीय बनाने उनके निवास स्थान वर्तमान डे-भवन को स्वामी विवेकानंद स्मारक के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए बजट में 4 करोड़ 80 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन परिसर में प्रदेश का राजकीय मानव संग्रहालय की स्थापना के लिए 8 करोड़ 64 लाख रूपए का प्रावधान रखा गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के 28 जिला मुख्यालयों एवं मुख्य पर्यटन स्थलों में गढ़कलेवा का विस्तार कर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खान-पान व्यंजनों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। इसके लिए बजट में 2 करोड़ 12 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश में कलाकार कल्याण कोषण योजना के तहत राज्य के ख्याति प्राप्त किन्तु अर्थाभावग्रस्त साहित्यकारों एवं कलाकारों और उनके परिजनों के लंबी तथा गंभीर बीमारी, दुर्घटना अथवा दैवीय विपत्ती के स्थिति में दी जाने वाली आर्थिक सहायता को 25 हजार रूपए से बढ़ाकर 50 हजार रूपए कर दी गई है, वहीं निधन होने पर 25 हजार की आर्थिक सहायता को बढ़ाकर 1 लाख रूपए किया गया है। कलाकारों के मासिक पेंशन को 2000 रूपए से बढ़ाकर 5000 रूपए प्रतिमाह कर दिया गया है।

गोड़ी भाषा के सरंक्षण एवं संवर्धन के लिए 2 करोड़ 50 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने पर्यटन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि प्रदेशवासियों को श्री रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा करायी जाएगी। इसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में प्रभु श्रीराम की गाथा को प्रदर्शित करते हुए 'प्रधानमंत्री श्री रामलला गाथा केन्द्र' का निर्माण किया जाएगा। अयोध्या धाम में राज्य के श्रद्धालुओं के लिए छत्तीसगढ़ माता कौशल्या धाम भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसी प्रकार तिरूपति, जगन्नाथ पुरी में भी छत्तीसगढ़ धाम बनाया जाएगा।

# राज्य शासन की योजना से 532 लोग हुए लाभान्वित

**रायपुर, 16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार, उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देशन में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का दूसरा चरण प्रगति पर है । आज केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को जानकारी देकर अधिकाधिक संख्या में लाभान्वित करने नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 10 के डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 के अमलीडीह सामुदायिक भवन जोन 10 कार्यालय एवं लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड क्रमांक 56 के एनएमडीसी कालोनी सामुदायिक भवन प्रियदर्षनी नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण का शिविर दिन की पहली एवं दूसरी पाली में लगाया गया। शिविर की व्यवस्था का अवलोकन नगर निगम की वार्ड क्रमांक 56 के पार्षद निगम जोन 10 जोन अध्यक्ष आकाष दीप शर्मा, वार्ड 52 पार्षद श्रीमती संध्या नानू ठाकुर, जोन 10 जोन कमिष्नर श्री दिनेष कोसरिया, कार्यपालन अभियंता दिनेष सिन्हा, आषीष शुक्ला, सहायक अभियंता फत्ते लाल साहू एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। शिविर में राज्य शासन की महतारी वंदन योजना का स्टाल लगाया गया, जिसमें दोनो वार्डो में पात्र 56 महिलाओं का पंजीयन किया गया। महतारी वन्दन योजना के सम्बन्ध में जानकारी 385 महिलाओं ने प्राप्त की। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में 4120 नागरिकों ने केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इसमें विभिन्न योजनाओं में पात्रता अनुसार 532 नागरिक पंजीकृत किये गये।

# बासंती रंग की कविताओं से रंगा बसंत पर्व



**रायपुर 16 फरवरी।** उक्त पंक्तियां बसंत पंचमी के अवसर पर काव्य गोष्ठी में संजीव ठाकुर ने व्यक्त की।

बसंत पंचमी के अवसर पर नामचीन साहित्यकारों, कवियों द्वारा बासंती काव्य गोष्ठी,मातृ-पितृ दिवस का आयोजन विश्वकर्मा मंदिर परिसर हीरापुर में संस्था लव फॉर ह्यूमैनिटी के सहयोग से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर वेंकटेश साहित्य मंच द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ठ काव्य अतिथि चिंतक, लेखक,कवि संजीव ठाकुर थे। विश्वकर्मा मंदिर संस्था के पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि गोविंद शर्मा, सुभाष राठी, शोभा राठी एवं संयोजक मुकेश गुप्ता उपस्थित थे।

काव्य गोष्ठी में कवियत्री बलजीत कौर सब्र ने बसंत के स्वागत में पढ़ा- बसंत तुम हर बरस यूं ही आया करो प्यार के मधुरम एहसास को जगाया करो युवा कवि राहुल ने कविता पढ़ी- इश्क रहते हो इश्क करते हो तुम दूर रहकर भी साथ रहते हो तुम सदा मेरी आंखों में काजल बने रहते हो तुम÷ विशिष्ट काव्य अतिथि कवि,चिंतक, लेखक संजीव ठाकुर ने अपनी रचना पढ़ी- दुनिया से बच के तुझको निहार आया हूं, कर्ज इश्क का यूं ही उतार आया हूं, खून से लबरेज है इश्क का दरिया प्यार की कश्ती से बामुश्किल पार आया हूं।÷डॉ कमल वर्मा ने कहा प्रेम जज्बा है जिंदगी का शब्दों में उतरना संभव नहीं संयोजक मुकेश गुप्ता ने पढ़ा प्रेम हमें हंसना सीखना है प्रेम हमें जीना सिखाता है प्रेम हमें रोना सीखना है प्रेम हमें बिछड़ना सीखता है।

इस अवसर पर गोविंद धनकर, संजय शर्मा, मंजू शर्मा,चंद्राकर जी श्री घूमने,श्री सरकार, प्रतीक कश्यप,मनोज शर्मा, मोहन शर्मा, विजय चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की होलसेल सप्लाई करने वाला मेडिकल एजेंसी संचालक दिल्ली से गिरफ्तार

**रायपुर, 16 फरवरी।** प्रतिबंधित नशीली दवाईयों की बिक्री के मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के बयानों के आधार पर रायपुर पुलिस ने नशीली दवाईयों की सप्लाई करने वाले होलसेल विक्रेता मेडिकल एजेंसी संचालक को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के पास से 600 नग प्रतिबंधित नशीली सिरप कोडिन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना देवेन्द्र नगर में धारा 21सी नारकोटिक एक्ट के तहत पंजीबद्ध प्रकरण में आरोपी मोहम्मद अहमद एवं डोमार उर्फ पिंटू निवासी टिकरापारा रायपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 120 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप कोडिन जप्त किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों से प्रतिबंधित सिरप लाने के सप्लाई चैन के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा नागपुर महाराष्ट्र निवासी कमलेश उपाध्याय से उक्त प्रतिबंधित सिरप को क्रय करना बताया गया था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा नागपुर महाराष्ट्र में आरोपी की पतासाजी कर रेड कार्यवाही कर अंतर्राज्यीय आरोपी कमलेश उपाध्याय को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे 2760 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप कोडिन जप्त किया गया था। वहीं प्रकरण में गिरफ्तार अंतर्राज्यीय आरोपी कमलेश उपाध्याय से सप्लाई चैन के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी कमलेश उपाध्याय द्वारा सिरप को दिल्ली के डीसी चौक, प्रशांत विहार एसडी शॉपिंग मॉल स्थित गणेश फार्मास्टिकल एजेंसी के संचालक संदीप भारद्वाज से क्रय करना बताया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना देवेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम को दिल्ली रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा दिल्ली पहुंचकर आरोपी की पतासाजी करते हुए आरोपी संदीप भारद्वाज के उक्त एजेंसी में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान आरोपी संदीप भारद्वाज को पकड़ने में सफलता मिली। कड़ाई से पूछताछ करने पर संदीप भारद्वाज द्वारा स्वयं को एजेंसी का संचालक होना बताने के साथ ही उसके द्वारा सिरप को कमलेश उपाध्याय के पास अवैध रूप से नागपुर में सप्लाई करना बताया गया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26